दैनिक
# सत्ता सुधार
सागर ■ गुरूवार 05 दिसम्बर 2024 ■ वर्ष-02 ■ अंक-38 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03
जनता के साथ जनता की आवाज



# हिंदुओं ने भरी हुंकार...

## मप्र में लाखों लोगों ने निकाली रैली... बंद रहे बाजार
## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन

भोपाल। मध्यप्रदेश में बुधवार को सकल हिंदू समाज के आह्वान पर बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन हुआ। भोपाल के भारत माता चौराहा पर दोपहर लोग एकत्रित हुए। इसके बाद दो किमी लंबी रैली में एक लाख से अधिक लोगों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि-एक रहेंगे तो ही सेफ रहेंगे। वहीं भोपाल, इंदौर और जबलपुर सहित अन्य शहरों में अधिकांश दुकाने बंद रहीं। इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए आरएसएस, भाजपा, बजरंग दल, विहिप और सभी हिंदू संगठनों ने पूरी ताकत झोंक दी।

## ब्रीफ न्यूज

### तेलंगाना में आया 5.3 तीव्रता का भूकंप

**रायपुर।** तेलंगाना के मुलुगु जिले में बुधवार सुबह करीब 7.30 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप 5.3 तीव्रता का था। इस भूकंप के झटके छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के जिलों में भी महसूस हुए। सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और जगदलपुर तक लोगों ने झटके महसूस किए।

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ एडिलेड में मॉब लिंचिंग

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के दौरान अब भारतीय टीम के अभ्यास सत्र के दौरान फैंस को अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि दूसरे टेस्ट मैच से पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान फैंस ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार किया।

### सुखबीर बादल पर स्वर्ण मंदिर में जानलेवा हमला

**चंडीगढ़।** स्वर्ण मंदिर में सुखबीर सिंह बादल पर हमला किया गया। हमलावर की पहचान नारायण सिंह के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि, हमलावर की आपराधिक हिस्ट्री भी है। पूर्व में नारायण सिंह बब्बर खालसा जैसे चरमपंथी समूह से जुड़ा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। हमले के पीछे पुराना विवाद भी है।

### मिसाइल युक्त पनडुब्बी देश की बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** भारत के नौसेना प्रमुख, ए.दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि परमाणु शक्ति से संचालित बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन भारत के परमाणु त्रैतीयक का तीसरा भाग प्रदान करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगली एसएसबीएन को कुछ महीनों में नौसेना में शामिल किया जाएगा।

### आप विधायक जमानत मिलने के बाद फिर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** आप के विधायक नरेश बाल्यान को जमानत मिलते ही दिल्ली पुलिस ने बुधवार को फिर गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया है। उत्तम नगर विस क्षेत्र से विधायक बाल्यान को राउज एवेन्यू कोर्ट से क्राइम ब्रांच ऑफिस ले जाया गया। बुधवार को ही उन्हें जबरन वसूली मामले में जमानत मिली थी।

### पन्ना: 19.22 कैरेट का हीरा 93.79 लाख में बिका

**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना में बुधवार को तीन दिवसीय हीरा नीलामी का आयोजन किया गया, जिसमें पहले दिन 19.22 कैरेट का एक शानदार हीरा सूरत के हीरा कारोबारी जिग्नेश शाह ने 93 लाख 79 हजार 360 रुपए में खरीदा। इस नीलामी में कारोबारियों का विशेष उत्साह देखने को मिला। पहले दिन 29 हीरे कुल 52.99 कैरेट के बिके।

**मोहन कैबिनेट का फैसला:** मप्र में 11-26 दिसंबर तक मनेगा जन कल्याण पर्व

# सिहंस्थ से पहले तैयार होंगे करोड़ों के फोरलेन

- उज्जैन-इंदौर के बीच एक और फोरलेन हाईवे बनेगा
- पावर प्लांट के लिए जमीन के विस्तार पर लगी मुहर
- आबकारी नीति के लिए कमेटी, रोड निर्माण को मंजूरी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट की बैठक में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के विनिर्माण के लिए औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई के क्षेत्रफल विस्तार को मंजूरी दी गई। अब 442.04 एकड़ भूमि को इस क्षेत्र में शामिल किया गया है, जिससे औद्योगिक पार्क का कुल क्षेत्रफल 884 एकड़ हो गया है। इससे ऊर्जा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। इसके अलावा, आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए इंदौर-उज्जैन में 2312 करोड़ रुपये से अधिक के सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें उज्जैन सिंहस्थ बायपास के 19.815 किमी लंबे 4-लेन सड़क का निर्माण, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड मार्ग के 48.05 किमी के 4-लेन सड़क और उज्जैन जिले के इंगोरिया-देपालपुर 32.60 किमी 2-लेन सड़क के निर्माण कार्य शामिल हैं।



### अहम फैसले

**जन कल्याण दिवस:** 11 से 26 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में जन कल्याण दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**रोजगार वर्ष:** साल 2025 को रोजगार और उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। विभागों को क्षेत्रीय निवेश आकर्षित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**समिट:** 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में रीजनल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा।

**गीता जयंती:** 8 से 11 दिसंबर तक उज्जैन में और 11 दिसंबर को भोपाल और अन्य जिलों में गीता जयंती पर भव्य समारोह होंगे।

**तानसेन समारोह:** 15 से 19 दिसंबर तक ग्वालियर में वार्षिक तानसेन समारोह होगा।

**थर्मल पॉवर प्लांट:** केंद्र ने 41,000 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयले की स्वीकृति दी है। 25,000 करोड़ का निवेश होगा, हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

**नदी जोड़ो अभियान:** मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी जोड़ने के लिए 75,000 करोड़ रुपए का एमओयू साइन हुआ है।

### कुल बजट 2312 करोड़

उक्त परियोजनाओं का कुल बजट 2312 करोड़ है, और यह सभी सड़कें मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के माध्यम से विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही, कैबिनेट ने वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण और आवश्यक नीतिगत निर्णयों के लिए एक मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया। इस समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री उदय प्रताप सिंह, निर्मला भूरिया के साथ ही इस बार मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को भी शामिल किया गया।

### समर्थन पर प्रभारी मंत्री भी रखें नजर

सीएम ने बैठक के पहले मंत्रियों से कहा कि अपने-अपने प्रभार के जिलों सोयाबीन और धान खरीदी के लिए बनाए गए उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें। जहां किसानों को यदि कोई समस्या आ रही है, तो संबंधित विभाग के संज्ञान में लाएं। 25 अक्टूबर से सोयाबीन की खरीद हो रही है।

# देवा आला रे! महाराष्ट्र में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे फडणवीस

- चुने गए विधायक दल के नेता, सरकार बनाने का दावा किया पेश
- बोले देवेंद्र-सीएम और डिप्टी सीएम का पद तकनीकी
- अजित बोले-एकनाथ का पता नहीं पर मैं तो शपथ लूंगा



एजेंसी ■ मुंबई

देवेंद्र फडणवीस के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को सीएम पद की शपथ लेने वाले हैं। इसके साथ ही एकनाथ शिंदे और अजित पवार डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगे। बुधवार को महायुति के तीनों नेता देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार एक ही कार से राजभवन पहुंचे। तीनों नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। महाराष्ट्र के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे भाजपा नेता फडणवीस ने नई सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

**शिंदे ने कहा-दादा को सुबह-शाम शपथ लेने का अनुभव, महाराष्ट्र सीएम का शपथ ग्रहण समारोह आज शाम 5:30 बजे होगा**

### सीएम का शपथ समारोह

फडणवीस ने कहा कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को शाम 5.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों द्वारा जब उनसे पूछा गया कि क्या वह और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे तो शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा कि इंतजार करें। इसी बीच अजित पवार ने कहा कि मैं तो शपथ लूंगा, मैं इंतजार नहीं करूंगा। वहीं, पवार को जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि दादा (अजित पवार) को सुबह और शाम दोनों समय शपथ लेने का अनुभव है। इस दौरान खूब हंसी के ठहाके लगे।

**हिमंता सरकार का फैसला**

# असम में गौमांस पर बैन

### होटल-रेस्टोरेंट, सार्वजनिक स्थानों पर भी लगी पाबंदी

एजेंसी ■ नई दिल्ली



असम की हिमंता बिस्वा सरमा सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने पूरे राज्य में गौमांस पर बैन लगा दिया है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम के होटलों, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस की खरीद और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं मंत्री पीयूष हजारिका ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा- मैं कांग्रेस को चैलेंज करता हूं कि वह असम सरकार के बीफ बैन के फैसले का स्वागत करे या फिर पाकिस्तान में जाकर सेटल हो जाए। गौरतलब है कि असम से कांग्रेस के सांसद रकीबुल हुसैन ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि पार्टी ने नगांव जिले के सामगुरी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम वोटरों को रिझाने के लिए बीफ पार्टी का आयोजन किया था।

### फिर फेरबदल: उपेंद्र जैन ईओडब्ल्यू के नए डीजी, अजय शर्मा पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमैन

**भोपाल।** मप्र सरकार ने फिर प्रशासनिक फेरबदल किया है। गृह विभाग ने बुधवार को नई पदस्थापना के आदेश भी जारी कर दिए हैं। जारी आदेश में 1989 बैच के आईपीएस और वर्तमान में डीजी ईओडब्ल्यू अजय कुमार शर्मा को एमपी पुलिस आवास और अधोसंरचना विकास निगम का अध्यक्ष बनाया है। सरकार ने इसी तरह 1991 बैच के आईपीएस एमपी पुलिस आवास और अधोसंरचना विकास निगम के प्रबंध संचालक उपेंद्र कुमार जैन को डीजी ईओडब्ल्यू के पद पर पदस्थ किया है।



# गाजीपुर बॉर्डर पर जाम में फंसी जनता, कांग्रेसियों ने जड़े थप्पड़

**राहुल-प्रियंका संभल नहीं जा सके, गाजीपुर बॉर्डर से बैरंग लौटे**

- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर चार घंटे जाम लोग हुए परेशान
- लोगों का फूटा गुस्सा, विरोध पर कार्यकर्ताओं ने की मारपीट
- गुस्साए लोगों ने राहुल प्रियंका गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए



सत्ता सुधार ■ संभल/ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बुधवार को उत्तर प्रदेश के संभल नहीं जा सके। यहां उन्हें हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन से मिलना था। यूपी पुलिस ने उनके काफिले को गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया। यूपी बॉर्डर पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के काफिले को रोकने के लिए सुबह से ही ट्रैफिक को रोक दिया गया था। प्रशासन की सख्ती के चलते कई लोगों को काफी परेशानी हुई। लोग अपने गंतव्य नहीं पहुंच सके। घंटों जाम में फंसे रहने की वजह से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने कांग्रेस नेताओं पर ही अपनी भड़ास निकालनी शुरू कर दी। गुस्से में लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ही भिड़ गए। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को लोगों पर थप्पड़ भी जड़ दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ मारपीट की। इस पर गुस्साए लोगों ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

**चिंता** — गृह मंत्रालय ने संसद में पेश किए आंकड़े, टास्क फोर्स ने दिए कई अहम सुझाव

# पांच साल में 730 जवानों ने की आत्महत्या, 55,000 ने छोड़ी नौकरी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं। बीते कुछ समय में ये आंकड़ा तेजी से बढ़ा है। गृह मंत्रालय ने राज्य सभा में यह जानकारी दी है।

बीते पांच सालों में 730 जवानों ने आत्महत्या की है। लंबी ड्यूटी, सोने के लिए पर्याप्त समय न मिल पाना और परिवार के साथ कम से कम समय बिता पाना इसकी मुख्य वजह मानी गई है। इस कारण कई जवान अपनी नौकरी से त्याग पत्र भी दे रहे हैं या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले रहे हैं। गृह मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच



सालों में करीब 55,000 जवानों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या त्यागपत्र दिया है। वहीं आत्महत्या के पीछे मुख्य वजह निजी परेशानियां मानी गई हैं। टास्क फोर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जवानों में आत्महत्या की मुख्य वजह पति या पत्नी की मौत, परिवार के किसी सदस्य की मौत, वैवाहिक विवाद या तलाक, आर्थिक दिक्कतें, बच्चों के लिए शिक्षा के पर्याप्त अवसर न होना है। इधर, टास्क फोर्स से जवानों की आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। इसके लिए कुछ सुझाव भी दिए गए हैं, जिसमें अधिकारियों द्वारा जवानों से लगातार बातचीत, नौकरी के घंटों को रेगुलेट कर उचित रेस्ट देना, रहन-सहन के स्तर को बेहतर बनाना शामिल है। यह भी देखा गया है कि महिला जवानों में पुरुष जवानों के मुकाबले आत्महत्या के मामले कम हैं।

### सरकार दे रही 100 दिन का अवकाश

गृह मंत्रालय ने बताया कि इसे कम करने के लिए एक साल में 100 दिन के अवकाश की व्यवस्था की गई है, जिससे जवानों को अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिले। अब तक 42,797 ने सुविधा का लाभ भी लिया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्य सभा में बताया कि केवल इसी साल अक्टूबर तक 6302 जवानों ने अपने परिवार के साथ 100 दिन बिताए हैं। 2023 में यह आंकड़ा 8,636 और 2021 में 7,864 था।

# 104 साल के बुजुर्ग को 36 साल बाद मिली 'सुप्रीम' जमानत

**भाई को उतारा था मौत के घाट, 1988 से जेल में था**

**मालदा।** प.बंगाल में 104 साल के बुजुर्ग 36 साल जेल की सजा काटने के बाद रिहा हुए हैं। 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद रसिक चंद्र मंडल मंगलवार को मालदा करेक्शनल होम से बाहर आए। उन्हें 1988 में भाई की हत्या के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 1994 में ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषी करार करते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। मंडल ने अपने जीवन के आखिरी दिन परिवार के साथ बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जेल से बाहर निकलकर उन्होंने कहा कि वह जिंदगी के बचे हुए दिन बागवानी और पौधों का ध्यान रखने में बिताएंगे। 1988 से जेल में थे रसिक चंद्र मंडल मालदा के रहने वाले रसिक चंद्र मंडल ने जमीनी विवाद के चलते भाई की हत्या की थी।

## ब्रीफ न्यूज

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए तैयार है नर्मदापुरम्

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में संतुलित और सामान विकास के संकल्प को सकार करने के लिये पूरे प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में होगी। नर्मदापुम् राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय उद्योगपतियों के स्वागत के लिए तैयार है। इसके माध्यम से स्थानीय निवेशकों और उद्योगपतियों को भी प्रदेश की औद्योगिक रणनीतियों से जोड़ा जाएगा। सीएम ने कहा कि नर्मदापुरम में आयोजित होने वाले इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में नर्मदापुरम और औद्योगिक विकास और निवेश संभावनाओं के लिहाज से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसमें उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों, विकासात्मक योजनाओं और विभिन्न उद्योगों की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। क्षेत्रीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में क्षेत्रीय उद्योगों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। व्यापार संवर्धन केंद्र भी खुले रहेंगे, जहां निवेशक मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को देख सकेंगे और संभावनाओं पर चर्चा कर सकेंगे। यह सम्मेलन न केवल राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक अहम कदम साबित होगा।

### हफ्ते में एक दिन डीजीपी करेंगे जनसुनवाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नए डीजीपी कैलाश मकवाना शपथ लेने के बाद एक्शन मोड में है। वे हफ्ते में एक दिन जनसुनवाई करेंगे। लोगों की प्रतिक्रिया और समस्या हल करने के लिए नवनियुक्ति डीजीपी कैलाश ने यह फैसला लिया है। भोपाल के पुराने मुख्यालय में यह जनसुनवाई होगी। मकवाना ने डीजीपी का पद संभालने के बाद उन्होंने कहा था कि पुलिस, अनुशासन और कानून का पालन प्राथमिकता है। साइबर अपराध चुनौती, जनता को जागरूक करना और पुलिस को इसके लिए तैयार करना प्राथमिकता है। पुलिस को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करना, जनता की सुनवाई हो, शिकायतों पर पुलिस स्टेशन में त्वरित कार्रवाई हो।

### परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में शामिल हुए मप्र के छात्र

**भोपाल।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय शैक्षिक सर्वेक्षण, परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2024 का बुधवार को चयनित शालाओं में एक साथ किया गया। यह सर्वेक्षण प्रदेश की लगभग 5742 चयनित शालाओं में किया गया। इस सर्वेक्षण में कक्षा 3, 6 एवं 9 के करीब एक लाख 45 हजार विद्यार्थियों ने हिंदी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। परख का अर्थ है प्रदर्शन, मूल्यांकन, समीक्षा और समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण। यह एक राष्ट्रव्यापी स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण है, जिसमें सेंपल सर्वेक्षण के आधार पर देश के स्कूल शिक्षा का आंकलन किया जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में नेशनल कॉउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग द्वारा परख सर्वेक्षण आयोजित किया जाता है।

राज्य स्तरीय दिव्यांगजन कल्याण कार्यक्रम में मंत्री कुशवाह ने कहा-

# दिव्यांगता सफलता में बाधक नहीं, जरूरत है परिश्रम के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की

### प्रदेश सरकार का संकल्प दिव्यांगता को दिव्यता में बदलना है

सत्ता सुधार ■ भोपाल

समावेशी और उज्ज्वल भविष्य के लिए दिव्यांगों के नेतृत्व को बढ़ावा देना के लिए मध्यप्रदेश सरकार का प्रयास दिव्यांगता को दिव्यता के रूप में परिवर्तित करने का है। इसके लिए राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रही है और दिव्यांगों के कल्याण के लिए उनको साधन के साथ अवसर भी मुहैया कराया जा रहा है। यह बात सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने राज्य स्तरीय दिव्यांगजन कल्याण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि पीएम मोदी ने देश में दिव्यांगजनों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का जो लक्ष्य तय किया है, उसके लिए मध्यप्रदेश में बाधा रहित वातावरण निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक समाज में वर्ग की भागीदारी उसमें होना चाहिए। उन्होंने दिवयांगजन के लिए सेवा और परमार्थ कार्य में लगी संस्थाओं को बधाई दी।





उन्होंने दिव्यांगजनों से आहवान किया कि दिव्यांगता सफलता में बाधक नहीं है। जरूरत है दिव्यांगता को भी अवसर मानते हुए कड़े परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने की। मंत्री कुशवाह ने कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की और मूकबधिर बच्चों के बैंड में भाग लेने वाले सभी बच्चों को अपनी स्वेच्छानुदान निधि से हर बच्चे को 2500 रुपए देने की घोषणा भी की।

मंत्री कुशवाह ने पैराओलम्पिक खेलों में जूड़ो में ब्रॉस मेडल जीतने वाले कपिल परिहार, निशानेबाज रूबीना फ्रांसिस और प्रदेश के पद्मश्री से सम्मानित सतेन्द्र सिंह लोहिया को एक-एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। भोपाल के दिव्यांगजन को लेपटॉप, श्रबणयंत्र, ब्लाइंड स्टीक, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के हितग्राहियों को दो-दो लाख रुपए के चेक भी दिए।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली पाक्षे वायंगयकर ने कहा कि समावेशी और उज्जवल भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देने का आशय, 2047 के भारत में इस वर्ग की भागीदारी नेतृत्वशीलता के रूप में विकसित करना है। यह तभी संभव है जब इस वर्ग के आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक, राजनैतिक विकास के साथ इसका नेतृत्व विकसित किया जाए। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण डॉ. आरआर भौसले ने कहा कि दिव्यांगजन की समग्र भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। समाज में इस वर्ग के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण हो इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसके बेहतर परिणाम भी मिले हैं।

कार्यक्रम में लाइव रियल टाइम इंटरप्रिटेशन सर्विस एमओयू तथा आरूषि संस्था द्वारा संचालित हेल्प लाइन नबंर का अपग्रेशन की फिर से लॉचिंग की गई। समावेसी भारत अभियान क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार तथा भोपाल के दिव्यांगजन को ट्राइसाइकल और वैशाखी भी वितरित की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशा निकेतन विद्यालय, माधुरी आयाम विद्यालय, नेशनल एसोसिएेशन, ब्लाइंड दृष्टिहीन कल्याण संघ भोपाल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर वहां मौजूद लोगों का मनमोह लिया।

# क्रांतिसूर्य टंट्या मामा भील समाज के ही नहीं, भारत के जनजातीय गौरव पुरुष थे

- ■ मुख्यमंत्री जन नायक के बलिदान दिवस समारोह में वर्चुअली हुए शामिल
- ■ जननायक टंट्या गरीबी अवस्था में भी अंग्रजों के खिलाफ लड़े
- ■ तत्कालीन सत्ताधीशों ने जनजातीय जननायकों को सम्मान नहीं दिया

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्रांतिसूर्य टंट्या मामा भील समाज के ही नहीं, भारत के जनजातीय गौरव पुरूष थे। टंट्या मामा को मैं शत-शत प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने जीवन भर अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर शोषितों की आवाज बनकर स्वतंत्रता की अलख जगाई। उनकी पुण्य-तिथि के अवसर पर टंट्या भील विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बलिदान दिवस पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आजादी के बाद कई दशकों तक देश के तत्कालीन सत्ताधीशों ने जनजातीय जननायकों को यथोचित मान-सम्मान नहीं दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को मंत्रालय से टंट्या मामा की पुण्यतिथि के अवसर पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं, जिनके आने के बाद स्थिति बदली है और उनके नेतृत्व में हमने फिर चाहे टंट्या मामा हो या भगवान बिरसा मुंडा जैसे जननायकों के कामों को आज के युवा के मानस पटल पर पुनर्जीवित किया है। पीएम मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि खरगोन में भील विश्वविद्यालय का नाम टंट्या मामा के नाम पर रखना भी उनके प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तांतिया भील का टंट्या नाम अंग्रेजों द्वारा दिया गया था, जिसे बाद में लोगों द्वारा प्यार से टंट्या मामा कहकर पुकारने लगे। टंट्या गुरिल्ला युद्ध कौशल में माहिर थे कि सशक्त शक्तिशाली, सब प्रकार से सम्पन्न अंग्रेजी हुकुमत की नाक में उन्होंने दम किया हुआ था। वे अपने समाज में रॉबिन हुड के नाम से जाने जाते थे। वे अंग्रेजों से धन लूटकर गरीबों में बांटा करते थे। उनकी सोच थी कि हिन्दुस्तान का पैसा हिन्दुस्तान के लोगों के काम आए, न कि उसे अंग्रेज लूट कर ले जाएं। डॉ. यादव ने कहा कि हमने जनजातीय समाज के जननायकों की गौरव गाथा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य टंट्या मामा के जन्म स्थल क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में उच्चतम शिक्षा प्रदान करना था। इस विश्वविद्यालय से 5 जिले खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी और अलीराजपुर के 80 महाविद्यालय संबद्ध हैं। विश्वविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीएससी, एमएससी, एमए, एमकॉम, विधि आदि महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम संचालित हैं। साथ ही बीएससी कृषि जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी संचालित हो रहे हैं, इनमें लगभग 350 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।



**नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रम होंगे शुरू :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां पैरामेडिकल और नर्सिंग पाठ्यक्रमों को भी शुरू किया जाएगा। विश्वविद्यालय को शुरू हुए एक वर्ष भी पूर्ण नहीं हुआ है। दिनांक 9 फरवरी 2024 को स्वीकृति के बाद सिर्फ शिक्षा ही नहीं रोजगार के अवसर भी इस विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ सामने आए। इसमें 140 शैक्षणिक, 14 प्रशासकीय और 81 गैर शैक्षकीय इस प्रकार कुल 235 पद स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे महापुरुषों के बारे में भविष्य में पीढ़ियां उनको पढ़े।

### अपने नाम के अनुरूप काम करती है संबल योजना

मुख्यमंत्री ने कहा है कि संबल योजना आपात स्थिति में श्रमिकों के लिए अपने नाम के अनुरूप संबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मुश्किल और दुख की घड़ी में सरकार श्रमिकों के साथ है। उन्होंने कहा कि पीड़ित हितग्राही के परिजनों के लिए यह राशि राज्य शासन की ओर से संवेदनाओं के रूप में है। कठिनाई के समय में यह राशि श्रमिकों को अवश्य ही सहारा देगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना (संबल) के अंतर्गत 10 हजार 236 हितग्राही श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में 225 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल की सराहना करते हुए कहा कि पटेल ने संवेदनशीलता के साथ काम किया है। उन्होंने यह प्रयास किया है कि समाज के अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में एक करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिक भाई-बहन अपना पंजीयन करा चुके हैं। इनमें से संबल 2.0 योजना में 32 लाख से अधिक श्रमिक पंजीकृत हो चुके है। उन्होंने कहा कि यह एक अनूठी योजना है, जिसमें करोड़ों जरूरतमंद परिवार को बच्चे के जन्म से लेकर पूरे जीवनकाल तक मदद की जाती है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान संबल योजना के कुछ जिलों के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया।

# मध्यप्रदेश पर्यटन को मिला 'सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन राज्य' का सम्मान



### एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन में टूरिज्म बोर्ड ने की सहभागिता

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने के लिये मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रयासों को निरंतर सफलता हासिल हो रही है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड को सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन राज्य (बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म स्टेट) के रूप में सम्मानित किया गया। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू ने टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. एसके श्रीवास्तव को यह सम्मान सौंपा। सर्वश्रेष्ठ साहसिक राज्य पुरस्कार उन राज्यों को दिया जाता है, जिन्होंने बुनियादी ढांचे, विविध गतिविधियों एवं नवाचारों के माध्यम से साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने में उत्कृष्टता हासिल की हो।

प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति विभाग एवं प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने पुरस्कार पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी के मार्गदर्शन में प्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने हेतु विभिन्न स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। यह पुरस्कार न केवल हमारे प्रदेश की अद्वितीय प्राकृतिक संपदा और विविध पर्यटन अनुभवों की पहचान है, बल्कि राज्य सरकार के सतत प्रयासों और साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों का भी परिणाम है। उन्होंने कहा कि सतपुड़ा, पचमढ़ी, अमरकंटक और नर्मदा घाटी जैसे स्थानों ने साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य में स्काई डाइविंग, ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, और जंगल सफारी जैसी गतिविधियों के संचालन ने युवाओं और साहसिक पर्यटकों को आकर्षित किया है।

## मुख्यमंत्री को व्यापार मेले में मिला स्वर्ण पदक भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को केबिनेट बैठक में एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने विगत दिनों नई दिल्ली में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 में भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य मण्डप को सब्जेक्टिव केटेगरी में प्राप्त स्वर्ण पदक और प्रशस्ति-पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने मंत्री काश्यप और उनकी पूरी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# वन स्टॉप सेंटर और ऊर्जा डेस्क के बीच समन्वित प्रयासों की जरूरत : मंत्री भूरिया

**महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले में समाधान के लिए लोक अधिकार केंद्र**

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में विभिन्न विषयों पर आधारित जनजागरूकता कार्यक्रम हो रहे है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामले में समाधान के लिए लोक अधिकार केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और ऊर्जा ड्रेस के मध्य समन्वय कार्य विषय पर केन्द्रित रहा। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए लोक अधिकार केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क के बीच समन्वय अत्यन्त महत्वपूर्ण है। समन्वित प्रयासों से इन मामलों में अधिक त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे महिलाओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और हिंसा से पीड़ित महिलाओं को तुरंत सहायता मिल सकेगी, जिससे उनकी सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। लोक अधिकार केंद्रों की कार्यप्रणाली में बदलाव के तहत, एकल केंद्रों को बढ़ाया जाना, जो महिलाओं को हिंसा के मामलों में अस्थायी आश्रय, कानूनी सहायता, चिकित्सा सेवाएं और परामर्श जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं। साथ ही, ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क के सहयोग से महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में तेज़ और संगठित प्रतिक्रिया प्रदान की जाएगी।



लोक अधिकार केंद्र से भेजे गए मामलों को महिला एवं बाल विकास विभाग के एमआईएस सिस्टम में जोड़ा जा सकता है, जिससे मामलों का पंजीकरण और ट्रैकिंग आसान हो सकेगा। वन स्टॉप सेंटर तक पहुंच बढ़ाने के लिए ग्रामीण महिलाओं को परिवहन सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि समन्वित प्रयासों से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में अधिक प्रभावी और त्वरित समाधान की उम्मीद है। इस पहल से महिला सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और हिंसा से पीड़ित महिलाओं को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। लोक अधिकार केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और ऊर्जा डेस्क के बीच सहयोग महिलाओं की सुरक्षा और स्वशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**शुभारंभ** वाल्मी में युक्तधारा पोर्टल के दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

# टेक्नोलॉजी ग्रामीण विकास में सहायक होगी: मंत्री पटेल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा विकसित युक्तधारा पोर्टल ग्रामीण विकास के कार्यों को पूरा करने में मदद करेगा और कृषि विकास में बड़ी भूमिका निभाएगा। मंत्री पटेल ने बुधवार को मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान में मनरेगा अन्तर्गत युक्तधारा पोर्टल के दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण का शुभारंभ कर संबोधित किया।

मंत्री पटेल ने कहा कि युक्तधारा सेटेलाइट इमेजिंग तकनीक पर आधारित है। इस तकनीक का व्यापक उपयोग है। यह तकनीक सरकारी भूमियों की उपलब्धता का आंकलन करने, कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा करने, कार्यो की पुनरावृत्ति का पता करने और शोध संबंधी गतिविधियों के लिए उपयोग में लाई जा सकती है। तकनीक की मदद से हम शासकीय भूमियों को चिह्नांकित कर उनके बेहतर उपयोग के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। इस तकनीक की मदद से हम बंजर भूमियों का भी चिन्हांकन कर सकते है और पर्यावरण-संरक्षण के लिए बंजर भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाने, सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने सहित अन्य कोई बेहतर उपयोग भी कर सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से हम समस्याओं का निराकरण बेहतर तरीके से कर सकते हैं। सभी प्रतिभागी पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें और शंका समाधान के लिए एक्सपर्ट्स से अधिक से अधिक प्रश्न पूछें। युक्तधारा आधारित योजनाएं निचले स्तर के पदाधिकारी द्वारा तैयार की जाएंगी और इससे जुड़े संसाधन आवंटन के लिए इसे उपयुक्त अधिकारियों और कार्यालयों की ओर से सत्यापित किया जाएगा। इसके माध्यम से योजना की क्वालिटी तय की जा सकेगी और पहले से तैयार संपत्तियों की निगरानी संभव हो सकेगी। पोर्टल जीआईएस उपकरणों का उपयोग करके नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को सक्षम करने के लिए विभिन्न प्रकार की स्थानिक सूचना सामग्री को एकीकृत करता है।



### युक्तधारा एक भू-स्थानिक नियोजन पोर्टल

युक्तधारा एक भू-स्थानिक नियोजन पोर्टल है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में मनरेगा गतिविधियों की ग्राम पंचायत स्तर की योजना बनाना है। यह पोर्टल अलग-अलग प्रकार की थीमेटिक परतों, मल्टी-टेम्पोरल हाई रेजोल्यशन अर्थ ऑब्जर्वेशन डेटा को एनालिटिकल उपकरणों के साथ एकत्रित करता है। इसके माध्यम से योजना बनाने वाले लोगों के द्वारा अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत पिछली संपत्तियों का विश्लेषण किया जाएगा और वे ऑनलाइन उपकरणों के माध्यम से नए कार्यों की पहचान करने में सक्षम होंगे। राज्य के विभागों के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों द्वारा तैयार की गई योजनाओं का सही मूल्यांकन भी किया जाएगा।

# प्रदेश में शुरू हुआ भाषाएं अनेक भाव एक थीम पर उत्सव

सत्ता सुधार ■ भोपाल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विभिन्न उद्देश्यों को शामिल किया गया है, जिससे युवाओं और बच्चों में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूती मिल सके। इन्हें उद्देश्यों में एक महत्वपूर्ण उद्देश्य बहुभाषा के महत्व को समझना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 11 दिसम्बर 2024 को श्रद्धेय महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती को मनाया जाएगा। इस संबंध में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी प्रांतों को निर्देश जारी किए हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश की सभी शालाओं में महाकवि सुब्रमण्यम भारती जयंती मनाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश की शालाओं में जयंती समारोह की श्रंखला 4 दिसम्बर से शुरू हो गई हैं। समारोह के दौरान भारतीय भाषा उत्सव की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को कहा गया है कि इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी हो, यह तय किया जाए। निर्देशों में कहा गया है कि प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के इस तरह से आयोजन किए जाएं कि बच्चे भारतीय भाषा और साहित्य के महत्व को समझ सकें। निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक भाषा का अपना महत्व है। सभी भाषाओं की समृद्धि से भारतीय संस्कृति की विविधता और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है। प्रदेश में कई अंचलों में लोक भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें मालवी, निमाड़ी, बघेली और बुन्देली प्रमुख हैं। इसके अलावा प्रदेश में जनजातीय भाषा के रूप में भीली, गोंडी, बारेली और सहरिया प्रमुख हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### मंत्री विजयवर्गीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे

**सागर।** म.प्र.शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में 5 दिसम्बर गुरूवार को प्रातः 10.30 बजे से मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में शासन की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओ के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम के सभी पार्षदों,जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### मूलभूत सुविधाओं को लेकर सीएमओ ने दो वार्डों का निरीक्षण किया

**खुरई/सागर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने अधिकारियों के साथ वार्डो का निरीक्षण किया। उन्होंने गुरुनानक देव वार्ड की सफाई , बिजली व्यवस्था,सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को दिए गए। वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद मनोज राय द्वारा बताए गए निर्माण कार्यों जैसे नाली, नाले, पुलिया आदि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए शीघ्रता से निराकरण करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया। श्यामप्रसाद मुखर्जी वार्ड में विगत दिनों एक व्यक्ति का आकस्मिक निधन हो गया था। संबल योजना अंतर्गत आश्रित या परिवार को मिलने वाली अंत्योष्टि सहयता राशि का भुगतान किया गया।

### वायरिंग में शार्ट सर्किट से गेंहू से भरे ट्रक में लगी आग, कोई जनहानि नही

**शाहगढ़/सागर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे सागर मार्ग पर, शाहगढ़ से 3 किलोमीटर पठानवली घाटी पर एक गेंहू की बोरियों से भरे चलते ट्रक में आग लग गई, ट्रक गेंहू की बोरिया टीकमगढ़ से पीथमपुर जा रहा था जिसमे अचानक चलते ट्रक में वायरिंग से ट्रक के केविन में आग लग गई।आग लगते ही ड्राइवर ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग विकराल होने के कारण बुझ नहीं पाई उसके बाद ड्राइवर ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने नगर परिषद शाहगढ़ की फायर ब्रिगेड को सूचना देकर घटना स्थल पर बुलाया तत्काल फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर आग को काबू किया घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है।

### गोवर्धन पर्वत सहित भगवान श्री कृष्ण की सभी बाल लीलाओं का वर्णन विस्तार से किया

# भगवान के नाम के अलावा सब कुछ झूठ हैः पंडित विपिन बिहारी दास



सत्ता सुधार ■ देवरी/सागर

देवरी के ग्राम अनंतपुरा में खेर माता परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवे दिवस की कथा में पंडित विपिन बिहारी दास जी ने बताया भगवान के नाम के अलावा सब कुछ झूठ है।उन्होंने बताया कि अपना मन अपने बस में नहीं रहता जैसे बैल किसी के बस में नहीं रहता अगर बैल को नाथ डाल दी जाए तो वह बस में हो जाता है फिर उसे जैसा चलाओ वैसा चलता है इसी तरह मनुष्य का मन है जो बस में नहीं रहता लेकिन इसको अगर भगवान के नाम की नाथ डाल दी जाए तो वह बस में होजाता है और अगर बैल को बस में करना है तो रस्सी की नाथ डाल दो और अगर मनुष्य के मन को बस में करना है, तो दीनानाथ डाल दो तो मनुष्य का मन बस में हो जाता है। नाम जप करते रहो और भगवान का नाम लेते रहो अगर तुम्हारा समय खराब चल रहा है तो उससे जुड़ जाना जिसका समय अच्छा चल रहा हो ,पंडित विपिन बिहारी ने बताया कि जो 18 पुराण को नहीं सुन पाए और वह भागवत के 18 श्लोको को सुन ले को सुन ले तो उसे उसे 18 पुराणों का फल मिल जाता है। जो व्यक्तिगीता के 18 अध्याय कापाठ न कर पाएवह 18 इस लोगों कापाठ कर ले तो उसके घर में कभी समस्या नहीं आएगी औरउसे व्यक्ति कोगीता का फल प्राप्त हो जाता है आजकल एक बात और ज्यादा चल रही है कि लोग बताते हैं कीआपके घर में पितृ दोष है तो मैं आप को बता दूं कि आप बिल्कुल मत घबराना पितृ दोष तो हो सकता है लेकिन पितृ रोष कभी नहीं हो सकता अपने पिता बच्चों से कभी रोष नहीं हो सकते जब अपने माता-पिता ने अपने जीते जी अपना कभी खराब नहीं किया तो क्या वह मरने के बाद अपने बच्चों का खराब करेंगे।इस दौरान उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन विस्तार से सुनाया जिसमें पूतना वध,कलिया दाह,और माखन चोरी जैसी,गोवर्धन पर्वत सहित भगवान श्री कृष्ण की सभी बाल लीलाओं का वर्णन विस्तार से किया। कथा के मुख्य यजमान मुलाम साहू श्रीमती सरोजरानी नत्थू पंडा एबं आयोजक श्रीमती आशा लखन साहू पूर्व सरपंच, बाबूलाल स्वामी सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

# बांग्लादेशी, हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो क्योंकि भारत का हिंदू सड़कों पर आ गया

### बांग्लादेश में हिंदुओं की नृशंस हत्या एवं जबरन धर्मांतरण की घटनाओं पर तत्काल रोक लगे



सत्ता सुधार ■ सागर

सनातन चेतना मंच सागर के तत्वावधान में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों,हिन्दू,बौद्ध, ईसाई समुदाय के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में विशाल आक्रोश जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा के बाद एक विशाल रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर में महामहिम राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा गया।नगर के पी.टी.सी. ग्राउंड सागर में सनातन चेतना मंच के आव्हान पर बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध नागरिक एकत्रित हुए।इस दौरान मंच से इस्कॉन मंदिर सागर के धर्माचार्य श्री कृष्णार्चन दास प्रभु,प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम सागर से लक्ष्मी दीदी,कबीर आश्रम राजघाट सागर से रामसजीवन, सिख महासभा सागर से सर्वजीत सिंह एवं समाजसेवी सुनील देव ने सभा को संबोधित किया।मंच पर सिंधी समाज से राजकुमार वरमानी,गायत्री परिवार से जिला संयोजक डां. आर पी यादव भी उपस्थित रहें।लगभग सभी वक्ताओं ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिंदुओं की नृशंस हत्या एवं जबरन धर्मांतरण की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों के विध्वंस, महिलाओं से सामूहिक बलात्कार, हिंदू संतों की गिरफ्तारी,हिंदुओं के घरों को जलाए जाने की घटना का उल्लेख किए जाने पर सकल हिंदू समाज ने उद्वेलित होकर बांग्लादेश की यूनूस सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ से हस्तक्षेप करने की मांग की।इस्कॉन मंदिर सागर के धर्माचार्य कृष्णार्चन दास प्रभु ने अपने वक्तव्य में कहा कि बांग्लादेश में भगवा, तिलक,तुलसी की माला, और कलावा मौत की गारंटी बन चुका है , उन्होंने बांग्लादेश में इस्कॉन के धर्म गुरु चिन्मय कृष्ण दास जी को तत्काल रिहा करने की मांग रखी।कृष्णार्चनदास प्रभु की शिष्य मंडली ने हरे-रामा, हरे-कृष्णा संकीर्तन किया

#### बांग्लादेश में प्रतिवर्ष 250000 से अधिक हिंदू पलायन कर रहे

सुनील देव ने कहा कि बांग्लादेश में प्रतिवर्ष 250000 से अधिक हिंदू पलायन कर जाते हैं और बांग्लादेश सरकार उनकी जमीन हड़प लेती है, तथा जमात ए इस्लामी के कट्टरपंथी उनकी संपत्ति लूट लेते हैं। 2001 में बांग्लादेश सरकार ने वेस्टेड प्रॉपर्टी एक्ट बनाकर हिंदुओं की 26 लाख एकड़ जमीन हड़प ली थी।सिख समाज के सर्वजीत सिंह सूरी ने कहा कि बांग्लादेश के निर्माण में मुक्ति वाहिनी के माध्यम से हजारों हिंदुओं ने अपने प्राणों की आहुति दी तथा भारतीय सेना के 15000 से अधिक जवानों ने अपने प्राणोंत्सर्ग किए।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को भी बराबर का हक है।

#### यही क्रम जारी रहा तो 2030 तक बांग्लादेश हिंदू विहीन हो जाएगा

कबीर आश्रम के राम सजीवन जी ने कहा कि बांग्लादेश में 1901 में 66.1 त्र फीसदी मुस्लिम और 33 त्र फ़ीसदी हिंदू थे, जबकि 2023 में मुस्लिमों की 91.08 त्र फीसदी आबादी है और हिन्दू मात्र 7.9 त्र फीसदी शेष है। अगर यही क्रम जारी रहा तो 2030 तक बांग्लादेश हिंदू विहीन हो जाएगा। प्रजापति ब्रह्मकुमारी आश्रम सागर की लक्ष्मी दीदी ने कहां की बांग्लादेश में एक करोड़ 35 लाख हिंदुओं का जीवन संकट में है, हिंदू मंदिर जलाएं जा रहे हैं, हिंदू संतो को पीट-पीट करके गिरफ्तार किया जा रहा है,हिंदू महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया जा रहे हैं, हिंदू महिलाओं का जबरन धर्मांतरण किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि विश्व के मानवाधिकार संगठन, यूनाइटेड नेशनस एवं भारत सरकार को शीघ्र ही इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।नातन चेतना मंच के आह्वान पर आयोजित आक्रोश सभा के अंत में संयोजक राजकुमार सिंह सुमरेडी, ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन का वाचन किया, एवं सह-संयोजक डॉक्टर प्रदीप पाठक के द्वारा आभार ज्ञापित किया गया , एवं कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर संजय पाठक ने किया।

# नेशनल अचीवमेंट सर्वे में 9 स्कूलों के 342 विद्यार्थियों ने लिया भाग



सत्ता सुधार ■ खुरई/

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण को नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए सभी शासकीय अशासकीय के चयनित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 3, 6 एवं 9 के बच्चो ने भाग लिया। जिसमें विकासखण्ड खुरई के 09 विद्यालयों की कुल 13 कक्षाओं का सर्वे कार्य जिले की सी.बी.एस.ई. मान्यता प्राप्त शालाओं के ऑब्जर्बर एवं डाइट सागर के फील्ड इन्वेस्टीगेटस की उपस्थिति में किया गया। विकासखण्ड की चयनित शालाओं में शास. माध्यमिक शाला भरछा में कक्षा-3 और 6, शास.क.शाला बसाहरी में कक्षा-3, पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-6 और 9, अनुदान प्राप्त शाला विद्या मंदिर घोरट में कक्षा-3, एस.पी.जैन.गुरुकुल में कक्षा-6 और 9, एस.एम.व्ही.एम.ज्ञानोदय में कक्षा-9, अशासकीय तक्षशिला कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा-3, हॉली फेमिली कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा-3 और 9 एवं सरस्वती शिशु मंदिर गढ़ौला जागीर में कक्षा- 3 के कुल 342 छात्रों ने सर्वे परीक्षा में सहभागिता की। वही बीआरसीसी लोकमन चौधरी, समस्त बीएसी व जनशिक्षकों ने परीक्षा कराने में सहयोग किया। आपको बता दें कि यह एक राष्ट्रव्यापी स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण है, जिसमें परीक्षा के आधार पर छात्रों के शैक्षिक स्तर की जांच की जाएगी।



**सागर।** सीएम डॉ. यादव द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की अनुग्रह राशि का हितलाभ वितरण किया गया।एनआईसी केंद्र में हुए लाइव प्रसारण कार्यक्रम में महापौर संगीता सुशील तिवारी शामिल हुई।

# नवग्रह छतरियों के सामने निगमायुक्त एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुई मां गंगा जी की आरती

सत्ता सुधार ■ सागर

सागर ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरुकता लाने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी सह कार्यकारी निदेशक एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में चकराघाट स्थित मनमोहक नवग्रह छतरियों के सामने भट्टो घाट पर शंख-झालर ,संगीत की मधुर ध्वनि एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा - अर्चना उपरांत इस बार मंगलवार को की गई मां गंगा की आरती । उल्लेखनीय है कि सागर शहर को



स्वच्छ एवं सुंदर रखने हेतु नागरिकों में जनजागरुकता विकसित करने के उद्देश्य से अगस्त माह से लगातार प्रत्येक सप्ताह सोमवार को चकराघाट स्थित विभिन्न घाटों पर मां गंगा जी की आरती का आयोजन किया जा रहा है।स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत शहर की साफ-सफाई और स्वच्छ पर्यावरण हेतु नागरिकों को जागरुक कर झील को जलकुंभी से मुक्त कर स्वच्छ कर प्रदूषण से मुक्त करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। गंगा जी की आरती के अवसर पर निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रारंभ हो चुका है इसलिए शहर को स्वच्छ रखने हेतु सभी नागरिक सहयोग प्रदान करें जिससे सागर शहर स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में अच्छी रैंक प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकगण अपने-अपने स्तर पर शहर को स्वच्छ रखने हेतु सहभागिता निभाएं।

### थाना आगासौद पुलिस द्वारा हम होंगे कामयाब अभियान के तहत किये गये विभिन्न कार्यक्रम



**सागर।** हम होंगे कामयाब अभियान चलाया जा रहा है । महिला सुरक्षा के संबंध में स्कूल/कालेज सार्वजनिक स्थानों पर पहुँचकर महिला हैल्पलाईन/चाईल्ड हैल्पलाईन पुलिस हैल्पलाईन आदि नंबरों की जानकारी देकर आम जनमानस में प्रचार प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम किये जाने के तारतम्य बीना नितेश पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल बीना रिफायनरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**निर्देश** पीली कोठी चौराहे पर गार्बेज पॉइंट को समाप्त कर आकर्षक दर्शनीय झरना बनाया गया

# शहर स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण की दिशा में सागर के बढ़ते कदम

सत्ता सुधार ■ सागर

शहर स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न स्थलों से अवैध अतिक्रमण हटाकर गार्बेज पॉइंट को चिन्हित कर साफ किया जा रहा है और साफ-सफाई के बाद उपलब्ध स्थल का आकर्षक सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। निगमायुक्त श्री खत्री के निर्देशानुसार शहर के मुख्य चौराहों में से एक पीली कोठी चौराहे का अवैध अतिक्रमण टायर पंचर की दुकानों आदि को हटाया गया। उक्त दुकानों टपरों के आस-पास हमेशा कचरा गंदगी आदि एकत्र होता रहता था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुये पीली कोठी जैसे शहर के मुख्य चौराहे के इस स्वच्छता की



दृस्टि से ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर समाप्त करने के लिए आकर्षक स्टेप फाउंटेंन बनाया गया। पीली कोठी जंक्शन का पुनर्विकास सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं नगर निगम सागर द्वारा किया गया। नगर निगम द्वारा नवनिर्मित स्टेप फाउंटेंन अपनी रंगबिरंगी लाइटिंग और आकर्षक बनावट के कारण नागरिकों को आकर्षित कर रहा है। यह विशाल फाउंटेंन नेशनल क्लीन एयर प्रोगाम के अंतर्गत महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

इस आकर्षक झरने का बहता हुआ पानी चौराहे के आसपास जलवायु में घुलने वाले धुलकणों को अवशोषित कर सकेगा और यहां की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। इस चौराहे के एक ओर मिट्टी की पठारनुमा आकृति बनाकर घास और पेड़ पौधों से सजाया गया है इस आकृति के बीच सूर्य नमस्कार की आकर्षक प्रतिमाओं को लगाया गया है। ये प्रतिमायें यहां से आतेजाते गुजरने वाले राहगीरों को योग से निरोग का संदेश देते हुये स्वच्छ सागर, स्वस्थ्य सागर हेतु प्रेरित कर रहीं हैं।

# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर, देवरी के दिव्यांग बच्चों ने किया खेलकूद सामर्थ्य प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ सागर

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला स्तरीय खेलकूद एवं समर्थ प्रदर्शन दिव्यांग प्रतियोगिता, दिव्यांग छात्रावास, बाघराज ,सागर में मंगलवार को जिला शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित की गई। जिसमें सागर जिले के 11 विकासखंडों से दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में देवरी विकासखंड से 6 बच्चे शामिल हुए।जिनमें रंगोली में प्रथम जैनम वी खान झुनकू ग्राम, तृतीय लेखराज साहू सीनियर बेसिक, चित्रकला में प्रथम दिव्यांशी पटेल जूनियर बेसिक,



तृतीय तेजराम लड़ियां, दौड़ में तृतीय रिंकी सेन झुनकू ग्राम, एवं आफरीन खान बहना ने सांत्वना पुरस्कारों पर बाजी मारी एवं बहुत प्रसन्न हुए। प्रमोद कुमार चौबे ने कहा आइए इस खास अवसर पर शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को, मानसिक रूप से सक्षम बनाने की सोच लेकर चलें एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ऐतिहासिक ग्वालियर के खाते में जुड़ी एक और उपलब्धि

# देश के पहले भूवैज्ञानिक संग्रहालय का आज केंद्रीय राज्य मंत्री करेंगे उद्घाटन





ग्वालियर । शहर के ह्रदय स्थल पर विक्टोरिया मार्केट में देश का पहला जियो साइंस म्यूजियम तैयार हो गया है। 35 करोड़ की लागत से तैयार इस म्यूजियम का आज केंद्रीय राज्य खनन मंत्री सतीश चन्द्र दुबे के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण किया जाएगा। बता दें कि खनन मंत्रालय और जीएसआई ने मिलकर जियो साइंस म्यूजियम तैयार किया है। मार्च 2019 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसका शिलान्यास किया था। शहर के ह्रदय स्थल महाराज बाड़ा स्थित हेरिटेज विक्टोरिया बिल्डिंग में तैयार किये गये इस म्यूजियम में दो गैलरी ÷पृथ्वी का विकास÷ और ÷जीवन का विकास÷ तैयार की गई है। 6 दिसम्बर से यह सभी के लिए ओपन कर दिया जाएगा।

खनन मंत्रालय और जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा तैयार यह म्यूजियम देश को बड़ा तोहफा दिया है। ग्वालियर की शान ऐतिहासिक विक्टोरिया बिल्डिंग को अब जिओ साइंस म्यूजियम के रूप में नई पहचान मिलेगी। इस म्यूजियम के जरिए छात्रों और शोधार्थियों को उन सवालों के जवाब बेहद ही आसानी से मिल जाएंगे, जिन्हें खोजने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ती थी। जियो साइंस म्यूजियम को दो गैलरियों में बांटा गया है, पहली गैलरी ÷इवोल्यूशन ऑफ अर्थ÷ के बारे में जानकारी देती है जो अप्रैल 2022 में पूरी तरह से तैयार हो चुकी थी, वहीं हाल ही तैयार की गई दूसरी गैलरी ÷इवोल्यूशन ऑफ लाइफ÷ के बारे में जानकारी देगी। बता दें कि ग्वालियर नगर निगम, खनन मंत्रालय भारत सरकार और जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से देश का पहला जियोसाइंस म्यूजियम ग्वालियर में तैयार हो गया है।

### पृथ्वी से जुड़े रहस्यों को समझना होगा आसान

हर किसी के मन में आज भी सवाल उठते हैं कि पृथ्वी का जन्म कैसे हुआ? पृथ्वी का सेंट्रल कोर कैसा होता है? यदि पृथ्वी के केंद्र बिंदु में पहुंचना हो तो वहां पर कैसे पहुंचेंगे और क्या-क्या होगा? पृथ्वी पर जीव की उत्पत्ति कैसे हुई? ज्वालामुखी कैसे एक्टिव होते हैं? जब भूकंप आता है तब क्या होता है? पृथ्वी पर डायनासोर कैसे खत्म हुए? ऐसे सभी सवालों के जवाब ग्वालियर में तैयार हुए जियो साइंस म्यूजियम से आप आसानी से जान सकते हैं।

### एक छत के नीचे दुनिया भर की दुर्लभ चीजें

ग्वालियर नगर निगम ने तय किया है कि म्यूजियम को देखने के लिए आम व्यक्ति को महज 25 रुपये और स्टूडेंट को 10 रुपए देने होंगे।इस म्यूजियम की यूं तो बहुत सारी खासियत है लेकिन यहां पर ऐसी दुर्लभ चीजें भी मौजूद है जो देश दुनिया के अंटार्कटिका जापान सहित दुनिया के अलग-अलग इलाकों से लाई गई है। खासकर जेम्स स्टोन, बेशकीमती हीरे जिनकी कीमत करोड़ों और अरबों में है। लोग इन्हें आसानी से एक ही जगह पर देख सकते हैं।

## जयारोग्य अस्पताल में मनाया टंट्या भील का शहादत दिवस



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जयारोग्य अस्पताल में जननायक टंट्या भील के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जनजातीय गौरव-ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय कार्यक्रम की थीम रखी गई। इस अवसर पर जेएएच के उप अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र वर्मा ने कहा कि जनजातीय नायकों ने स्वतंत्रता के जागरण में अविस्मरणीय योगदान दिया। विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए जनजातीय समुदाय के गौरवशाली योगदान को लेकर आगे बढ़ना होगा। जनजातीय समुदाय में सामूहिकता की भावना है, जिसे नई पीढ़ी को सीखना होगा। कार्यक्रम के संयोजक अतर सिंह जाटव ने कहा कि सैकड़ों वर्षो से विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने में जनजातीय बन्धुओं की अविस्मरणीय भूमिका रही है। देश की स्वतंत्रता के लिए सौ से अधिक बड़ी लड़ाईयां जनजाति बन्धुओं द्वारा लड़ी गई हैं। वर्कशॉप प्रभारी अतर सिंह ने कहा सदियों पहले जनजातीय समुदाय ने शक्तिशाली विदेशी हमलावरों के सामने चुनौती खड़ी की थी। उनसे जुड़े गौरव के भाव को सुदूर क्षेत्र तक ले जाने की आवश्यकता है। इस दिशा में समिति द्वारा निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इससे पहले सभी ने क्रांतिसूर्य टंट्या भील की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर राकेश गौड़, ओमप्रकाश शाक्य, गोविन्द गौड़ सोनू छावड़ा, खेमराज जाटव, बंटी जोनवार, विनोद जाटव, कमल राजोरिया, तरुण गौड़, रमेश मिश्री, भास्कर जगदले, प्रकाश बाबू, विशाल कुशवाह, मोहन कुशवाह, छोटू कुशवाह महेश वर्मा , राकेश सैन्या, मुनेन्द्र जाटव, आनंद जाटव आदि मौजूद रहे।

# बारात में दूल्हे की बहन के ससुर से डेढ़ लाख की लूट

### बाइक सवार बदमाश छीन ले गए कंधे पर टंगा बैग

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



बारात में दूल्हे के बदमाश से डेढ़ लाख रुपए की लूट हो गई। बाइक सवार दो बदमाश उनके कंधे पर टंगा बैग छीन ले गए। घटना पुरानी छावनी थाना इलाके की है, जिसमें पुंलिस द्वारा घटना की पड़ताल की जा रही है।

शिवपुरी जिले के बैराड़ निवासी निरंजन सिंह सिकरवार के भतीजे सुदेश सिंह सिकरवार की शादी थी। विवाह समारोह पुरानी छावनी स्थित वृंदावन गार्डन में था, जहां पहुंचने के लिए रात पौने दस बजे के लगभग पुरानी छावनी में बने पेट्रोल पंप से रवाना हुई। जिसमें शामिल बाराती नाचते-कूदते जा रहे थे, जबकि दूल्हे की बहन के ससुर रायसिंह भदौरिया के कंधे पर रुपयों से भरा बैग टंगा था। इसी दौरान रात 10.10 बजे के करीब बाइक सवार दो बदमाश बारात के पास पहुंचे, जिनमें से पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर रायसिंह के कंधे पर टंगा नगदी वाला बैग छीना और तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाते हुए भाग निकले। बैग में डेढ़ लाख रुपए नगदी सहित कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे होना बताया गया है। जब अन्य बारातियों को घटना का पता लगा, तो वहां हड़कंप मच गया। तुरंत पुलिस को लूट की सूचना दी गई।

### वीडियो में नजर आए लुटेरे

जिस वक्त बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, तब बाराती डांस कर रहे थे, जिसका एक रिश्तेदार द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाया जा रहा था। बताया गया है कि इस वीडियो में बाइक सवार लुटेरे बैग छीनकर भागते नजर आ रहे हैं। हालांकि यह वीडियो कुछ धुंधला है, जिसमें एकाएक बदमाशों के फेस क्लियर नहीं हो पा रहे हैं। बॉक्स

### एक हेलमेट तो दूसरा लगाया था टोपी

बाइक चलाने वाला बदमाश हेलमेट लगाया हुआ था, जबकि उसके पीछे बैठे जिस लुटेरे ने झपट्टा मारकर बैग लूटा है, वह टोपी लगाए हुए था। पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की तस्दीक करने के प्रयास कर रही है।

### जिले के किसानों को अब तक 41 हजार 248 मैट्रिक टन उर्वरक वितरित

ग्वालियर। जिले में रबी फसलों के लिये किसानों को अब तक 41 हजार 248 मैट्रिक टन उर्वरक (यूरिया, डीएपी व एनपीके) वितरित किया जा चुका है। वर्तमान में जिले में कुल 18 हजार 47 मैट्रिक टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हैं। राज्य शासन द्वारा उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इस कड़ी में रेल की रैक भी उर्वरक लेकर ग्वालियर आ रही हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आर एस शाक्यवार ने बताया कि मौजूदा रबी मौसम में अब तक जिले के किसानों को 19 हजार 697 मैट्रिक टन यूरिया, 13 हजार 418 मैट्रिक टन डीएपी व 8 हजार 133 मैट्रिक टन एनपीके का वितरण किया जा चुका है। जिले में वर्तमान में रबी फसलों के लिये 15 हजार 690 मैट्रिक टन यूरिया, एक हजार 385 मैट्रिक टन डीएपी व 972 मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है।

# सड़क हादसे में घायल वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

### आरोपी का पता लगाने के प्रयास में जुटी पुलिस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

एक- दूसरे से आगे निकलने की होड़ में अंध गति से दौड़ते वाहनों से हर रोज होने वाली दुघर्टनाओं में तमाम बेकसूरों को अपनी जान गंवाना पड़ रही है। इसी क्रम में गोला का मंदिर इलाके में घटित सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई वृद्धा ने तीन दिन तक हॉस्पिटल में जीवन- मौत से संघर्ष करने के बाद दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

गोला का मंदिर चौराहा पर रहने वाली 60 वर्षीय रूक्मणी देवी पत्नी स्व. नारायण सिंह भदौरिया बीती शनिवार की शाम पैदल ही भिंड रोड पर स्थित कटारे फार्म के सामने से होकर गुजर रही थीं, इसी दौरान वहां तेज रफ्तार में आया वाहन का चालक उन्हें जोरदार टक्कर मारता हुआ निकल गया। टक्कर लगते हुए वृद्धा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पुलिस व परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने घायल को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां तीन दिन तक उपचार करवाने के पश्चात बीते रोज उसकी मौत हो गई। महिला की मौत होने की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पड़ताल

पुलिस द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास के मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए जा रहे हैं, जिससे हिट एंड रन मामले में फरार हुए वाहन चालक का पता लगाकर उसे पकड़ा जा सके।





# निगमायुक्त वैष्णव ने नवीन सेल्फी प्वाइंट बनाने हेतु स्थलों का किया निरीक्षण

### संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए नवीन सेल्फी प्वाइंट चयन हेतु स्थलों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विजय राज, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, सिटी प्लानर पवन सिंघल, उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त वैष्णव ने शहर में नवीन सेल्फी प्वाइंट चयन हेतु स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में निगमायुक्त वैष्णव ने बाल भवन, निगम मुख्यालय, कैप्टन रूप सिंह पार्क, आदि स्थलों पर न्यू सेल्फी प्वाइंट बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त वैष्णव ने शहीद उपमन्यु पार्क को आर्मी थीम पर विकसित करने और निगम संग्रहालय के बाहर, चिड़ियाघर गेट के सामने मछली घर के सामने, बहोड़ापुर तिराहा, बड़ा पार्क आनंद नगर में सेल्फी प्वाइंट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही वेस्ट टू वंडर पार्क निरीक्षण कर कार्य जल्दपूर्ण कर उसे निगम के हैंडओवर करने के निर्देश दिए।

### निगम मुख्यालय पर "महापौर लोकमंत्रणा' आज

ग्वालियर। महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा आमजनों की समस्याओं से रूबरू होकर उनका निराकरण समय सीमा में करने के उद्देश्य से दिनांक 5 दिसम्बर 2024 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक निगम मुख्यालय पर महापौर लोकमंत्रणा करेंगीं। इस कार्यक्रम के तहत महापौर निगम के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकर आम जनों की समस्या सुनकर और उनका मौके पर निराकरण भी कराएंगीं। सिटीसेन्टर स्थित निगम मुख्यालय के सभागार में ''महापौर लोकमंत्रणा'' कार्यक्रम के तहत आमजनों द्वारा जो समस्या बताई जाएगी उनको पंजीबद्ध कर निराकरण किया जायेगा।

# शराब के सिप लेते हुए लगा रहे थे हार-जीत के दांव

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




होटल शेल्टर की बीयर बार में बीती रात पुलिस द्वारा रेड करते हुए तीन जुआरियों को पकड़ा गया है, जो शराब की सिप लेते हुए हार- जीत के दांव लगा रहे थे। जिनके कब्जे से ताश की गड्डी सहित कैश भी मिला है। पड़ाव थाना प्रभारी संतोष भदौरिया ने बताया कि बीती रात मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि थाने के सामने ही स्थित होटल शेल्टर की बीयर बार में कुछ लोगों द्वारा शराबखोरी करते हुए जुआ खेला जा रहा है। इस पर थाने की टीम को तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचाया गया। जब पुलिस टीम ने बार में रेड की, तो वहां बैठकर सुरापान कर रहे तीन लोगों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिनके कब्जे से ताश की गड्डी व 2700 रुपए बरामद होना बताया गया है। पकड़े गए जुआरिओं में राजीव जैन व पारस शर्मा निवासीगण गांधी नगर एवं प्रेमशरण लाल निवासी बलवंत नगर शामिल हैं, जिनके खिलाफ पुलिस द्वारा 13 जुआ एक्ट के तहत कायमी की गई है।

सत्ता न्यूज | 11 दिन बाद पिता ने दर्ज करवाई एफआईआर

# दूल्हे पर फायरिंग करने वालों की गिजौर्रा में तलाश

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



बग्घी पर सवार हो बारात लेकर जा रहे दूल्हे पर फायरिंग करने वाले आरोपियों की पुलिस द्वारा गिजौर्रा थाना इलाके में तलाश की जा रही है। उक्त मामले में पीड़ित के पिता ने घटना के 11 दिन बाद जनकगंज थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई है।

यहां बता दें कि डबरा निवासी सचिन पांडेय का विवाह बीती 22 नवंबर को था, जिसके लिए वह बग्घी पर सवार हो बारात लेकर जनकगंज थाना इलाके में स्थित आयोजन स्थल हरेशिव गार्डन जा रहा था। जब बारात ओल्ड फ्रूट मंडी से होकर गुजर रही थी, इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए अंकित शर्मा ने अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर उस पर फायरिंग कर भाग निकला था। गोलीबारी होने से बारातियों में हड़कंप मच गया, जैसे- तैसे बारात नियत स्थान तक पहुंच सकी। वहीं बीते रोज दूल्हे के पिता द्वारा जनकगंज थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की गई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई। चूंकि अंकित शर्मा गिजौर्रा थाना इलाके में स्थित ग्राम भगेह का रहने वाला बताया गया है, जबकि उसका साथी नाका चंद्रवदनी निवासी है। जिससे पुलिस द्वारा गिजौर्रा इलाके में मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

**वायरल हुआ था घटना का वीडियो:** घटना के करीब आठ दिन बाद इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें बग्घी पर जा रहे दूल्हे पर आरोपी फयर करता दिख रहा था। इस वीडियो के बाद ही मामला पुलिस व पब्लिक के संज्ञान में आया था।

### इनका कहना है

दूल्हे पर फायरिंग करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है, पुलिस टीमें उनकी तलाश में भेजी गई हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**विपेंद्र सिंह चौहान**
**टीआई, जनकगंज**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मकरोनिया जिला-सागर (म.प्र)

क्र/रा.वि./न.पा./2024-2025 / 5547 — मकरोनिया दिनांक 04/12/24

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद मकरोनिया सीमा के अन्तर्गत नीचे दिए गए भवनों / प्लाटो पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। अतएव इस संबंध में आपत्ति हो वह विज्ञप्ति के प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति ठोस दस्तावेजों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथी पश्वात् एवं ठोस दस्तावेजों के अभाव में प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र | प्रकरण क्रमांक दिनांक | वार्ड का नाम / क्रमांक | प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर | भवन / भूमि क्रमांक एवं विवरण | नाम विक्रेता / बेचवार / हकत्यागकर्ता / वसीयतदाता / दानदाता / वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 360 18-11-2024 | वार्ड 17 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-72 खसरा नं. 251/6/2 में से क्षेत्रफल 900 वर्गफुट का प्लाट। | बाबूलाल पिता मोहनलाला यादव | आकांक्षा पति अरविन्द पाण्डेय |
| 2 | 361 18-11-2024 | वार्ड 17 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-72 खसरा नं. 275/1/2 में से क्षेत्रफल 885 वर्गफुट का प्लाट। | मेम्बर सराफ एसोसियेट दीपक सराफ, नीरज सोनी | शैलेन्द्र जाटव पिता पन्नालाल जाटव |
| 3 | 362 18-11-2024 | वार्ड 06 | रजिस्ट्री | प.ह.न.- 72 खसरा नं. 146/2/ में से क्षेत्रफल 795 वर्गफुट का प्लाट। | कमलेश पांडे पिता रिखीराम पांडे | मीनांक्षी पति अंकुर जैन |
| 4 | 363 19-11-2024 | वार्ड 13 | फोती नामांतरण | प.ह.न.-77 खसरा नं. 191/2 में से क्षेत्रफल 1680 वर्गफुट का प्लाट। | स्व. श्रीमति श्रद्धा दुबे पति संजीव दुबे | 1. डॉ संजीव दुबे पिता डॉ. लक्ष्मीनारायण 2. सारांश पिता संजीव दुबे |
| 5 | 364 19-11-2024 | वार्ड 06 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-72 खसरा नं. 171/1/1/1/1 में से क्षेत्रफल 504 वर्गफुट का प्लाट। | पवन कुमार पिता किशनचंद जैन | रोशनी भारिल्य पिता पवन कुमार भारिल्य |
| 6 | 365 19-11-2024 | वार्ड 01 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-70 खसरा नं. 337/2 में से क्षेत्रफल 400 वर्गफुट का प्लाट। | मनोज दुबे पिता वी.पी. दुबे | शिवानी सेन पति अरविन्द सेन |
| 7 | 366 19-11-2024 | वार्ड 18 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-75 खसरा नं. 111/1/1/1/2 में से क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट का प्लाट। | संजय राठौर पिता कमल राठौर | प्रकाश पिता उत्तला अहिरवार |
| 8 | 367 19-11-2024 | वार्ड 15 | नामांतरण फोती | प.ह.न.-72 खसरा नं. 240/1 में से क्षेत्रफल 500 वर्गफुट का प्लाट। | दिलीप कुमार पिता सुरजन अहिरवार | सरदीप कुमार पिता रामसिंह |
| 9 | 368 19-11-2024 | वार्ड 15 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-72 खसरा नं. 245/4, 241/2/1 में से क्षेत्रफल 1040 वर्गफुट का प्लाट। | विनोद साहू पिता नरेन्द्र कुमार साहू | वर्षा साहू पति राजेन्द्र कुमार साहू |
| 10 | 369 19-11-2024 | वार्ड 03 | रजिस्ट्री | EWS-416 एवं EWS-417 जिसका क्षेत्रफल 77 वर्गमीटर में भूमि। | डॉ. शैलेन्द्र कुमार पिता रघुवीर प्रसाद साहू | अर्जुन सिंह पिता प्रकाश सूर्यवंशी |
| 11 | 370 19-11-2024 | वार्ड 12 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-71 खसरा नं. 234/5, में से क्षेत्रफल 1300 वर्गफुट का प्लाट। | 1. विजय पिता चंद्रभान खटीक 2. रचना पति विजय खटीक | हिमांशी सोनी पति जितेन्द्र सोनी |
| 12 | 371 19-11-2024 | वार्ड 02 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-72 खसरा नं. 64/9, में से क्षेत्रफल 600 वर्गफुट का प्लाट। | अजय सोनी पिता अमृत लाल सोनी | सौरभ सोनी पिता गोपाल प्रसाद सोनी |
| 13 | 372 20-11-2024 | वार्ड 08 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-71 खसरा नं. 110/1 एवं, 110/2 में से क्षेत्रफल 848 वर्गफुट का प्लाट। | 1. आलोक जैन पिता अनंदीलाल जैन 2. सरिता पति आलोक जैन | रिचा उपाध्याय पति संदीप उपाध्याय |
| 14 | 373 20-11-2024 | वार्ड 08 | रजिस्ट्री | प.ह.न.-71 खसरा नं. 110/1 एवं. 110/2 में से क्षेत्रफल 672 वर्गफुट का प्लाट। | 1. आलोक जैन पिता अनंदीलाल जैन 2. सरिता पति आलोक जैन | रोशनी दुबे पति डॉ. अंबर दुबे |
| 15 | 170 06-09-2021 | वार्ड 12 | फोती नामांतरण | प.ह.न.-71 खसरा नं. 235/14 एवं 235/ 40 में से क्षेत्रफल 672 वर्गफुट का प्लाट। | स्व. श्रीमति रचना जैन पति महेन्द्र जैन | 1. महेन्द्र कुमार पिता स्व. श्री हरचंद जैन 2. नाबालिक यशी पिता महेन्द्र कुमार जैन 3. नाबालिक आशी पिता महेन्द्र कुमार जैन |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मकरोनिया सागर (म.प्र.)

## ब्रीफ न्यूज

### हादसे में 6यूएनजीए के प्रस्ताव पर भारत ने दिया इसराइल के खिलाफ वोट

**जनेवा।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में इसराइल के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया है। दरअसल, सेनेगल ने एक प्रस्ताव पेश किया था। इसके तहत यरुशलम समेत फलस्तीन की कब्जा की गई जमीनों से इसराइल के वापस जाने की मांग की गई थी। साथ ही पश्चिम एशिया के इस क्षेत्र में विस्तृत, न्यायसंगत शांति लाने का आह्वान किया गया। इस प्रस्ताव पर वोटिंग के लिए 193 सदस्य देशों में से 157 देशों ने इसराइल के खिलाफ वोट किया। वहीं आठ देशों ने इसराइल के पक्ष में मतदान किया है। कई देशों ने इस मतदान में हिस्सा नहीं लिया है। फलस्तीन में शांतिपूर्ण बसावट नाम के इस ड्राफ्ट प्रस्ताव का जिन देशों ने विरोध किया, उनमें अर्जेंटीना, हंगरी, इसराइल, माइक्रोनेशिया, नाउरु, पलाउ, पपुआ न्यू गिनी और अमेरिका शामिल हैं।

### सबसे तेज़ चलने वाली ट्रेनों में 5जी इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराएगा चीन

**बीजिंग।** पडोसी देश चीन अब दुनिया के सबसे तेज़ चलने वाली ट्रेनों में 5जी इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने वाला है। इन ट्रेनों की रफ्तार एक हजार किलोमीटर प्रति घंटा तक होगी, जो हवाई जहाज से भी तेज होगी। इस नई पीढ़ी की ट्रेनें वैक्यूम ट्यूब में चलेंगी, जिनमें मैग्नेटिक लेवीटेशन का इस्तेमाल होगा, जिससे ये उच्च गति से बिना किसी रुकावट के दौड़ सकेंगी। चीन में फिलहाल जो तेज रफ्तार वाली ट्रेनें चल रही हैं, उनकी गति 350 किलोमीटर प्रति घंटा तक है, लेकिन जब ट्रेनों की गति अत्यधिक बढ़ जाती है, तो इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या उत्पन्न होती है। उच्च गति में मोबाइल सिग्नल की फ्रीक्वेंसी में बदलाव होता है, जिससे इंटरनेट सेवा में रुकावट आती है। इसके अलावा, बेस स्टेशन ट्रेनों के पास स्थापित नहीं किए जा सकते, क्योंकि यह ट्रेनों की गति के कारण खतरनाक हो सकता है।

### वोदका शराब से चलता है अमेरिका में बना ये रोबोट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक ऐसा रोबोट बनाया है जो न तो पानी, बिजली, या किसी ईंधन से चलता है बल्कि शराब से चलता है। यह रोबोट हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने डिजाइन किया है। यह एक खास और क्रांतिकारी रोबोट है जो वोदका (शराब) को ईंधन के रूप में इस्तेमाल करता है। इस रोबोट में मारंगोनी प्रभाव का उपयोग किया जाता है जिससे यह बिना मोटर या बैटरी के पानी की सतह पर चलने में सक्षम होता है।

### मस्क के वेतन पैकेज पर फिर अमेरिकी अदालत की 'ना'

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने ईलॉन मस्क के लिए टेस्ला में तय किए गए 46,000 करोड़ से ज्यादा के मुआवजा पैकेज को खारिज करने का अपना फैसला बरकरार रखा। डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी की जज कैथलीन मैककॉर्मिक ने कहा कि जून में शेयरहोल्डर्स की वोटिंग के जरिए मस्क के इस पैकेज को मंजूरी दिलाने का टेस्ला का प्रयास उनके जनवरी में दिए फैसले को बदल नहीं सकता। उन्होंने इसे बहुत ज्यादा और शेयरहोल्डर्स के लिए अनुचित बताया था।

---

ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा बोले-

# भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहता है

एजेंसी ■ ढाका

भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ जुड़ने और काम करने की इच्छा जताई है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों को लेकर भारत में चिंता के बीच, भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने मंगलवार को ढाका में यह बयान दिया। बांग्लादेश ने अगरतला में अपने सहायक उच्चायोग की सभी गतिविधियां निलंबित कर दी थीं, जिसके बाद भारत ने अपने मिशनों की सुरक्षा बढ़ा दी है।

बांग्लादेश ने भारतीय मिशनों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी किए हैं। भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने एक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हम बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। हम शांति, सुरक्षा और विकास के लिए साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। अगरतला में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद बांग्लादेश ने



भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया। इससे पहले, अगरतला में बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावास पर प्रदर्शनकारियों के हमले पर बांग्लादेश ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। बांग्लादेश की मीडिया के मुताबिक, प्रणय वर्मा बांग्लादेश के कार्यवाहक विदेश सचिव रियाज हमीदुल्ला से मिलने पहुंचे। विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने भी भारतीय उच्चायुक्त को तलब करने की बात स्वीकार की। वहीं, बांग्लादेश के अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में वीजा और काउंसलर सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। बांग्लादेश उच्चायोग ने अगरतला स्थित अपने मिशन में सुरक्षा के उल्लंघन पर विरोध दर्ज कराया है। राज्य सरकार ने भी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस घटना में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। पश्चिम त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण कुमार ने बताया कि कथित लापरवाही के लिए तीन उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है । और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को पुलिस मुख्यालय में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। घटना को लेकर न्यू कैपिटल कॉम्प्लेक्स (एनसीसी) पुलिस स्टेशन में स्वत~ संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) के जवानों को तैनात किया गया।

### भारत-बांग्लादेश के संबंध एक मुद्दे तक सीमित नहीं: प्रणय वर्मा

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय की ओर से तलब किए जाने के बाद भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा कि भारत-बांग्लादेश के बीच बहुआयामी और व्यापक संबंध हैं, इनको एक मुद्दे या एजेंडे तक सीमित नहीं किया जा सकता। हम सकारात्मक, स्थिर, रचनात्मक संबंधों के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए हम बहुत सी चीजें कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करते रहेंगे कि हमारे सहयोग से हमारे दोनों देशों के लोगों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हमारे संबंधों में सकारात्मक प्रगति हुई है, चाहे वह व्यापार हो, बिजली पारेषण हो, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हो, हमने काफी सकारात्मक गति बनाए रखी है। हम बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं और शांति, सुरक्षा और विकास में हमारी साझा आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

---

# सीरिया : विद्रोह का असर, अलेप्पो शहर पर कब्जा जमा लिया

## सीरिया में हो रही घटनाओं के लिए अमेरिका और इजरायल को ठहराया है जिम्मेदार

एजेंसी ■ तेहरान

हजारों सीरियाई विद्रोहियों ने अलेप्पो शहर पर कब्जा जमा लिया है, जो अब सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। इस बीच ईरान ने सीरिया में हो रही घटनाओं के लिए अमेरिका और इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। पिछले महीने के अंत में इदलिब प्रांत में जिस तरह से सीरियाई विद्रोहियों ने तेजी से अपने कदम बढ़ाए, उससे ईरान हैरान रह गया था। एक सुन्नी विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने इसकी अगुवाई की थी, जिसने कुछ ही समय के अंदर सीरियाई सेना को अलेप्पो से भगाकर वहां कब्जा कर लिया।

कुछ दिनों बाद, ऐसा लग रहा था कि एचटीएम सीरियाई राजधानी दमिश्क की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित हामा शहर पर भी कब्जा कर लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिलहाल विद्रोही हामा के बाहर रुके हुए हैं, जबकि ईरान सीरियाई शासन के लिए समर्थन जुटा रहा है।



ईरान की सरकारी मीडिया ने मंगलवार को बताया, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का कहना है कि सीरिया में जो घटना हुई, उससे संकेत मिलता है कि अरब देश को अस्थिर करने के मकसद से ज़ायोनी शासन (इजरायल), अमेरिका और आतंकवादी समूहों के बीच तालमेल है।अराघची ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान यह बयान दिया। ईरानियों के अनुसार, अलेप्पो पर हमला अमेरिका और इज़रायल द्वारा रची गई एक साजिश थी। अराघची ने कहा कि जिस वक्त यह हमला हुआ है, इससे यह बात खुद ही साबित हो जाती है। उन्होंने कहा, ज़ायोनी शासन, अमेरिकी सरकार और आतंकवादी समूहों के बीच पूरी साठगांठ है और घटनाओं का सिलसिला ऐसे तालमेल का संकेत देता है क्योंकि ये हमले लेबनान में सीजफायर के बाद हुए हैं।इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अमेरिका और इज़रायल एचटीएस के हमले पर खुश हो रहे हैं। इसके विपरीत, इज़रायल को यह चिंता हो सकती है कि सीरिया में अराजकता जैसे हालात बन सकते है। जब अराजकता होती है, तो आमतौर पर ईरान समर्थित समूहों द्वारा इजरायल को धमकियां दी जाती हैं, जो सत्ता में शून्यता का फायदा उठाते हैं।

### भारत को 'प्रयोगशाला' बताने पर घिरे गेट्स, हो रही चौतरफा बयानबाजी

**वाशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। विशेष कर भारतीय टिप्पणीकार उन पर भड़के हुए हैं। हाल ही में इंटरनेट उद्यमी, पूंजीपति और पॉडकास्टर रीड हॉफमैन के पॉडकास्ट में प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज गेट्स ने यह कहकर चौंका दिया था कि 'भारत कुछ भी आजमाने के लिए प्रयोगशाला' है। अपनी टिप्पणियों से गेट्स का इरादा दरअसल वैश्विक विकास यात्रा में भारत की भूमिका को रेखांकित करना था, लेकिन इन्होंने सोशल मीडिया पर बवंडर खड़ा कर दिया और लोगों ने उन्हें शब्दों के चयन को लेकर आड़े हाथ लिया। पॉडकास्ट के दौरान बिल गेट्स ने कहा, 'भारत एक ऐसा उदाहरण है, जहां कई चीजें बहुत मुश्किल होती हैं।

---

# मार्शल लॉ पर सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की बगावत



एजेंसी ■ सियोल

दक्षिण कोरिया में इस समय राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। मार्शल लॉ लगाने के ऐलान और फिर फैसले से यूटर्न के बाद से राष्ट्रपति को लोगों के गुस्से का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उनके धुर विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी ने ही नहीं सत्तारूढ़ पार्टी के कई सदस्यों ने बगावत का रुख अपना लिया है। कई इस्तीफा दे चुके हैं। खुद राष्ट्रपति पर भी महाभियोग की तलवार लटक रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति यून सुक योल के चीफ ऑफ स्टाफ सहित कैबिनेट के कई शीर्ष नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट के 12 मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं। कई अन्य शीर्ष नेताओं ने भी इस्तीफे की पेशकश की है। मार्शल लॉ के फैसले का सिर्फ विरोधी ही नहीं बल्कि कैबिनेट के नेता भी विरोध कर रहे हैं। उनकी पार्टी पीपुल पावर पार्टी के बड़े नेता हान डोंग हून ने इस फैसले को गलत बताते हुए मुख्य विपक्षी नेता ली जे-म्यूंग से हाथ मिला लिए हैं। सड़कों पर राष्ट्रपति के खिलाफ लोग रैलियों निकाल रहे रहे हैं, जिसमें मांग की जा रही है कि उनके खिलाफ महाभियोग चलाया जाए। उन पर भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप लग रहे हैं। राष्ट्रपति का ऐलान और फिर उस फैसले से यूटर्न उन पर भारी पड़ता नजर आ रहा है।

**कई ने दिए इस्तीफे, राष्ट्रपति पर लटक रही महाभियोग की तलवार**

---

# अस्थायी परमिट होंगे खत्म, कनाडा में भारतीय प्रवासियों पर मंडरा रहा खतरा

एजेंसी ■ ओटावा

कनाडा में अस्थायी परमिट पर रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से भारतीयों के लिए गंभीर चुनौती पैदा हो गई है। कनाडा के इमिग्रेशन मंत्री ने कहा है कि 2025 के आखिर तक करीब 50 लाख अस्थायी परमिट खत्म होने वाले हैं। इनमें 7,66,000 से ज्यादा विदेशी छात्रों के वीजा शामिल हैं।कनाडा में टूडो सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई नीतियों ने विदेशी छात्रों और अन्य अस्थायी निवासियों के सामने चुनौतियां बढ़ा दी हैं। मंत्री ने संसदीय समिति को बताया कि ज्यादातर लोग स्वेच्छा से देश छोड़ने की उम्मीद है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में वीजा खत्म होने से सरकार पर दबाव बढ़ गया है कि वह यह तय करे कि लोग नियमानुसार देश छोड़ें।

सभी अस्थायी लोगों को देश छोड़ने की जरुरत नहीं होगी। कुछ को उनके वर्क परमिट या



पोस्टग्रेजुएट वीजा नवीनीकरण का विकल्प मिल सकता है। ये वीजा कनाडाई डिग्री या डिप्लोमा धारकों को स्थायी करने के लिए जरुरी अनुभव प्रदान करते हैं। कनाडा में भारतीय सबसे बड़े प्रवासी समूहों में शामिल हैं। टूडो सरकार की नई नीतियों से भारतीय समुदाय पर असर पड़ा है। ब्रैम्पटन में भारतीय युवा लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनका कहना है कि वे बेहतर भविष्य की उम्मीद में कनाडा आए थे, लेकिन बदलती नीतियों के कारण उनके सपनों पर संकट खड़ा हो गया है। कनाडा में नीतिगत बदलावों और अस्थायी परमिटों की समाप्ति से पैदा हुए संकट के समाधान के लिए सरकार और प्रभावित समुदायों के बीच संवाद महत्वपूर्ण होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति न केवल प्रवासियों बल्कि कनाडा की अर्थव्यवस्था और समाज पर भी असर डाल सकती है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा यूके संसद में उठा, जताई गई चिंता

**लंदन।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का सिलसिला जारी है। इस बीच यह मुद्दा ब्रिटेन की संसद में उठा है। यूके संसद में इस बात पर चिंता जताई गई कि बांग्लादेश में न सिर्फ हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है बल्कि धार्मिक नेताओं को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने 2 दिसंबर को हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रश्न उठाया। इसके जवाब में इंडो-पैसिफिक के प्रभारी विदेश कार्यालय मंत्री कैथरीन वेस्ट ने कहा कि पिछले महीने बांग्लादेश यात्रा के दौरान वहां की अंतरिम सरकार ने आश्वासन दिया था कि अल्पसंख्यक समुदायों को मदद दी जा रही है। वेस्ट ने कहा कि ब्रिटेन मंत्री स्तर का समर्थन हासिल करने वाले पहले देशों में से एक था। हम बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से बात करने के लिए ढाका पहुंचे और अल्पसंख्यकों के समर्थन में मुखर रहे।

---

बंधकों को लेकर हमास को चेताया

# त्याचारों को अंजाम देने वालों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी: ट्रंप

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने किसी विशेष समूह का नाम न लेते हुए कहा, 20 जनवरी, 2025 - जिस दिन मैं गर्व से संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करूंगा - यदि उससे पहले बंधकों को रिहा नहीं किया जाता है, तो मध्य पूर्व में इन अत्याचारों को अंजाम देने वालों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। हालांकि, हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास ने गाजा पट्टी में 33 इजरायली बंधकों की हत्या का दावा किया है, जबकि कुछ अन्य अभी भी लापता हैं। हमास ने एक वीडियो जारी किया जिसमें यह बताया गया कि बंधकों की हत्या कब और कैसे की गई, और इसके लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को



जिम्मेदार ठहराया। वहीं, नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि इजरायल तब तक युद्ध जारी रखेगा जब तक हमास का पूरी तरह से सफाया नहीं हो जाता। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सरकार, कतर और मिस्र के साथ मिलकर संघर्ष विराम समझौते की कोशिशों में लगी हुई है, जो बंधकों की रिहाई को लेकर भी उम्मीदें जगा रही हैं। हालाँकि, पिछले महीने मिस्र में हुई मध्यस्थता की बैठक के बाद इन प्रयासों में रुकावट आई है। बता दें कि 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास द्वारा इजरायल पर किए गए बड़े हमले के संदर्भ में आया है, जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोग बंधक बना लिए गए थे। हमले के बाद, इजरायल ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था, जिससे गाजा में व्यापक तबाही मच गई और हजारों फिलिस्तीनियों की जानें गईं।

---

**संबोधित** राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने इसकी जानकारी दी

# दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति ने लगाया मार्शल लॉ,सांसदों ने कर दिया रद्द

एजेंसी ■ सियोल

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर सरकार को पंगु बनाने, उत्तर कोरिया के प्रति सहानुभूति रखने और देश की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए देश में इमरजेंसी मार्शल लॉ की घोषणा की थी।

उन्होंने टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संबोधन में यह घोषणा की थी। इसके बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मंगलवार देर रात देश से मार्शल लॉ हटाने की घोषणा की। राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने इसकी जानकारी दी। दरअसल, संसद में भारी विरोध के बाद इसे अमान्य करार दिया गया था। देर रात सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों दलों के 300 में से 190 सांसदों ने



सर्वसम्मति से मार्शल लॉ को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया। जिसके बाद मार्शल लॉ को हटाना पड़ा। साल 1980 में छात्रों और श्रमिक संघों के नेतृत्व में एक राष्ट्रव्यापी विद्रोह के दौरान आखिरी बार किसी दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ की घोषणा की थी। राष्ट्रपति यून सुक-योल ने अपने संबोधन में कहा, दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया की कम्युनिस्ट ताकतों द्वारा उत्पन्न खतरों से बचाने और देश विरोधी तत्वों को खत्म करने के लिए मैं इमरजेंसी मार्शल लॉ की घोषणा करता हूं। उन्होंने देश की स्वतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा के लिए इसे आवश्यक बताया। यह घोषणा अगले साल के बजट को लेकर यून की पीपुल्स पावर पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच जारी विवादों के बाद आई है। मार्शल लॉ के लागू होने के बाद दक्षिण कोरिया में तनाव बढ़ गया था. संसद के बाहर भीड़ इकट्ठा हो गई थी।

# यूक्रेन को 725 मिलियन डॉलर की सैन्य सहायता देगा अमेरिका

एजेंसी ■ वाशिंगटन

लंबे समय से रुस के साथ लोहा ले रहे यूक्रेन को अमेरिका सैन्य सहायता देने जा रहा है। सैन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए 725 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त सहायता का ऐलान किया है। यह घोषणा अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से की गई। इस पैकेज में यूक्रेन को वायु रक्षा क्षमताएं, रॉकेट सिस्टम, तोपखाने के गोला-बारूद और टैंक रोधी हथियार जैसी महत्वपूर्ण सैन्य सामग्री दी जाएगी। अमेरिकी प्रशासन की इस नई सैन्य सहायता से यूक्रेन को अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी, ताकि वह रूस के हमलों का बेहतर तरीके से मुकाबला कर सके। इससे पहले, 26 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने भी घोषणा की थी कि उनकी सरकार यूक्रेन को एक और महत्वपूर्ण सैन्य पैकेज प्रदान करेगी, जिसमें युद्ध के लिए आवश्यक विभिन्न हथियार और उपकरण शामिल होंगे। इसके तहत यूक्रेन को वह सामग्री मिलनी है, जो युद्ध में उसकी सफलता के लिए जरूरी है। अमेरिकी सरकार की ओर से अब तक की गई सैन्य सहायता ने यूक्रेन की सैन्य शक्ति को काफी हद तक बढ़ाया है, और यह नई सहायता उस दिशा में एक और कदम है।

# मानव जनसंख्या की वृद्धि आवश्यक है

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं का नाम लिए बिना भारत में उनकी घटती आबादी पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि यदि समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत से कम हो जाये तो समाज को किसी को नष्ट करने की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयं ही नष्ट हो जायेगा। इसलिए कम से कम तीन बच्चे पैदा करना जरूरी है। यह कथन सही है क्योंकि आंकड़े बताते हैं प्राकृतिक पर्यावरण अपनी वहन क्षमता के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिस तरह कोरोना और किसी भी रोगो से मृत्यु हुई है उसका जन्म भी होना चाहिए पर्यावरण में जीवन-निर्वाह संसाधन सीमित हैं और व्यक्तिगत प्रजातियों के सदस्यों के लिए अधिक जनसंख्या घनत्व और अन्य प्रजातियों से प्रतिस्पर्धा, अन्य कारकों के अलावा कम हो सकते हैं। इसके अलावा, प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और प्रवास सभी खाद्य उपलब्धता, साथी की उपलब्धता और प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं जैसे पर्यावरणीय तनाव कारकों से प्रभावित होते हैं।विश्व की मानव जनसंख्या ने 18वीं शताब्दी से घातीय वृद्धि का अनुभव किया, लेकिन 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। हालाँकि देशों के बीच जनसंख्या वृद्धि दर में काफी भिन्नता है और कुछ क्षेत्रों में वृद्धि दर में वृद्धि जारी है, लेकिन समग्र वृद्धि दर घट रही है।नवंबर 2024 में दुनिया की मानव आबादी 8.2 बिलियन तक पहुँच गई और 2080 तक 10.4 बिलियन तक पहुँचने और सदी के अंत तक उस स्तर पर बने रहने का अनुमान है। हालाँकि मानव मृत्यु दर औसतन कम हो रही है, लेकिन घटती जनसंख्या वृद्धि दर का मुख्य कारण कम प्रजनन क्षमता है। प्रजनन व्यवहार पैटर्न के आधार पर प्रजनन क्षमता भिन्न होती है, जो बदले में सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक आर्थिक स्थितियों, गर्भनिरोधक तक पहुँच और जनसंख्या घनत्व जैसे पारिस्थितिक चर जैसे कारकों पर निर्भर करती है।जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या पारिस्थितिकी में, किसी विशेष समय अवधि के दौरान किसी विशेष स्थान पर किसी निश्चित पौधे या पशु प्रजाति के सदस्यों की संख्या में परिवर्तन। जनसंख्या वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों में प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और जानवरों में प्रवास शामिल हैं - यानी किसी विशेष स्थान पर आप्रवास या



प्रवास। समय के साथ जनसंख्या में औसत परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि दर कहा जाता है। सकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या वृद्धि को इंगित करती है, और नकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या में कमी को इंगित करती है। किसी दिए गए वातावरण में जनसंख्या की ऊपरी सीमा, जिसे पर्यावरण की वहन क्षमता कहा जाता है, उस जनसंख्या के लिए जीवन-निर्वाह करने वाले संसाधनों की मात्रा और उपलब्धता से निर्धारित होती है।किसी दिए गए स्थान और समय अवधि में जनसंख्या वृद्धि दर की गणना जनसंख्या हानि, या मृत्यु दर और प्रवास की संयुक्त दरों को जनसंख्या लाभ, या प्रजनन क्षमता और आप्रवास की संयुक्त दरों से घटाकर की जा सकती है।

# स्वयंसेवक रचते हैं सेवा एवं संस्कृति के नये स्वस्तिक



ललित गर्ग

अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस उन लोगों और संगठनों का सम्मान करता है जो दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अपना समय और ऊर्जा स्वेच्छा से देते हैं। स्वयंसेवकों को मान्यता देने के साथ-साथ, इस दिन का उद्देश्य परोपकार, सेवा एवं सहायता के रूप में स्वयंसेवा को बढ़ावा देना भी है।

सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 5 दिसंबर को प्रतिवर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर, 1985 को स्वयंसेवक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से, अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, सरकारों, नागरिक समाज संगठनों आदि द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने लगा। यह दिवस उन लोगों और संगठनों का सम्मान करता है जो दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अपना समय और ऊर्जा स्वेच्छा से देते हैं। स्वयंसेवकों को मान्यता देने के साथ-साथ, इस दिन का उद्देश्य परोपकार, सेवा एवं सहायता के रूप में स्वयंसेवा को बढ़ावा देना भी है। यह स्वयंसेवकों से जुड़े संगठनों और व्यक्तिगत स्वयंसेवकों को स्वयंसेवा को बढ़ावा देने, सरकारों को स्वयंसेवी प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करने और स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की उपलब्धि में स्वयंसेवकों के योगदान को मान्यता देने का अवसर प्रदान करता है। पूरी दुनिया में 970 मिलियन स्वयंसेवक हैं। भले ही लाखों स्वयंसेवक हों, लेकिन दुनिया को हमेशा और अधिक की आवश्यकता है। आज देश एवं दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में जिस स्वयंसेवक संगठन की उपयोगिता एवं सार्थकता की चर्चा है, जिसकी विलक्षणताओं एवं विशेषताओं पर शोध हो रहा है, वह है भारत का शताब्दी वर्ष मना रहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जो दुनिया सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। संघ देश की सरकारों तथा गैर-सरकारी संस्थाओं को आर्थिक तथा सामाजिक विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देने एवं राष्ट्रीय अस्तित्व एवं अस्मिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्मरण कराता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का एक दक्षिणपंथी, हिन्दू राष्ट्रवादी, अर्धसैनिक, स्वयंसेवक संगठन हैं, जो भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी का व्यापक रूप से पैतृक संगठन माना जाता हैं। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपेक्षा संघ या आर.एस.एस. के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। बीबीसी के अनुसार संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संस्थान है। इसकी स्थापना सन् 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन मोहिते के बाड़े नामक स्थान पर डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी। संघ के 5 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई विश्व की पहली शाखा आज 50 हजार से अधिक शाखाओ में बदल गई और ये 5




स्वयंसेवक आज करोड़ों स्वयंसेवकों के रूप में हमारे समाने हैं, जो स्वयं में एक विलक्षण एवं अद्भुत उदाहरण है। संघ आर्थिक असंतुलन, सांस्कृतिक उन्नयन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। राष्ट्र कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत के लिये संघ प्रयासरत है।

संघ की विचारधारा में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, हिंदू राष्ट्र, राम जन्मभूमि, अखंड भारत, समान नागरिक संहिता जैसे विषय हैं, जो देशवासियों को देश की समरसता की ओर ले जाते हैं। 1975 के बाद से धीरे-धीरे इस संगठन का न केवल सामाजिक-सांस्कृतिक बल्कि राजनीतिक महत्व बढ़ता गया और इसकी परिणति भाजपा जैसे राजनीतिक दल के रूप में हुई जिसे आमतौर पर संघ की राजनीतिक शाखा के रूप में देखा जाता है। संघ की स्थापना के 75 वर्ष बाद सन् 2000 में प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार भारत की केन्द्रीय सत्ता पर आसीन हुई। इसके पश्चात 2014 एवं 2019 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री नेतृत्व इसकी सरकार बनी हैं।

संघ का मूल उद्देश्य भारत को उसकी अपनी सभ्यता एवं संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में पहचान प्रदान करना है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संघ या आरएसएस के नाम से अधिक लोकप्रिय है। इसका मुख्यालय महाराष्ट्र के नागपुर में है। संघ के छोटे बड़े लगभग 55 स्वस्थ समाज निर्माण में जुटे संगठन एवं गतिविधियां हैं जो संसारभर में फैले हैं। महात्मा गाँधी ने 1934 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर की यात्रा के दौरान वहाँ पूर्ण अनुशासन, समर्पण देखा और छुआछूत की अनुपस्थिति पायी। इससे प्रभावित होकर उन्होंने संघ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संसार का अकेला ऐसा संगठन है जिसमें आज तक भ्रष्टाचार, पदलिप्सा या अनैतिकता की स्थिति नहीं आई। इस समय संघ द्वारा करीब 25,028 सेवा-प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। ये प्रकल्प देश के 30 प्रांतों में 11,498 स्थानों पर चल रहे हैं। ये सेवा कार्य भिन्न-भिन्न क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक विकास, कौशल विकास, गोसेवा आदि। भौगोलिक दृष्टि से 16,101 सेवा कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में, 4,266 वनवासी क्षेत्रों में, 3,412 सेवा बस्तियों में और शेष स्थानों पर 1,249 सेवा कार्य चल रहे हैं। संघर्षों से जूझने की क्षमता संघ को अपने उदयकाल से ही प्राप्त है। इसके सामने प्रारंभ से जैसी संघर्षपूर्ण परिस्थितियां रही है, साधारण व्यक्ति या संस्था उसके सामने टिकने का साहस नहीं कर पाता। किन्तु जिसकी जन्मघूंटी के साथ ही अनुशासन, सहिष्णुता, संगठन, राष्ट्रीयता के संस्कार मिल जाये, वह कभी हार नहीं सकता। अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थितियों का आकलन इस दिवस की सार्थकता को व्यक्त करता है। आरएसएस में स्वयंसेवक इस शब्द का अर्थ होता है- स्वेच्छा से काम करने वाला। संघ के विचारों को मानने वाले और नियमित तौर पर शाखा में जाने वाले लोगों को संघ का स्वयंसेवक कहा जाता है।

# ट्रंप की बेहतरीन टीम में शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं?

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ की नज़रे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप क़े व्हाइट हाउस जाकर पद संभालने पर लगी हुई है,क्योंकि उनके चुने जाने भर से ही इज़राइल हमास का 60 दिवसीय युद्ध विराम लागू हो गया है। ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी का विचार,बांग्लादेश चीनपाकिस्तान पर नकेल कसने की बातों सहित अनेक निर्णयों पर एक्शन रिएक्शन की संभावना का बाजार गर्म हो गया है तो दूसरी ओर ट्रंप प्रशासन के लिए,की जा रही महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, मूल भारतवंशियों की झोली में आई है,जिसमें हम देख रहे हैं कि ट्रंप की बेहतरीन टीम में अभी तक शामिल साथी भारत को एक सहयोगी के रूप में देखते हैं, इसलिए बांग्लादेश के इस्कॉन पीठाधीश की गिरफ्तारी, जमानत रद्द कर जेल भेजने तथा



अन्यों की गिरफ्तारी व भारत बांग्लादेश संबंधों की खराबी के एक्शन पर रिएक्शन देखने को मिल सकता है तो वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स सम्मेलन में डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेंसी लाने के विचार पर भी रिएक्शन आ गया है,शनिवार दिनांक 30 नवंबर 2024 को देर शाम ट्रंप का बयान आया कि भारत सहित 9 देशों को खुली चेतावनी देकर कहा ऐसा हुआ तो 100 पेर्सेंट टैरिफ लगाकर अमेरिकी बाजार उन देशों के लिए बंद कर देंगे, सहित अन्य मुद्दों पर पूरी दुनियाँ की नज़रें लगी हुई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से,इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिकी मूल्यों से लबरेज परोकार बेहतरीन टीम के साथ पद संभालने व्हाइट हाउस में आ रहे हैं ट्रंप...ट्रंप प्रशासन में भारतवंशियों का दबदबा दिखने की संभावना?



किशन भावनानीं

साथियों बात अगर हम ट्रंप प्रशासन क़े व्हाइट हाउस आने व भारतवंशियों के ट्रंप प्रशासन में दबदबा दिखने की संभावना की करें तो, अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की धमक लगातार बढ़ती जा रही है। वे शीर्ष अमेरिकी कंपनियों के उच्च पदों से लेकर देश की राजनीति में भी अहम पदों तक पहुंच रहे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने आगामी प्रशासन के लिए अब तक कई भारतवंशियों को नामित कर चुके हैं। जबकि ट्रंप के पूर्व आध्यात्मिक सलाहकार जानी मूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय रिपब्लिकन नेता के दूसरे कार्यकाल के केंद्र में होगा।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने काश पटेल को एफबीआई डायरेक्टर पद के लिए नामित किया। पटेल ट्रंप के प्रशासन में कानून और सुरक्षा को मजबूत करेंगे। ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। साथ ही, तुलसी गबार्ड और जय भट्टाचार्य को भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं मिली हैं। उषा वेंस ट्रंप प्रशासन की नई सेकंड लेडी बनेंगी।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो के डायरेक्टर पद के लिए अपने निकट सहयोगी एवं विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। यह सेलेक्शन ट्रंप के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि सरकार की कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। साथ ही ट्रंप ने अपने विरोधियों के विरुद्ध प्रतिशोध की इच्छा जताई है। ऐसे में इस पद के लिए पटेल का चयन मायने रखता है।काश पटेल की नियुक्ति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही। पटेल अमेरिका में कानून व्यवस्था और नेशनल सिक्योरिटी को मजबूत करने पर फोकस करेंगे। 44 वर्षीय पटेल 2017 में तत्कालीन ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम कुछ हफ्तों में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में भी काम कर चुके हैं।पेशे से वकील पटेल का संबंध गुजरात में वडोदरा से रहा है। पटेल भारत में अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर दिए बयान की वजह से भी चर्चा में रहे थे।निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने विवेक रामास्वामी को नए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के लिए चुना है। बिजनेसमैन रामास्वामी का काम सरकार को सलाह देना होगा। भारतवंशी रामास्वामी करोड़पति शख्स हैं और एक दवा कंपनी के फाउंडर भी हैं।वें राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल थे लेकिन बाद में उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली। इसके बाद उन्होंने ट्रंप का समर्थन करने का फैसला किया था।उनके माता-पिता केरल से अमेरिका चले गए थेसिनसिनाटी, ओहियो में जन्मे और पले-बढ़े, भारतीय मूल के बिजनेसमैन राष्ट्रीय स्तर के टेनिस खिलाड़ी थे। डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) के रूप में सेवाएं देंगी। गबार्ड चार बार सांसद रह चुकी हैं। वह 2020 में वह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। गबार्ड के पास पश्चिम एशिया और अफ्रीका के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तीन बार तैनाती का अनुभव है। वह हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं।ट्रंप ने भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक जय भट्टाचार्य को देश के टॉप हेल्थ रिसर्च एवं वित्त पोषण संस्थानों में से एक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के निदेशक के रूप में चुना है। इसके साथ ही भट्टाचार्य, ट्रंप द्वारा शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित होने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बन गए हैं। डॉ. भट्टाचार्य रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर के साथ मिलकर राष्ट्र के मेडिकल रिसर्च की दिशा में मार्गदर्शन करेंगे।

## राजकाज



### संवैधानिक अधिकार की बात और राजनीति

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के संभल जाने को लेकर सियासत गरमाई हुई है। जहां विरोधी इसे नाटक करार दे रहे हैं तो वहीं कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत का कहना है कि राहुल गांधी का संभल जाना उनका संवैधानिक अधिकार है। राहुल या अन्य नेताओं को संभल जाने से रोकना मतलब कुछ न कुछ है जिसे छुपाने की कोशिश की जा रही है। संभल जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में जहां पांच लोगों की मौत हुई वहीं अनेक पुलिसकर्मी घायल हुए, जिसे लेकर अब राजनीति गरमाई हुई है। क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि क्या राहुल गांधी को हक नहीं है कि वे वहां जाकर शांति की अपील करें, दुःखी लोगों को ढांढस बधाएं और शोक संतप्त परिवारों से मिलें। आखिर इसमें किसी को क्या दिक्कत हो सकती है? ये सब तो सही है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि आखिर ऐसी स्थिति बनने से पहले ही सार्थक प्रयास क्यों नहीं किए जाते हैं?

### किसानों के मामले में बीजेपी मुश्किल में....

देश में किसानों का आंदोलन एक बार फिर दिल्ली कूच के साथ ही चर्चा में आ गया है। कहा जा रहा है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों के मुद्दे को लेकर सरकार पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। धनखड़ ने किसानों के मुद्दे को जिस तरह से कृषि मंत्री के समक्ष रखा उसने सत्यपाल मलिक की याद ताजा करा दी है। एक समय था जब जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल रहे जाट नेता मलिक ने किसानों के मुद्दे को लेकर सीधे तौर पर पीएम मोदी को कटघरे में खड़ा कर दिया था। यही वजह है कि विश्लेषक लगातार कह रहे हैं कि किसानों के मुद्दे पर जिस तरह से जाट नेता सभी जगहों पर सवाल उठा रहे हैं, इससे भाजपा के साथ ही केंद्र सरकार भी मुश्किल में खुद को पा रही है और उन पर नैतिक दबाव भी पड़ रहा है।

### सैनी बता रहे किसका है किस पर विश्वास

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिल्ली का दौरा कर वापस चंडीगढ़ पहुंचे, तो उनसे ऐसे-ऐसे सवाल किए गए कि वो घिरते नजर आए। इसी बीच सीएम सैनी ने भी ऐसे-ऐसे जवाब दिए कि सुनने वाले हैरान हो गए। दरअसल सीएम सैनी ने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के लोगों का भाजपा और एनडीए में बड़ा विश्वास है। सैनी की यह बात किसी को पच नहीं रही, खासतौर पर उन विपक्षियों को जो महाराष्ट्र चुनाव में बड़ी धांधली होने के आरोप लगा चुके हैं। विरोधी तो यही कह रहे हैं कि यदि ईमानदारी से चुनाव हों और सही परिणाम आएं तो भाजपा और उनके सहयोगियों को 25 सीटें भी मिल जाएं तो बड़ी बात होगी। बहरहाल इन सब बातों से किसी को काई फर्क तो पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि 05 दिसंबर को महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण समारोह है और इसी के साथ नई सरकार अपना काम-काज शुरु करेगी, फिर जरुर सीएम सैनी से पूछा जाएगा कि अब बताएं किसका किस पर कितना भरोसा है, क्योंकि महाराष्ट्र में सरकार चलाना भी किसी टेढ़ी खीर से कम बात नहीं है।

## फीचर



# समस्याओं का समाधान बताते हैं यंत्र

कहते हैं इन चक्रों और यंत्रों की सहायता से लोग अपने मन में उठ रहे सवालों, जीवन में आने वाली कठिनाइयों आदि का समाधान पा सकते हैं। इन चक्रों और यंत्रों की सहायता लेकर केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि ज्योतिष और पुरोहित लोग भी सटीक भविष्यवाणियां तक कर देते हैं।

हिन्दू धर्म के अनेक ग्रंथों में कई तरह के चक्रों और यंत्रों के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। जिनमें राम शलाका प्रश्नावली, हनुमान प्रश्नावली चक्र, नवदुर्गा प्रश्नावली चक्र, श्रीगणेश प्रश्नावली चक्र आदि प्रमुख हैं। कहते हैं इन चक्रों और यंत्रों की सहायता से लोग अपने मन में उठ रहे सवालों, जीवन में आने वाली कठिनाइयों आदि का समाधान पा सकते हैं। इन चक्रों और यंत्रों की सहायता लेकर केवल आम आदमी ही नहीं बल्कि ज्योतिष और पुरोहित लोग भी सटीक भविष्यवाणियां तक कर देते हैं। श्री राम शलाका प्रश्नावली का उल्लेख गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस में प्राप्त होता है। यह राम भक्ति पर आधारित है। इस प्रश्नावली का प्रयोग से लोग जीवन के अनेक प्रश्नों का जवाब पाते हैं। इस प्रश्नावली का प्रयोग के बारे कहा जाता है कि सबसे पहले भगवान श्रीराम का स्मरण करते हुए किसी सवाल को मन में अच्छी तरह सोच लिया जाता है।फिर शलाका चार्ट पर दिए गए किसी भी अक्षर पर आंख बंद कर उंगली रख दी जाती है। जिस अक्षर पर उंगली रखी जाती है, उसके अक्षर से प्रत्येक 9वें नम्बर के अक्षर को जोड़ कर एक चौपाई बनती है, जो प्रश्नकर्ता के प्रश्न का उत्तर होती है। यह बात बहुत कम लोगों को पता है कि हनुमानजी एक उच्च कोटि के ज्योतिषी भी थे। इसका कारण शायद यह हो सकता है कि वे शिव के ग्यारहवें अंशावतार थे, जिनसे ज्योतिष विद्या की उत्पत्ति हुई मानी जाती है। कहते हैं, हनुमानजी ने ज्योतिष प्रश्नावली के 40 चक्र बनाए हैं। यहां भी प्रश्नकर्ता आंख मूंद कर चक्र के नाम पर उंगली रखता है। अगर उंगली किसी लाइन पर रखी गई होती है, तो दोबारा उंगली रखी जाती है।

## प्रेरणा

# अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ?सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है। प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।



## अपनी बात



राज्यसभा के सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने धनखड़ ने कहा कि विपक्ष केवल मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है और नाटक कर रहा है। मगरमच्छ के आंसुओं से किसानों का हित नहीं पूरा होगा। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र की शुरुआत के बाद से नियम 267 के तहत दायर कोई भी नोटिस किसानों के मुद्दों से संबंधित नहीं है।



राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संसद का सत्र चल रहा है और इस सत्र में इंडी गठबंधन का बिखराव और संविधान के प्रति उनका दुराव देश की जनता को स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कल राज्यसभा में विपक्षी दल द्वारा नियम 267 के तहत यानी सभी कार्य रोक कर किसी मुद्दे पर चर्चा की जाए, इसके तहत 42 नोटिस आए थे और 9 अलग अलग नोटिस आए थे, जो इंडी गठबंधन के दो दलों ने एक विषय के लिए नहीं दिया था।

## ब्रीफ न्यूज

### छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

**गुना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामनेर के विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य जीके माली के संरक्षण में विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्यनरत कक्षा 9वी से 11वी के बीएफएसआई एवं आईटी के विद्यार्थियों को हिंदूपथ आईटीआई संस्थान में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान संस्थान के प्राचार्य अजय चौहान के निर्देशानुसार ट्रैनिंग ऑफिसर गिरराज यादव द्वारा संस्थान में संचालित विभिन्न ट्रेडों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान व्यावसायिक शिक्षक सौरभ वास्त्री, सौरभ सिंह राजपूत, बृजेश किरार, निशारा बानो एवं शिवानी शिवहरे का सहयोग रहा।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 का आयोजन स्थगित

**गुना।** संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 का विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा दिनांक 5 से 11 दिसम्बर के मध्य, जिला स्तरीय आयोजन 13 से 15 दिसम्बर के मध्य, संभाग स्तरीय आयोजन 17 से 22 दिसम्बर के मध्य तथा राज्य स्तरीय आयोजन 24 से 28 दिसम्बर तक किया जाना था। जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स-2024 का आयोजन किये जाने के लिये कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया था। बैठक में कलेक्टर द्वारा विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा एवं जिला स्तरीय आयोजन की दिनांक, स्थान, समय एवं खेल मैदानों का चयन किया जा चुका था। माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वी, एवं 12वीं की छमाही परीक्षा आयोजित होने के कारण आयोजन की तिथियों में संशोधन किया जा रहा है। आयोजन की नवीन तिथियां संचालनालय भोपाल से पृथक से भेजी जाने के उपरांत खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 का आयोजन जिले में किया जावेगा।

### ग्राम सांकाखुर्द में अतिक्रमण हटवाकर आवेदक को दिलाया कब्जा

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा समय-समय पर राजस्व विभाग से संबंधित मामलों के निराकरण के निर्देश दिये जाते हैं तथा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर मौके पर जाकर कार्यवाही की जाती है। तहसीलदार चांचौड़ा श्री अमित जैन ने बताया कि इसी क्रम में आज तहसील चांचौड़ा के ग्राम सांकाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 168 रकबा 2.633 हेक्टेयर शिवचरण पुत्र गोपीलाल सेवा खातेदार की भूमि है उक्त भूमि पर न्यायालय के आदेश दिनांक 04/03/2022 को अवैध कब्जा हटाने का आदेश पारित किया गया । अतिक्रमित भूमि से कब्जा हटाने के लिए निर्देशित किया गया परन्तु समय सीमा में अतिक्रमणकर्ताओ द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। जिससे नायब तहसीलदार वृत रमडी द्वारा दल गठित कर कब्जा हटाने की कार्यवाही हेतु आदेशित किया।

### बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

# पन्हेटी आगजनी मामले में चार और आरोपियों को पकड़कर भेजा जेल

सत्ता सुधार ■ गुना



जिले के फतेहगढ थाना अंतर्गत ग्राम पन्हेटी घटनाक्रम के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पन्हेटी में शासकीय वन भूमि के कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच चले आ रहे विवाद में 1 नवम्बर 24 को दोंनों पक्षों में झगड़ा हुआ था, जिस पर से दोंनो पक्षों पर आपराधिक प्रकरण पंजीवद्ध किये गये थे । जिसमें एक पक्ष के फरियादी आनंद बंजारा निवासी ग्राम पन्हेटी की रिपोर्ट पर नामजद 12 आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 277/24 धारा 118(1), 115(2), 296, 351(3), 191(3), 191(2), 190, 125 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । जिसमें फरियादी आनंद बंजारा द्वारा बताया गया था कि 1 नवम्बर 24 के दोपहर में वह अपने पिता कल्लू बंजारा एवं भाई पप्पू बंजारा के साथ ग्राम पन्हेटी में अपने रेंज वाले खेत पर टपरिया बना रहा था। इसी दौरान गल सिंह भिलाला, जगदीश भिलाला, मोहन भिलाला, संतोष भिलाला, कमलेश भिलाला, हेमा बंजारा, सोनू बंजारा, लखन बंजारा, सीताराम बंजारा, महेन्द्र भिलाला, भूरा भिलाला एवं लल्लू भिलाला निवासीगण ग्राम पन्हेटी के एक राय होकर लाठी, कुल्हाड़ी, तीर कमान, बंदूक आदि हथियार लेकर आये और गाली-गलौंच करते हुए हम तीनों पिता-पुत्र के साथ मारपीट की गई। साथ ही उनके ट्रेक्टर में आग लगा दी एवं ट्यूबवेल का गड्डा भी मिट्टी, पत्थरों से पूर कर नुकसान किया गया एवं जाते-जाते बंदूक से हवाई फायर भी किया गया। इस घटना में घायल कल्लू बंजारा को गंभीर चोटें आई थी, जो अभी भोपाल में इलाजरत है। उक्त अपराध की विवेचना में प्रकरण में धारा 118(2), 326(ए), 326(एफ) बीएनएस इजाफा की गई। इस विवाद में ही दिनांक 26 नवम्बर 24 को भिलाला समाज के कुछ लोगों द्वारा आक्रोशित होकर फरियादी पक्ष के लोगों के घरों पर तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना कर काफी नुकसान पहुंचाया गया था । इस घटना को लेकर फतेहगढ़ थाने में पृथक से अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त तीनों ही प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं । जिसके तहत गल सिंह भिलाला की हत्या के मामले में 27 नवम्बर 24 को तीन आरोपियों एवं 26 नवम्बर को तोड़फोड़ व आगजनी के प्रकरण में 1 दिसंबर 24 को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । प्रकरणों में फरार शेष आरोपियों की तलाश के क्रम में फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा गत् 3 दिसंबर को अप.क्र. 277/24 में फरार चार आरोपियों संतोष उर्फ अल्पया पुत्र राधेश्याम भिलाला, सीताराम पुत्र उदय बंजारा, सोनू पुत्र पप्पू बंजारा एवं लखन पुत्र कन्हैया बंजारा निवासीगण ग्राम पन्हेटी थाना फतेहगढ़ जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं जिन्हें बुधवार को न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है । तीनों ही प्रकरणों में शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं । पुलिस की इस कार्यवाही मे एसडीओपी गुना श्री विवेक अष्ठाना के नेतृत्व में फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा, सउनि विजय सिंह परिहार, सउनि केदार सिंह, सउनि अनिल कदम, प्रधान आरक्षक रामकुमार कुशवाह, प्रधान आरक्षक इंदलसिंह धाकड़, महिला आरक्षक भावना रघुवंशी, आरक्षक कुलदीप धाकड़, आरक्षक योगेज जाट, आरक्षक पवन शर्मा, आरक्षक बृजमोहन सहरिया, आरक्षक मनोज धाकड़, आरक्षक दिव्यांश भार्गव, आरक्षक गोविन्द आदिवासी, आरक्षक विवेक कुशवाह, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक हरिओम परमार एवं आरक्षक सुनील असैया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 200 बीघा वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया

### राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया

सत्ता सुधार ■ गुना

गुना। भू-माफिया और वन भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए जिले के वन विभाग ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान में 200 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल, अग्निशमन वाहन, वज्र वाहन, एंबुलेंस, और अश्रु गैस दल तैनात किए गए। यह अभियान डीएफओ अक्षय राठौर के मार्गदर्शन और बीनागंज रेंजर सौरभ द्विवेदी के नेतृत्व में घंटों तक चला। इसमें राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने हिस्सा लिया।

अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई परिक्षेत्र बीनागंज के कुंभराज बीट की खजूरी खेड़ी वन भूमि पर की गई।

अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर अभियान

गुना वन मंडल के अंतर्गत रेंजर सौरभ द्विवेदी द्वारा लंबे समय से वन भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को की गई कार्रवाई इस अभियान का 11वां चरण था। इससे पहले, पागड़ीघटा में 200 बीघा, बटावदा में 150 बीघा, चारणपुरा में 80 बीघा, सागोडिया में 90 बीघा, और चांचौड़ा में 15 बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाई जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इस फोर्स में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वन मंडल अधिकारी शामिल हैं। पागड़ीघटा की भूमि पर कार्रवाई का प्रस्ताव वर्ष 2023 में टास्क फोर्स द्वारा पारित किया गया था। हालांकि, विधानसभा और लोकसभा चुनावों के कारण यह अभियान स्थगित रहा।



### पूर्व में कार्रवाई के दौरान हो चुके हैं हमले

वन विभाग की कार्रवाई के दौरान हिंसक घटनाएं भी सामने आई हैं। दिसंबर 2022 में पागड़ीघटा में अतिक्रमण रोकने के लिए खंती खुदाई के दौरान वन विभाग के अमले पर प्राणघातक हमला हुआ था। स्थानीय लोगों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला किया, जिसमें कई वनकर्मी घायल हो गए थे। एक डिप्टी रेंजर को गंभीर चोटें आई, और उन्हें तीन महीने तक इलाज करवाना पड़ा। इस मामले में 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मृगवास थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था।

### बेहतर तालमेल से संभव हो सकी कार्रवाई

वन विभाग की जमीनों से अतिक्रमण हटाने के दौरान वन विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग के बीच तालमेल की कमी अक्सर देखने को मिलती है। कई बार वन विभाग को पुलिस और प्रशासन का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता, जिससे झड़पें होती हैं। लेकिन बीनागंज रेंज इस मामले में अलग उदाहरण प्रस्तुत करता है। यहां रेंजर सौरभ द्विवेदी ने विभागीय अधिकारियों और पुलिस के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे हैं, जिससे हर अभियान में उन्हें पूरा सहयोग मिलता है। यही वजह है कि उनके प्रयासों को मुख्यालय भोपाल द्वारा 2021, 2022 और 2023 में गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया गया।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

गुना जिले में भू-माफिया और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। शासन ने वन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त न करे। बीनागंज रेंज की सफलता को देखते हुए यह उम्मीद की जा रही है कि अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की कार्रवाई तेज की जाएगी। विगत दिवस गुना केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा गुना दौरे के दौरान भी भू-माफिया के विरुद्ध सख्ती अख्तियार करने के निर्देश दिये गये थे। बहरहाल जिले में वन भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए प्रशासन, पुलिस और वन विभाग का संयुक्त प्रयास प्रशंसनीय है। इस अभियान से न केवल वन क्षेत्र सुरक्षित रहेगा, बल्कि यह अवैध कब्जेदारों को कड़ा संदेश भी देगा।

# जिले में 98 विद्यालय की 111 कक्षाओं में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण का किया आयोजन



सत्ता सुधार ■ गुना

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एन.सी.ई.आर.टी.ई. के द्वारा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 दिनांक 04.12.2024 कों पूरे देश में एक साथ आयोजन किया जा रहा है। जिला गुना में 98 विद्यालय की 111 कक्षाओं में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण का आयोजन किया गया है। भोपाल से परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की मॉनटिरिंग के लिये ओ.आई.सी. सुवोध सक्सेना, एपीसी अकेडमिक लखन सिंह परिहार, बीआरसी चांचौड़ा, बीएसी चाचौड़ा द्वारा उत्कृष्ट बीनागंज श्रीकृष्ण मेमोरियल बीनागंज, सरस्वती शिशु मंदिर वंदना कान्वेन्ट शासकीय उ.मा.वि.मृगवास, शा.मा.वि.सानई के विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिले के मॉनिटरिंग दल मे जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रपाल सिंह सिशोदिया, डाईट प्राचार्य एसके वशिष्ट, एपीसी श्री मुकेश श्रीमाल द्वारा स्पर्श पब्लिक स्कूल रूठियाई, शांती विद्याविहार रूठियाई, उत्कृष्ट राघौगढ, केन्द्रीय विद्यालय गेल का निरीक्षण किया है। जिले के सहायक संचालक प्रेरणा गुप्ता, राजेश गोयल समस्त एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र, समस्त डाईट अकेडमिक फैकल्टी समस्त बीआरसीसी बीएसी जिले के विकासखण्डो मे मॉनिटरिंग मे विद्यालयो का निरीक्षण एवं फील्ड इनवेस्टीगेटर का मार्ग दर्शन किया जिससे राष्ट्रीय सर्वेक्षण का कार्य सकुशल संपन्न हुआ। जिले के 111 कक्षाओं में 111 फील्ड इनवेस्टीगेटर आरोन विकासखण्ड में 13 बमौरी में 08 चाचौडा में 14 गुना में 50 राघौगढ़ में 26 फील्ड इनवेस्टीगेटर सर्व का कार्य शाला समय से 30 मिनिट पूर्व शाला में पहुंच कर सर्वे कार्य प्रारंभ किया।

# श्रद्धापूर्वक श्रीमद् भागवत कथा सुनने से भगवान की प्राप्त हो सकती हैः हरे कृष्ण दास

सत्ता सुधार ■ गुना



मानस भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम हुआ। कथा के अंतिम दिवस कथा व्यास श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज ने श्री कृष्ण की विविध लीला प्रसंगों द्वारा जन सामान्य को शिक्षाप्रद एवं आत्म- कल्याण के उपदेशों से लाभान्वित किया। जीव की आंतरिक मंगल की बात करते हुए आपने कहा कि भगवान की भक्ति नौ प्रकार की हैं। श्री कृष्ण की कथा श्रवण करना, कीर्तन करना, स्मरण करना, चरण सेवा करना, पूजा-अर्चन करना, प्रणाम करना, दास्य भाव से सेवा करना, मित्रभाव से व्यवहार करना एवं सर्वस्व भाव से आत्मसमर्पण करना। इन सभी भजनांगों में श्रीकृष्ण के नामों का कीर्तन संकीर्तन करना सर्वश्रेष्ठ है। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य जी ने बताया कि मित्रता श्रीकृष्ण सुदामा जैसी होनी चाहिए। असली मित्र वही है जो सुख-दुःख में साथ दे और सद्मार्ग पर लेकर चले । आजकल के मित्र नशा करना सिखाते है, व्यभिचार करना सिखाते हैं, और कुमार्ग पर लेकर जाते हैं।

# मुनिसंघ के सानिध्य में तीन दिवसीय रजत वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ गुना




श्री मज्जिनेन्द्र वासुपूज्य भगवान की रजत वेदी प्रतिष्ठा एवं स्वर्ण कलशारोहण महा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को मुनिश्री निर्दोष सागरजी, निर्लोभ सागरजी एवं निरूपम सागरजी महाराज के सानिध्य में आरंभ हुआ। इस अवसर पर प्रातः प्रतिष्ठाचार्य मनोज जैन लल्लन भैयाजी एवं जिनेश भैयाजी के निर्देशन में श्रीजी की नित्य अभिषेक, पूजन, देवाज्ञा, गुरू आज्ञा, जाप्यानुष्ठार आरंभ हुआ। तत्पश्चात भव्य घटयात्रा मंदिर से आरंभ हुई। जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः वासुपूज्य जिनालय पहुंची। यहां संध्या प्रमोद कुमार जैन द्वारा ध्वजोहरण किया। तत्पश्चात आचार्य निमंत्रण, मंडल शुद्धि हुआ। तत्पश्चात मुनिसंघ की देशना, सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, वेदी शुद्धि का कार्यक्रम हुआ। वहीं शाम को महामहोत्सव में कुबेर इंद्र बने विवेक कुमार रोकड़िया के निज निवास से महाआरती का जुलूस आरंभ हुआ। जो वासुपूज्य मंदिर पहुंचा। यहां संगीतकार प्रथम जैन द्वारा अपने मधुर भजनों के साथ भगवान की महाआरती कराई। तीन दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन 5 दिसंबर को प्रातः श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा उपरांत याग मंडल विधान आरंभ हुआ।

### वारदात

### बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से सकतपुर रोड के लोग सहमे

# सकतपुर रोड पर बदमाशों ने की सेंधमारी का प्रयास, परिवार जागा तो भागे

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के बूढ़े बालाजी के आगे स्थित सकतपुर रोड पर अपराधियों की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात इलाके के हेमराज साहू के घर में सेंध लगाने की कोशिश ने यहां के निवासियों को दहशत में डाल दिया है। यह घटना उस समय हुई जब घर के बाहर मौजूद सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध बदमाशों की चहलकदमी देखी गई। गनीमत यह रही कि परिवार की सतर्कता के चलते बदमाश अपनी साजिश में कामयाब नहीं हो पाए।

### कैसे हुआ वारदात का प्रयास

दरअसल यहां लगातार दूसरी दिन रात के सन्नाटे में हेमराज साहू के घर के पास 10-12 अज्ञात बदमाश जमा हुए। उन्होंने घर में घुसने की कोशिश करते हुए ताले चटकाने का प्रयास किया। लेकिन इसी दौरान घर के भीतर हलचल सुनकर परिवार जाग गया। जब सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया तो बाहर बदमाशों की हरकतें साफ नजर आईं। परिवार ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिससे बदमाश घबरा गए और मौके से फरार हो गए।



### इलाके में दहशत का माहौल

यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब इलाके के निवासी पहले से ही पिछले दिन हुई डकैती से डरे हुए हैं। रिटायर्ड बैंक कैशियर के घर में हुई डकैती ने पहले ही लोगों की नींद उड़ा दी थी। उस घटना में भी दर्जनभर बदमाश शामिल थे, जिन्होंने दिनदहाड़े घर में घुसकर लूटपाट की। दो दिन में लगातार हुई इन घटनाओं से इलाके के लोग पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। निवासियों का कहना है कि पुलिस अभी तक किसी भी मामले में कोई ठोस सुराग नहीं ढूंढ पाई है। पहले हुई डकैती के बदमाशों का पता लगाने में असफल पुलिस के लिए यह घटना एक और चुनौती बन गई है।

### क्या कहना है स्थानीय निवासियों का

स्थानीय लोगों का मानना है कि अपराधियों की इन गतिविधियों से उनका जीना मुश्किल हो गया है। एक स्थानीय निवासी ने बताया, बदमाशों का इस तरह खुलेआम घूमना और चोरी-डकैती का प्रयास करना पुलिस की लापरवाही को दर्शाता है। अगर इन्हें जल्द नहीं पकड़ा गया तो बड़ी वारदातें हो सकती हैं। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। बहरहाल सकतपुर रोड पर लगातार बढ़ती घटनाओं से न सिर्फ वहां के लोग सहमे हुए हैं, बल्कि यह पुलिस के लिए भी बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा है।

# रजिस्टार कार्यालय में कार्यरत भृत्य की संदिग्ध मौत



**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में बीती रात एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। स्थानीय भुल्लनपुरा निवासी 28 वर्षीय केशव पुत्र दुर्गा प्रसाद पिप्पल, जो आरोन के रजिस्टार कार्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत था, अपनी ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौट रहा था। सेमरी घाटी के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सिर और गर्दन पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने घटना को सड़क हादसा मानने से इनकार करते हुए इसे सोची-समझी साजिश बताया है। उनका कहना है कि केशव को पहले दो बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उसकी हत्या कर इसे दुर्घटना का रूप दिया गया है, क्योंकि बाइक को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। फिलहाल बुधवार को पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# दूसरे बच्चे की प्लानिंग करते समय पेरेंट्स को ध्यान रखनी चाहिए ये जरूरी बातें



बच्चा पहला हो या दूसरा, उसे प्लान करते समय पेरेंट्स को कई अहम बातों का ध्यान रखना पड़ता है। जरा सी लापरवाही, आपके बच्चे को आपसे दूर कर सकती है। दूसरे बच्चे की प्लानिंग करते समय ध्यान रखें ये बातें

- दूसरे बच्चे की प्लानिंग करते समय सबसे पहले अपने बड़े बच्चे की उम्र को जरूर ध्यान में रखें। पहले बच्चे के पैदा होते ही तुरंत दूसरा बच्चा पैदा करना दोनों की परवरिश में खलल डाल सकता है।
- दूसरा बच्चा प्लान करने से पहले अपने बड़े बच्चे को कम से कम टॉयलेट ट्रेनिंग जरूर दे दें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा अपनी छोटी-मोटी जरूरतें खुद ही पूरा कर सकता है या नहीं।
- हमेशा दूसरा बच्चा अपने पहले बच्चे के 3-4 साल बाद प्लान करें। आपका बच्चा प्लान चाइल्ड होना चाहिए। ऐसा होने पर पैरेंट्स बड़े बच्चे को पूरा अटेंशन दे पाते हैं और छोटे बच्चे की परवरिश भी आसानी से हो जाती है।

## कैसे करें समझदार पेरेंटिंग

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स की सीनियर मनोवैज्ञानिक और हैप्पीनेस स्टूडियो की संस्थापक डॉ भावना बर्मी बताती हैं कि दूसरा बच्चा प्लान करते समय अगर माता-पिता कुछ अहम बातों का ध्यान रख लें तो पेरेंटिंग की राह उनके लिए थोड़ी आसान हो सकती है। आइए जानते हैं दूसरा बच्चा प्लान करने वाले हर माता-पिता के लिए क्या है डॉक्टर की एक्सपर्ट एडवाइस।

- दूसरी बार बच्चा प्लान करने को लेकर डॉक्टर भावना का कहना है कि महिलाएं पहली या दूसरी बार बच्चा तभी प्लान करें जब वो शारीरिक रूप से खुद को फिट समझती हों, तभी बच्चे को जन्म देने का फैसला आपका अच्छा हो सकता है।
- आपका दूसरा बच्चा भी पहली की ही तरह एक प्लान बेबी होना चाहिए। ताकि आप इस बात को अच्छी तरह सुनिश्चित कर सकें कि दूसरा बच्चा पैदा होने पर आप अपने पहले बच्चे के लिए कौन सा और कितना वक्त निकाल पाएंगे।
- दूसरा बच्चा प्लान करते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि कहीं आपसे अपने पहले बच्चे की अनदेखी तो नहीं हो रही। इससे बचने के लिए आप अपने पहले बच्चे को होने वाले बच्चे के साथ इन्वाल्व करने की कोशिश करें। उदाहरण के लिए बच्चे से ही पूछें कि होने वाले बच्चे का बेड कैसा होना चाहिए।
- बच्चे से बात करते समय हमेशा पॉजिटिव शब्दों का चयन करके उसे भी स्पेशल फील करवाएं। डॉक्टर भावना उदाहरण देते हुए बताती हैं कि ऐसा करते समय आप अपने बच्चे से कह सकती हैं कि होने वाला बच्चा भले ही उन्हें प्यारा हो लेकिन आपका पहला बच्चा आपके लिए बेहद खास या प्रेशियस है।
- प्रेगनेंसी के दौरान ही बच्चे को दिमागी रूप से आने वाले बच्चे के लिए भी तैयार करें। इसके लिए आप उसे बार-बार यह अहसास करवाएं कि आने वाला बच्चा उसका भी छोटा भाई या बहन है। ऐसा करते समय पैरेंट्स बड़े बच्चे को भी पूरा अटेंशन दें। अगर आप इन सब बातों का ध्यान रखते हैं तो बड़े बच्चे के मन में कभी भी घर में असुरक्षित होने या नजरंदाज किए जाने की भावना विकसित नहीं होगी।

# प्रेग्नेंसी के बाद कैसे करें वजन कम, जानिए ये 5 उपाय

मोटापा महिलाओं में दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। पहले पीरियड्स रेग्युलर नहीं होने पर यह समस्या होने लगती है। फिर प्रेग्नेंसी के बाद मोटापा बढ़ने लगता है। मोटापा बढ़ने से दूसरी समस्याएं भी बढ़ने लगती है। थकावट, आलसीपन घर करने लगता है। थोड़ा अधिक चलने में सांस फूलने लगती है, ज्यादा चल नहीं पाते, थोड़ा बहुत काम करके थक जाते हैं। आइए आपको बताएंगे डिलेवरी के बाद कैसे अपने वजन को कम करें। यह जानकारी आपको सामान्य इलाज के तौर पर बताई जा रही है। स्वास्थ्य में ठीक नहीं लगने पर डॉक्टर से सलाह लेकर भी कर सकते हैं-

- अजवाइन के पानी का सेवन आप कर सकती है। एक बाउल में अजवाइन डालकर उस पानी को गुनगुना कर पी लें।
- ग्रीन टी एक्सट्रा चर्बी कम करने, वजन घटाने में सबसे कारगर मानी जाती है। इसका सेवन आप डॉक्टर से सलाह-मश्वरा जरूर कर सकते हैं।
- मेथीदाने आपके शरीर के एक्सट्रा फैट को कम करने में सबसे अधिक कारगर है। अगर इससे शरीर में गर्मी होती है तो आप थोड़ा सा घी रखकर इसे सेंक लीजिए और सुबह खाली पेट ठंडे पानी से ले लीजिए। इससे आपको पेट में गर्मी नहीं लगेगी।
- रात को सोने से पहले जायफल के दूध का सेवन कीजिए। सुनने में जरूर अजीब लगेगा लेकिन यह बेहद कारगर उपाय है। एक कप गर्म दूध में जायफल का पाउडर मिक्स कर पी लीजिए। इससे पेट बहुत जल्दी अंदर होता है।
- दालचीनी और लौंग के सेवन से भी आपका पेट कम हो जाता है। आधा चम्मच दालचीनी और 2-3 लौंग मिक्स कर लें पानी में डालकर उबाल लें। एक महीने तक इसका लगातार सेवन कीजिए। फर्क आपको नजर आने लगेगा।



# पेपर क्राफ्ट से निखारें बच्चों का हुनर

बच्चों को ड्राइंग और पेंटिग करने का बहुत शौंक होता है। पढ़ाई हो या फिर अनुशासन वह हमेशा खेल-खेल में चीजें आसानी से सीख लेते हैं। किताबों के साथ-साथ उन्हें कुछ ऐसी



एक्टिविटी के भी सीखाते रहना चाहिए जो उनके काम आए और वह उसमें दिलचस्पी भी दिखाएं। घर पर पड़े बेकार समझे जाने वाले प्लास्टिक के गिलास का इस्तेमाल करके भी आप बच्चों के साथ मिलकर बहुत सी चीजें बना सकते हैं। जैसे कार्टून,बर्थडे कैप, एनिमल, स्पाइडर आदि बना सकते हैं। रंग बिरंगे कलर्स के साथ आप इसके साथ और भी कई तरह के एक्सपैरिमेंट कर सकते हैं। इससे बच्चे खुश भी हो जाएंगे आप भी उनके साथ क्वालिटी टाइम बिता सकेंगे। इसके अलावा वह अपने आइडिया से भी बहुत कुछ बना सकते हैं। आइए आपको कुछ तस्वीरें दिखाते हैं, जिससे आप भी कुछ आइडियाज ले सकते हैं।



## बच्चों को पिलाएं
# ग्राइप वाटर

ग्राइप वाटर बच्चों को शुरूआती दिनों में दिया जाता है। हालांकि इसके बारे में कुछ लोगों का मानना है कि यह बच्चों के लिए नुकसानदेह होता है लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पहले ग्राइप वाटर में एल्कोहल का इस्तेमाल हुआ करता था लेकिन इन दिनों ग्राइप वाटर में सोडियम बाइकार्बोनेट और जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया जाता है। सोडियम बाइकार्बोनेट बच्चों के पेट से गैस निकालने में मदद करता है। इसके अलावा, नवजात बच्चा पूर्ण रूप से मां के दूध पर निर्भर होता है। कुछ स्थितियों में बच्चे को बाहरी चीजों की जरूरत भी होती है, जिस वजह से बच्चे को ग्राइप वाटर पिलाया जाता है। आज हम आपको इसी के बारे में बताएंगे की शिशु को ग्राइप वाटर पिलाने से क्या फायदा मिलता है।

वैसे तो ग्राइप बोतल पर शिशु को पिलाने की मात्रा बताई होती है लेकिन अपने शिशु को ग्राइप वाटर पिलाने से पहले डॉक्टरी से उसके बारे में अच्छे से पूरी जानकारी लें। फिर डॉक्टर से ही पूछ कर बच्चों को पर्याप्त मात्रा में ग्राइप वाटर पिलाएं। बच्चे के लिए कैसे फायदेमंद है ग्राइप वाटर?

### गैस से छुटकारा

नवजात में गैस की समस्या अक्सर देखने को मिलती है, जिससे बच्चे को काफी दिक्कत से गुजरना पड़ता है। ऐसे में ग्राइप वाटर फायदेमंद रहता है। इससे गैस की समस्या दूर होती है लेकिन शिशु के ग्राइप वाटर देने से पहले डॉक्टर से एक बार जरूर सलाह लें।

### हिचकी से राहत

नवजात शिशु में हिचकी की समस्या भी रहती है। लोगों का मानना है कि ज्यादा हिचकी आने से पेट का आकार बढ़ जाता है। हिचकी को रोकने के लिए शिशु को ग्राइप वाटर दिया जाता है।

### डीहाइड्रेशन से बचाव

शिशु शुरुआत के छह महीने अपनी मां के दूध पर निर्भर होता है इसलिए अधिक गर्मी के दौरान उनका मुंह और गला सूखने लगता है जिस दौरान उन्हें ग्राइप वाटर देने से पानी की कमी को रोका जा सकता है।

### दांत दर्द से छुटकारा

शिशु के नए दांत निकलते हैं तब उन्हें काफी दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। इस दौरान शिशु को दस्त भी लग जाते है। ऐसे में उसे ग्राइप वाटर देना चाहिए, जो काफी हद तक दांत दर्द को दूर रखता है।





## इन तरीकों से सुलझाएं
# बेटी की प्रॉब्लम

पीरियड्स एक ऐसा नैचुरल प्रोसेस है, जिससे सभी औरतों को गुजरना पड़ता हैं।पीरियड्स की शुरूआत 12 से 14 साल के बीच होने लगती है। बदलते लाइफस्टाइल में यह समस्या घर की चारदीवारी में न रहकर बल्कि इस पर खुल कर चर्चा होने लगी है लेकिन आज भी कुछ महिलाएं इस विषय पर खुलकर बात करने से डरती है। यहां तक की एक मां अपने बेटी को इसकी जानकारी देने से शर्माती है लेकिन बेटी को इस के बारे समय आने पर जानकारी देना बहुत जरूरी है, जो मां की जिम्मेदारी भी है। ऐसे में अपनी बेटी को पीरियड्स के बारे में बताते समय घबराए नहीं।

### हार्मोनल बदलाव बताएं

बेटी को पहले महिलाओं के शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव की जानकारी दें। उसे बताएं कि इस बदलाव के कारण महिलाओं में चिड़चिड़ी और तनाव होना स्वाभाविक है। बेटी को बताएंगे कि यह प्रक्रिया किसी एक लड़की में नहीं बल्कि इस उम्र की हर लड़की होती है।

### साफ-सफाई जानकारी दें

पीरियड्स की जानकारी देते हुए कहें कि यह नैचुरल प्रोसेस है, जिससे हर लड़की गुजरती है। यह प्रोसेस उनकी अच्छी सेहत के लिए जरूरी भी है। इसके बाद बेटी को नैपकीन का इस्तेमाल करने और उसे डिस्पोज करने, साफ-सफाई रखने की जानकारी दें।

### टीवी या किताबों के जरिए

बहुत सी लड़कियों को तो इसके बारे में जानकारी ही नहीं होती है, जिस वजह से फर्स्ट टाइम पीरियड्स आने पर लड़कियां घबरा जाती है। इसलिए उन्हें समय पर इसकी जानकारी देना बहुत जरूरी है। टीवी में अक्सर आने वाली नैपकिन एड के बारे में अगर बेटी सवाल करें तो वह समय उसको पीरियड्स की जानकारी देने के लिए बैस्ट होगा।

### सैनिटरी नैपकिन के बारे में बताएं

बेटी को सैनिटरी नैपकिन जानकारी दें। नैपकीन को यूज करने का तरीका और कितने समय में उसे बदलना है, शुरूआती समय में बेटी के लिए यह जानकारी काफी मयाने रखती है। इसलिए इसके बारे में कोई शर्मिंदगी महसूस न करें।

# शादी के बाद लड़कियों में आते है ये बड़े बदलाव

शादी के बाद लड़कियों अपना घर छोड़ कर ससुराल जाना पड़ता है। अक्सर देखा जाता है कि शादी के बाद लड़कियों को अपनी कई पुरानी आदतें छोड़कर नई आदतें अपनानी पड़ती है। इसी के साथ लड़कियों में कई मानसिक और शारीरिक बदलाव आते है। आइए जानते है शादी के बाद लड़कियों में किस तरह के शारीरिक और मानसिक बदलाव आते है।

### वजन बढ़ना

हार्मोन चेंज के कारण शादी के बाद लड़कियों को ज्यादा भूख लगने लगती है। जिसके कारण उनके शरीर में फैट जमा होने के कारण वजन बढ़ने लगता है।

### इमोशनली

शारीरिक के साथ-साथ लड़कियों में शादी के बाद कई इमोशनल चेंजिस भी आते है। शादी के बाद जिम्मेदारियों के कारण लड़कियों को कुछ भी करने से पहले सोचना पड़ता है।

### सेंस्टिविटी

लड़कियों की बॉडी शादी के बाद पुरूषों के टच के प्रति ज्यादा सेंस्टिविटी हो जाती है। इसके अलावा पुरूषों के हार्मोन संपर्क में आने से वो जिम्मेदार बनना शुरू हो जाती है।

### मानसिक बदलाव

एक शोध के मुताबिक शादी के बाद लड़कियों का आईक्यू और भी बेहतर हो जाता है। इसा के कारण वो ससुराल की मुश्किल सिचुएशन को भी आराम से संभाल लेती है।

### ग्लोइंग स्किन

शादी के बाद लड़कियों में हार्मोन रिलिज के कारण स्किन सॉफ्ट, ग्लोंइग और हेंल्दी हो जाती है।

### पीरियड्स की समस्या

अक्सर शादी के बाद उनके मासिक धर्म की तारीख में उतार-चढाव आ जाते है। ऐसे में इसे इग्नोर करने की बजाए इसका डॉक्टरी इलाज करवाएं।



# राम चरण की फिल्म आरसी16 में हुई दिव्येंदु की एंट्री

तेलुगु सुपरस्टार राम चरण अपनी आगामी फिल्म आरसी16 (अस्थाई नाम) को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर के नजर आने की चर्चा बीते कुछ समय से काफी ज्यादा चल रही थी। इस बीच इस फिल्म में अब एक और सितारे की एंट्री हो गई है। वेब सीरीज मिर्जापुर में मुन्ना भैया का किरदार निभाने वाले दिव्येंदु अब राम चरण के साथ पर्दे पर नजर आने वाले हैं।

### फिल्म में हुई मुन्ना भैया की एंट्री

हाल ही में निर्माताओं ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी फैंस के साथ साझा की है। वृद्धि सिनेमाज के आधिकारिक एक्स पेज पर दिव्येंदु के फिल्म में काम करने की पुष्टि की गई है। साथ ही, निर्माताओं ने यह भी जानकारी दी है कि फिल्म में उनके लिए खास तरह का किरदार तैयार किया गया है।

### निर्माताओं ने दी जानकारी

इस एक्स पोस्ट में दिव्येंदु खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता के फोटो के साथ पोस्ट में लिखा है, हमारे पसंदीदा मुन्ना भैया, उनके लिए खास तौर पर तैयार की गई शानदार भूमिका में बड़े पर्दे पर छाएंगे। इस पोस्ट पर लोग काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए और उन्होंने दिव्येंदु को राम चरण के साथ पर्दे पर देखने की अपनी उत्सुकता व्यक्त की। निर्देशक ने किया खास अंदाज में स्वागत फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने भी फिल्म में उनकी एंट्री पर खुशी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारे और आपके भैया....मुन्ना भैया...फिल्म में आपका स्वागत है...आइए धमाल मचाते हैं।

### स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है आरसी 16

आरसी 16 की बात करें तो इसे एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म माना जा रहा है। हाल ही में मैसूर जाते हुए राम चरण की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। कथित तौर पर आरसी 16 की शूटिंग 22 नवंबर को मैसूर में शुरू हुई थी। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। बुची बाबू सना रंगस्थलम और उप्पेना जैसी शानदार फिल्में लिख चुके हैं। यही वजह है कि फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।



# पति पत्नी और वो 2 में नजर आ सकती हैं रवीना टंडन



कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर का आक आमच्या पांडे की फिर पति पत्नी और वो को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म 6 दिसंबर 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 86.89 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया था। पति पत्नी और वो के सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है। अब खबर आ रही है कि फिल्म की स्टार कास्ट में रवीना टंडन भी शामिल हो सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... पति पत्नी और वो 2 में मुख्य भूमिका निभाने लिए निर्माताओं ने रवीना से संपर्क किया है। फिल्म के निर्देशक मुदस्सर अजीज और रवीना के बीच बातचीत जारी है। इस फिल्म में रवीना एक बोल्ड महिला का किरदार निभाएंगी, जो कार्तिक के जिंदगी में उलझन पैदा करती है। यह कार्तिक और रवीना के बीच पहला सहयोग होने वाला है। फिलहाल इस खबर की ऑफिशियल पुष्टि होना बाकी है। पति पत्नी और वो 2 की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि अगले साल की शुरुआत में फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।




# छावा की बदली रिलीज डेट

## पुष्पा 2 - द रूल से नहीं होगा क्लैश

विक्की कौशल की फिल्म छावा की रिलीज डेट बदल गई है। दिलचस्प है कि मेकर्स ने यह फैसला तब लिया है, जब हफ्ते भार बाद ही यह सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। छत्रपति संभाजी महाराज पर बनी छावा पहले 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2- द रूल से होने वाली थी। लेकिन अब फिल्म को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। मेकर्स ने घोषणा की है छावा अब 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। वैसे, दिलचस्प यह है भी है कि रिलीज की यह नई तारीख विशेष महत्व रखती है, क्योंकि 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती है। लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी छावा में विक्की कौशल मराठा योद्धा-राजा छत्रपति संभाजी की भूमिका निभाएंगे। छावा में विक्की कौशल के अलावा अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता, नील भूपालम और संतोष जुवेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण हुआ है।



# आप जैसा कोई है होगा माधवन-फातिमा की फिल्म का नाम

भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता और निदेर्शक करण भाजन दिनों अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुटे हुए हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में आर माधवन और फातिमा सना शेख की जोड़ी नजर आएगी। यह पहला मौका है, जब दोनों कलाकार परदे पर साथ नजर आने वाले हैं। अब माधवन और फातिमा की फिल्म के शीर्षक से परदा उठ गया है। यह एक रोमांटिक फिल्म होने वाली है। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी रखा गया है, लेकिन इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार... माधवन और फातिमा की फिल्म का नाम ठरकी नहीं, बल्कि आप जैसा कोई है है, जिसके निर्देशन की करण ने विवेक सोनी को सौंपी है। राधिका आनंद और जहान हांडा ने इस फिल्मी कहानी लिखी है। यह फिल्म एक लव स्टोरी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। हालांकि यह प्रेम कहानी थोड़ा हटके होगी। माधवन फिल्म में एक उम्रदराज आदमी के किरदार में होंगे, वहीं फातिमा एक युवा लड़की की भूमिका में होंगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। धर्मा प्रोडक्शंस का नेटफ्लिक्स से गहरा नाता रहा है।

# पुष्पा 2 के लिए उत्साहित हैं रश्मिका मंदाना

**अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने गुरुवार को इफ्फी गोवा के 55वें संस्करण में पुष्पा 2 फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म का सीक्वल गुरुवार को रिलीज होने वाला है। फिल्म पुष्पा- द राइज काफी भावुक करने वाली कहानी रही है।**

पुष्पा 2- द रूल में तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का सेट रश्मिका के लिए घर की तरह ही था। उन्होंने कहा, फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद वे थोड़ी परेशान हो गईं थीं। फिल्म के दूसरे हिस्से की रिलीज को लेकर रश्मिका बहुत ही उत्साहित हैं।

5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है पुष्पा 2 फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फाजिल भी नजर आने वाली है। उन्होंने कहा, मैं पिछले सात-आठ सालों से इंडस्ट्री में हूं, जिनमें से पांच साल मैं पुष्पा के सेट पर रही हूं। मेरे लिए पुष्पा मेरा घर है।

अभिनेत्री ने कहा, मैं दुनिया में कहीं भी जाती हूं, मैं पुष्पा के सेट पर वापस घर लौटती हूं। मेरे लिए, यह मेरे दिमाग में अवचेतन रूप से चलता रहता है कि मैं दुनिया में कहीं भी जाऊं, मैं वापस घर आऊंगी। यह थोड़ा दुखद है लेकिन साथ ही मैं एक अभिभूत स्थिति में हूं, जहां मुझे नहीं पता कि वास्तव में क्या महसूस करना है। मैं दुखी हूं लेकिन साथ ही मैं उत्साहित भी हूं।

### पुष्पा 2 को लेकर बोलीं रश्मिका

रश्मिका ने कहा, आप सोच रहे होंगे कि पुष्पा 2 पूरी तरह से एक्शन से भरपूर फिल्म होगी, लेकिन यह बेहद भावनात्मक है। इसमें एक पारिवारिक पहलू भी है, जो कि अधिकांश भाग में है। इसलिए जितना आप पुष्पा के स्वैग और एक्शन का इंतजार कर रहे हैं, उतना ही भावनात्मक ड्रामा का भी इंतजार कर रहे हैं। यह सब कुछ का मिश्रण होने जा रहा है।

# शाहिद कपूर की आगामी एक्शन फिल्म के लिए उत्साहित हैं विद्या बालन

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म देवा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीम द्वारा फिल्म की रिलीज डेट हाल ही में साझा की गई है, जिससे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक उत्साह बढ़ गया है। वहीं अब विद्या बालन ने अपने सोशल मीडिया पर इस थ्रिलर को बड़े पर्दे पर देखने के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की है। पहले शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की आने वाली फिल्म देवा 14 फरवरी 2025 को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन, टीम ने फिल्म की बड़े पर्दे पर रिलीज की तारीख को बदलकर 31 जनवरी 2025 कर दिया है, जिससे दर्शकों का इंतजार कम हो गया है। टीम द्वारा घोषणा किए जाने के तुरंत बाद, विद्या बालन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे रीपोस्ट किया। उन्होंने आगे अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए लिखा, येय बहुत उत्साहित हूं। अरे देवा, 31-01-25 का इंतजार नहीं कर सकती। इस फिल्म का निर्माण विद्या के पति और फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। फिल्म की नई तारीख के बारे में टीम द्वारा आधिकारिक रूप से घोषणा करते हुए कैप्शन में लिखा, बैठ जाइए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है! देवा आपके सोचने से भी पहले आ रहा है- 31 जनवरी, 2025! प्रचार वास्तविक है, ऊर्जा उम्मीद से ऊपर है, और हम आपको उम्मीद से पहले इस एक्शन से भरपूर थ्रिलर को लाने के लिए उत्साहित हैं! अपने कैलेंडर को चिह्नित करें और एक दिल-धड़कन वाले अनुभव के लिए तैयार हो जाएं जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे! ऐसा नहीं है कि सिर्फ देवा को ही नई रिलीज डेट मिली है। विक्की कौशल की फिल्म छावा अब 6 दिसंबर, 2024 के बजाय 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एंटरटेनर के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की है।





# विक्की कौशल ने पत्नी कैटरीना कैफ को क्यों कहा सूबेदार?

विक्की कौशल अपनी पत्नी कैटरीना कैफ की तारीफ करते नहीं थकते। अक्सर अभिनेता अपने अभिनय कौशल या डांस मूव्स के लिए अभिनेत्री को श्रेय देते नजर आते हैं। लेकिन इस बार, उन्होंने अपने स्टाइल का श्रेय उन्हें दिया है। छावा अभिनेता ने हाल ही में एक इवेंट के रेड कार्पेट पर रैंप वॉक किया। अभिनेता ने बताया कि कैसे कैटरीना उनके वॉर्डरोब की जिम्मेदारी संभालती हैं, जिससे वह कपड़े बदलकर थोड़ा प्रेजेंटेबल दिखते हैं। उन्होंने पत्नी कैटरीना को अपनी स्टाइल टीम का सूबेदार बताया और साझा किया कि कैटरीना उन्हें अक्सर कार्यक्रमों के लिए कपड़े चुनने में मदद करती है। जब विक्की कौशल से उनके पहनावे की पसंद के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुद को फैशन हैंडिकैप्ड बताया और साझा किया कि आकर्षक और प्रेजेंटेबल दिखने के लिए वह अपनी टीम पर निर्भर हैं। विक्की कहते हैं, मैं वास्तव में एक फैशन हैंडिकैप्ड इंसान हूं। मैं खुद को थोड़ा प्रस्तुत करने योग्य बनाने के लिए अपनी स्टाइल टीम पर भरोसा करता हूं।

### पत्नी को बताया स्टाइल टीम का सूबेदार

जब उनसे पूछा गया कि क्या कैटरीना कभी किसी कार्यक्रम में जाने से पहले उनसे अपना पहनावा बदलने के लिए कहती हैं, तो अभिनेता ने तुरंत कहा, हां, निश्चित रूप से वह स्टाइल टीम की सूबेदार हैं। सिर्फ विक्की ही नहीं कैटरीना भी अपने पति विक्की की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़तीं।

### कैटरीना भी बांध चुकी हैं पति की तारीफों के पुल

इस साल की शुरुआत में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने उन दिनों के बारे में बात की थी जब उन्हें अच्छा महसूस नहीं हो रहा था और उन्हें अपनी असुरक्षाओं से निपटने के लिए आश्वासन की जरूरत थी। वह याद करती हैं कि कैसे उनके पति उन्हें खुद के साथ नम्र रहने की याद दिलाने में मदद करते थे।

# 'महायोगी' 13 दिसम्बर को सिनेमाघरों में

ईश्वर ने बड़े प्रेम से मानव जाति को बनाया है और इंसानों में वह अपने ही प्रेम की छवि तलाश करते हैं। आज हर तरफ शैतानी ताक़तें सर उठाती ही जा रही है। इंसान भूल चूका है कि वह साक्षात ईश्वर का ही स्वरूप है। ऐसे में महायोगी हम सब से कहने आये हैं, कि अब ऐसा नहीं होगा। अब मानवता के जागने की बारी आ गई है। कलयुग अपने अंतिम चरण पर है और धरती माता, प्रकृति, पूरा ब्रह्माण्ड और स्वयं ईश्वर, अब दुष्टों का दमन करने को तैयार है। उन्होंने महायोगी के माध्यम से हम सब को आह्वान किया है कि हम धार्मिक, सामाजिक और आंतरिक भेदभाव भूल कर आपसी प्रेम, शांति और वैश्विक एकता के रास्ते पर चल पड़ें। तभी कलयुग का अंत और सतयुग का आरम्भ होगा। निर्माता निर्देशक राजन लूथरा अपनी फिल्म फ्रमहायोगी हाईवे 1 टू वननेसफ्र के माध्यम से ईश्वर की यही बातें लोगों तक पहुंचा रहे हैं कि उनके प्रेम और आपसी सद्भाव में ही ईश्वर बसते हैं, और कहीं नहीं। 13 दिसम्बर 2024 को आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में आ रहे हैं परमेश्वर के सन्देश को आप तक पहुंचाने वाले महायोगी। प्रिंस मूवीज़ के राकेश सभरवाल फ़िल्म को ऑल इंडिया रिलीज़ कर रहे हैं।



## ब्रीफ न्यूज

### साल,स्टाल वितरण



**दमोह।** जिला जेल दमोह में नाथूराम मिश्रा ज्ञानामृत एजुकेशन सोसायटी के तत्वावधान में परिरुद्ध पुरुष बंदियों को साल व महिला बंदियों को साल के साथ-साथ स्टाल भी वितरित किए गये. कार्यक्रम का शुभारंभ जेल अधीक्षक सी.एल.प्रजापति ने अपने उद्बोधन के साथ किया. जिसमें उन्होंने बंदियों से आपराधिक मनः स्थिति को त्यागकर समाज की मुख्य धारा में जुड़ने के लिए आह्वान किया.नाथूराम मिश्रा ज्ञानामृत एजुकेशन सोसायटी के सम्मानित सदस्य मिथलेश मिश्रा ने बंदियों से नशा व धूम्रपान का त्याग करने के लिए कहा. सोसायटी के कोषाध्यक्ष बलराम गौतम ने सोसायटी द्वारा किए जाने वाले नवाचारों व गतिविधियों से अवगत कराया. कार्यक्रम का संचालन जेल शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला ने किया. उक्त कार्यक्रम में ज्ञानामृत एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष संतोष मिश्रा, सचिव श्रीमती सपना मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री बलराम गौतम, सदस्य मिथलेश मिश्रा, मदन नामदेव,सरवेन्द्र लोधी व बलराम लोधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति ने आभार व्यक्त किया।

### टीएमटी इको कलर डॉपलर (हृदय की जांच) अब जिला चिकित्सालय सीहोर में

**सीहोर।** जिला चिकित्सालय सीहोर में अब हृदय की एडवांस जांच इको कलर डॉपलर एवं टीएमटी जिला चिकित्सालय सीहोर में सम्भव होगी। जिसका आज 5 दिसम्बर 2024, दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे इको का वर्कशॉप रखा गया है। जिसमें भोपाल से प्रख्यात कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुमित भटनागर अपना व्याख्यान देंगे। इको वर्कशॉप के कॉर्डिनेटर डॉ आरके वर्मा मेडिकल विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय सीहोर ने बताया कि इस वर्कशॉप में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय डॉक्टर को ओरिएंटेशन के लिए आमंत्रित किया गया है। जो कि जिला चिकित्सालय की मीटिंग हॉल में एवं आईसीसीयू में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी जाएगी। कलेक्टर प्रवीण अडायच, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया एवं सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण गुप्ता द्वारा जिला चिकित्सालय में सुविधा होने पर बधाई दी है।

### सद्गुवा उप स्वास्थ्य केंद्र ने बनाया रिकॉर्ड, हुआ 113 यूनिट रक्तदान

**दमोह।** दमोह जिले के पथरिया तहसील के अंतर्गत सद्गुवा उप स्वास्थ्य केंद्र में जहां पर डॉक्टर पुष्पेंद्र त्रिपाठी कमान संभालते हैं, जिनका स्वभाव लोगों के प्रति बहुत ही सकारात्मक रहता है उनकी इस पहल पर बढ़-चढ़कर सभी लोगों ने रक्तदान किया और शाम होते-होते 113 यूनिट रिकॉर्ड रक्तदान हुआ, पथरिया बीएमओ डॉ शशिकांत पटेल ने भी लोगों की इस जागरूकता के लिए डॉ त्रिपाठी को बधाई दी, दमोह जिले के मुखिया कलेक्टर सुधीर कोचर भी उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर लोगों के रक्तदान मैं सहयोगिता निभाने वालों को प्रमाण पत्र बांटे और इस जागरूकता के लिए वहां के लोगों और डॉ पुष्पेंद्र त्रिपाठी के इस कार्य की सराहना की।

# डॉक्टर ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को मरीज का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन देकर मनाया

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

जिला चिकित्सालय में फिर हुआ बच्चेदानी का जटिल ऑपरेशन अशोक नगर जिला चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा यादव को ओपीडी में हाथ पैरों की सूजन की समस्या लेकर अशोकनगर निवासी गुड्डी बाई उम्र 40 साल ने दिखाया जिसकी जांच करने के बाद पता चला कि उसके शरीर में रक्त की अधिक कमी हो गई है जो 4 ग्राम ही रह गया था जिसके कारण उसके हाथ पैरों में सूजन आ रही थी जिसे पहले जिला चिकित्सालय में चार यूनिट खून चढ़ाया गया उसके बाद उसकी जांच की गई तो पता चला कि उसके बच्चेदानी में बहुत सारी बड़ी-बड़ी घठाने बन चुकी है जिनके कारण माहिल को मासिक धर्म के दौरान अधिक मात्रा में रक्त निकल रहा था जिससे मरीज की जान को जोखिम हो सकता था अगर बच्चेदानी का आपरेशन करके समय पर निकाल दिया जाए तो महिला की जान



को बचाया जा सकता महिला व उनके परिजनों को इसके बारे जानकारी दी गई तो उन्होंने बताया कि हमारी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है और हम बहार जाकर आपरेशन कराने में असमर्थ हैं मरीज की स्थिति को देखते हुए स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा यादव ने निर्णय लिया कि गुड्डी बाई का ऑपरेशन जिला चिकित्सालय में किया जाएगा महिला के परिजनों को आपरेशन में होने वाले सभी खतरों के बारे में समझाया और उनके लिखित सहमति के बाद ही ऑपरेशन की तैयारी की गई और सफल ऑपरेशन किया इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन बड़े शहरों में होते हैं जिनका खर्चा अधिक होता है आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कई मरीज अपनी जान गवा देते हैं परंतु कहते हैं ना कि धरती पर भगवान का रूप होता है वही हमारे जिला अस्पताल में मौजूद हैं जिन्होंने समय रहते माहिला का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नया जीवन दिया जिला चिकत्सालय में सफल ऑपरेशन के उपरांत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीरज छारी एवं सिविल सर्जन डॉ डी के भार्गव ने डॉ मनीषा यादव को बधाई प्रेषित की है एवं उनका उत्साहवर्धन किया आपरेशन में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ दीपक जैन डॉ नितिन गुप्ता की टीम ने सफल एनेस्थीसिया दिया आपरेशन में नर्सिंग स्टाफ सुश्री लक्ष्मी और सुश्री महिमा का विशेष सहयोग रहा।

# सकल हिन्दू समाज ने निकाली विशाल आक्रोश रैली

## हाथों में तकती और काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**सत्ता सुधार ■ मुंगावली**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही बर्बरता ओर अत्याचार को लेकर सकल हिन्दू समाज और साधु समाज के तत्वाधान में विशाल आक्रोश रैली निकाली गई साथ ही रेली में लोग हाथों में काली पट्टी बांधकर ओर तकती लेकर चल रहे थे वही रेली में जमकर नारेबाजी भी की गई सकल हिंदुओं के संगठनों द्वारा सकल हिन्दू समाज के लोगो से आह्वान किया तब कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर बर्बरता के विरोध में इस विशाल प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो जिसके चलते आक्रोश रैली में भारी संख्या में लोग शामिल हुए वही यह आक्रोश रैली नगर के मल्हारगढ़ रोड स्थित पुरानी गल्ला मंडी से दोपहर 2 बजे से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से तालाब रोड, पुराना बाजार, नया बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, बस स्टेंड होते हुए नगर परिषद ग्राउंड में पहुंची जहां यह प्रदर्शन धर्म सभा में






परिवर्तित हो गई। ओर मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया वही इस अवसर पर प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख दीपक मिश्रा ने कहा कि आज बांग्लादेश में विभाजन के समय हो घटना हुई थी उन्हें दोबारा किया जा रहा है यह निंदनीय है वही वहा हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है साथ ही ढाका के पास बने काली मंदिर को तोड़ा गया ओर माता की मूर्ति भी तोड़ी गई साथ ही वहा महिलाएं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है और धर्म परिवर्तन किया कराया जा रहा है जिसके बाद उन्हें मारा जा रहा है अगर इस तरह की घटना नहीं रोकी गई तो आने वाले समय में भारत में भी ऐसी घटनाएं देखने को मिलेगी और हम यदि आज नहीं जागे तो बहुत देर हो जाएगी।

वही आचार्य बाल मुरारी बाबू बृंदावन ने की आज हम लोगों को एक होने की आवश्यकता क्यों पड़ गई एक होने की अगर कोई भी संगठन एकत्रित हो तो कोई बड़ी बात नहीं मगर साधु संतों को एकत्रित होना पड़ रहा है और ऐसे कार्यक्रमों में बैठने की ओर बोलने की क्योंकि हम लोगों को जो पढ़ाया जाता है कि राम कथा या भागवत बोलते है हमारे गुरुजी कहते है राम राम बोलना है तो हमने कहा गुरुजी से कहा कि हमें एक हाथ में माला ओर एक हाथ में भाला लेना पड़ेगा तब कही जाकर हिन्दू की रक्षा हो सकती है माला राम के लिए ओर भाला शैतान के लिए आज बांग्लादेश में हिंदुओं की चिन्हित कर मारा जा रहा है बहा के मंदिरों को तोड़ा जा रहा है बहन बेटियों की इज्जत से खेला जा रहा है और उसकी वजह एक ही है क्योंकि हम वहां संख्या में कमजोर है वहा हमारी संख्या 30 प्रतिशत हुआ करती थी जो आज केवल 8 प्रतिशत बची अगर आज हम आवाज नहीं उठाएंगे तो हमारी संख्या इसी तरह घटती रहेगी और वह दिन दूर नहीं जब हिंदुस्तान मैं भी बांग्लादेश जैसा माहौल बन जाएगा।

# शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज में साइबर अपराधों से बचाव हेतु आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

साइबर अपराध के प्रति जागरुकता ही बचाव विद्यार्थियों को सोशल मीडिया एवं ऑनलाईन फ्रॉड से बचाव की दी गई समझाईस क्या आपके साथ हुआ है सायबर फ्रॉड बस एक कॉल 1930 करें। शिकायत दर्ज पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा साइबर अपराधों को रोकने के उद्देश्य से साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाये जाने के संबंध में निर्देश जारी किये गये है।

इस तारतम्य में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री विनीत कुमार जैन द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), समस्त थाना प्रभारियों एवं समस्त चौकी प्रभारियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है। आज दिनांक 04.12.2024 को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री विनीत कुमार जैन के निर्देशन में साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने उद्देश्य से शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में विशेष साइबर जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री विनीत कुमार जैन द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड के प्रकार डिजीटल अरेस्ट, सिम स्वैप, फिशिंग एप्लीकेशन, लोन एप्लीकेशन के माध्यम से होने वाली ठगी, अपराधी ऑनलाईन फ्रॉड कैसे करते हैं एवं उनसे बचने के संबंध में वर्ती जाने वाली सावधानियां के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाईन फॉड होने पर ऑनलाईन / ऑफलाईन शिकायत किस तरह



की जाना है उसके संबंध में भी जानकारी प्रदान की एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल हेतु गूगल पर से प्रारम्भ होने वाली बैबसाईट का ही प्रयोग करने की समझाइश दी गई। साइबर सेल अशोकनगर से सउनि0 संजय गुप्ता एवं सउनि0 अभिजीत सिंह द्वारा शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर के विद्यार्थियों को बताया गया कि ऑनलाईन फॉड मुख्यतः लालच एवं डर के कारण होते है जिसके अंतर्गत साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को डराकर अथवा लालच देकर ऑनलाईन फ्रॉड किया जाता है। वर्तमान में प्रचलित सायबर अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई जिसके अंतर्गत डिजीटल अरेस्ट, सिम स्वाईप, फिशिंग एप्लीकेशन, लोन एप्लीकेशन के माध्यम से होने वाली ठगी से बचाव के बारे में समझाया गया।

### ठेकेदार जलधर मंडल द्वारा 30 मजदूरों का भुगतान ना करने पर

# खंगराले के नेतृत्व में आदिवासी समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री दलित कांग्रेस नेता नरेन्द्र खंगराले आदिवासी कल्याण सेवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवान सिंह डाबर, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, दीपक सोनकर के नेतृत्व में बुधनी क्षेत्र के ग्राम ऊंचाखेड़ा, रेहटी, बोरघाटी रेल्वे ब्रिज के साइड तथा नेशनल हाईवे रोड होशंगाबाद बुधनी से गडरिया नाला पुल पर 30 आदिवासी महिला पुरुषों द्वारा बुधनी के जमादार कालूराम भील के नेतृत्व में मजदूरी का कार्य किया गया। शिव सागर पोस्ट हिरापुर जिला बैतुल मध्य प्रदेश के निवासी जलधर मंडल द्वारा आदिवासी



मजदूरों को 2 लाख 85 हजार रूपये मजदूरी के नही दिये जा रहे हैं। उक्त ठेकेदार द्वारा मजदूरों का मोबाईल भी नही उठाया जा रहा है। कई बार जमादार कालूराम भील के साथ मजदूर ठेकेदार के घर पर बेतुल मजदूरी का पैसा लेने पहुंचे किन्तु ठेकेदार द्वारा टालमटोल करते हुए मजदूरों को भगा दिया गया। इस कारण से मजदूर भारी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। जिनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। नेतागणों द्वारा आदिवासियों की मजदूरी के भुगतान को लेकर कलेक्टर प्रवीण सिंह के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर आनन्द सिंह रजावत को सौंपा तथा तत्काल मजदूरी भुगतान की मांग की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कालूराम भील जमादार, गुलशन भील, सुरेश भील, अनिल भील, जितेन्द्र भील, शेरसिंह भील, कुसुम बाई, रमकुबाई, काली बाई, हिरकु बाई, द्वारका बाई, रीना भील सहित बड़ी संख्या में भील समाज के पीड़ित मजदूर उपस्थित रहे।

### ग्वालटोली में श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ, राधेश्याम मंदिर से निकली कलश यात्रा



**सीहोर।** मंगलवार से ग्वालटोली में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। राधेश्याम मंदिर से बेडबाजों के साथ श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का अनेक स्थानों पर नागरिकों के द्वारा पुष्प वर्षाकर स्वागत किया गया। कथा व्यास डॉ पं अभिषेक उपाध्याय के श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत महापुराण का सार श्रवण कराया। ब्राह्मणों के सानिध्य में यजमान रमेश विश्वकर्मा ने सपत्नि समस्त देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना भगवान से कर आशिर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति के जितेंद विश्वकर्मा ने बताया की भागवत कथा प्रति दिन दोपहर एक बजे से शाम तक होगी। आयोजित समिति ने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण करने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच ने की अपील की है।

### बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध मे शाढ़ौरा में सकल हिन्दू समाज ने आक्रोश रैली निकाल कर जताया विरोध



**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर/शाढ़ौरा**

आक्रोश रैली इमली चौक मैदान से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुई वापिस इमली मैदान पुहुंची। रैली से पूर्व एक सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने उद्बोधन देते हुए बंगलादेश सरकार द्वारा अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जानबूझ कर किये जा रहे अत्याचार को निंदनीय बताया ओर चेतावनी के स्वर में कहा कि यदि बंगलादेश सरकार ने अपने रवैऐ को नहीं बदला तो इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। उन्होंने इस अवसर पर सभी को संकल्प दिलाया कि हम धर्म राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए हमेशा आगे आकर अंखड भारत की सोच को पूरा करेंगे। इस अवसर पर टेकरी धाम के महंत सुखदेवदास जी महाराज मंचासीन थे।कार्यक्रम का संचालन हर्षित जैन गांधी ने किया। रैली में पुलिस के चाक चौबंद सुरक्षा प्रबंध नजर आये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए।

### अपर कलेक्टर ने तहसील शाढौरा एवं नईसराय पहुंचकर राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा की

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**



अपर कलेक्टर श्री मुकेश कुमार शर्मा द्वारा बुधवार को तहसील शाढौरा एवं नईसराय पहुंचकर 15 दिसम्बर 2024 तक संचालित होने वाले राजस्व महाअभियान 3.0 के कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए। इस दौरान उन्होंने महा–अभियान में राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैच्युरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना की समीक्षा की गई।

# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर अनेक प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित

### 30 दिव्यांगजनों को प्रदान किए गए सहायक उपकरण

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर सीहोर स्थित पीएम चंद्रशेखर आजाद शासकीय कॉलेज में दिव्यांगजनो के सामर्थ्य प्रदर्शन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आयुक्त संदीप रजक संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले शामिल



हुए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री राठौर ने दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, और उनकी क्षमताओं को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अपने लक्ष्य को पाने के लिए दृढ़ सकंल्प के साथ मेहनत करे तो सफलता अवश्यक ही मिलती है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आयुक्त संदीप रजक ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह दिव्यांजनों को दिव्यांगता से हमेशा दिव्यता की ओर ले जाने का प्रयास करें एवं प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। दिव्यांगजनो के सामर्थ्य प्रदर्शन के लिए पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग दोनों के लिए भाला फेंक, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, रांगोली, चित्रकला, गायन, वादन, नृत्य एवं फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के तहत आयोजित दौड़ में बालक वर्ग में राजेश यादव एवं अनुराग उपाध्याय तथा बालिका वर्ग में मनीषा मीणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एकल गायन में जीत तोनगरे ने, नृत्य प्रतियोगिता में हंसिका टिमराई ने, बांसुरी वादन में सुदीप प्रजापति ने, कविता में ऋषिराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम दौरान आयोजित शिविर में 95 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा दिव्यांगजनो का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया तथा 80 दिव्यांगजनों के नवीन प्रमाण पत्र बनाए गए तथा 35 दिव्यांगजनों का नेत्र परीक्षण भी किया गया।

# संविधान दिवस के उपलक्ष्य में हुआ वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन

युवाओं ने लिया महान शिक्षाविद हरिसिंह गौर को भारत रत्न दिलाने का संकल्प

**दमोह।** जिला प्रशासन जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह द्वारा भारतीय संविधान दिवस एवं डॉ. सर हरिसिंह गौर की जयंती के उपलक्ष्य में वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन बीएसडब्लू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में अध्यनरत विद्यार्थियों के मध्य किया गया। वैचारिक संगोष्ठी के रूप में मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के समन्वयक सुशील कुमार नामदेव रहे। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए भारतीय संविधान के महत्व के बारे में प्रकाश डाला साथ ही महान शिक्षा विद सर डॉ. हरिसिंह गौर जी के योगदान से परिचय कराया।इस अवसर पर जिले के यूथ



अचीवर्स एवं संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने बताया कि हमारे भारत का संविधान अत्यंत विस्तृत और विराट है, सभी को समानता का अधिकार हमारे भारतीय संविधान में दिया गया है। आज बहुत अच्छा अवसर है कि हम सभी भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में उन सभी महापुरुषों का भी स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने इस संविधान को बनाया है चाहे वह राजेंद्र प्रसाद हो, चाहे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, चाहे सर हरिसिंह गौर हमारे बुंदेलखंड के महान शिक्षाविद रहे सर डॉ. हरिसिंह गौर भारतीय संविधान निर्माण समिति के सदस्य भी रहे हैं, जिन्होंने अपनी पूरी कमाई की पूंजी सागर विश्वविद्यालय निर्माण में दी। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने यह भी संकल्प लिया है कि हम सभी महान शिक्षाविद सर डॉ. हरिसिंह गौर को भारत रत्न दिला कर रहेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव, जिले के यूथ अचीवर्स संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल, राजकुमार सेन, दयाराम पटेल, राहुल खरे, बृजेश सेन सहित अनेक जनों की उपस्थिति रही।

# राज्यमंत्री लोधी ने 200 करोड़ रू. के विकास कार्य स्वीकृत होने पर किया केंद्र सरकार का आभार व्यक्त

**सत्ता सुधार ■ दमोह**



प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि भारत सरकार ने मध्यप्रदेश में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 200 करोड रुपए स्वीकृत किए हैं, हमने कुछ दिनों पूर्व प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने के संबंध में कुछ प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे थे, जिनमें से भारत सरकार ने लगभग 200 करोड रुपए के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर का विस्तार एवं राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए यह राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत जी को धन्यवाद देते हुए कहा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, आने वाले समय में मध्यप्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य होगा ऐसा हमारा प्रयास है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबल योजना के 10 हजार 236 श्रमिक परिवार को 225 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से की अंतरित

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

अशोकनगर जिले के 123 हितग्राहियों को 02 करोड़ 78 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि हुई अंतरित योजना 2.0 अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 10 हजार 236 प्रकरणों में श्रमिकों के परिवारों को सहायता राशि 225 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस दौरान अशोकनगर जिले के 123 हितग्राहियों को 02 करोड़ 78 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन,श्रम अधिकारी श्री प्रवेश गुप्ता एवं हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अशोकनगर के 18 हितग्राहियों को



38 लाख रूपये,जनपद पंचायत चंदेरी के 22 हितग्राहियों को 46 लाख रूपये,जनपद पंचायत ईसागढ़ के 31 हितग्राहियों को 74 लाख रूपये,जनपद पंचायत मुंगावली के 25 हितग्राहियों को 58 लाख रूपये,नगरपालिका शोकनगर के 16 हितग्राहियों को 38 लाख,नगरपालिका चंदेरी के 02 हितग्राहियों को 04 लाख,नगरपरिषद पिपरई के 05 हितग्राहियों को 12 लाख रूपये तथा नगरपरिषद मुंगावली के 04 हितग्राहियों को 08 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई। उल्लेखनीय है कि संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना में दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा भी उपलब्ध करवायी जाती है। प्रदेश के लाखों श्रमिक एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना में लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। मध्यप्रदेश सरकार ने संबल योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। संबल योजना में सभी योजनाओं जैसे अंत्येष्टी सहायता, मृत्यु अथवा दिव्यांगता पर अनुग्रह सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, प्रसूति सहायता, आयुष्मान भारत, राशन पर्ची आदि का लाभ दिया जा रहा है।

# प्रचार रथ व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण व प्रबंधन हेतु जागरुकता कार्यक्रम

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एस डी एम) ईसागढ़ के नेतृत्व में मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित पी आई यू गुना के तहत संचालित राजघाट बांध समूह जल प्रदाय योजना जनपद पंचायत ईसागढ़ की क्रियान्वयन सहायक संस्था कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटीवेशन प्रोग्राम द्वारा 139 ग्रामों में जल संरक्षण व प्रबंधन हेतु निरंतर के जन जन को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में अभियान को सतत गति देने हेतु प्रचार रथ में ऑडियो वीडियो के माध्यम से जल जीवन मिशन के उद्देश्य हेतु प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा आम जनसमुदाय तक शुद्ध व स्वच्छ जल के संकल्प के साथ ग्राम स्तर पर गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता तदर्थ समितियों की भूमिका व हम सभी की जिम्मेदारी व वर्तमान में चालू नल जल योजनाओं में जल शुद्धिकरण संयंत्र द्वारा जल शुद्धिकरण प्रक्रिया को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चयनित ग्रामों के गली मोहल्लों में अशुद्ध जल के कारण होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी के साथ राजघाट बांध समूह जल प्रदाय योजना से जनपद पंचायत ईसागढ़ के ग्रामों में मिलने वाले शुद्ध व स्वच्छ जल की जानकारी दी जा रही है। जिसके तहत प्रतिदिन अलग अलग ग्रामों में समुदाय को प्रेरित व जागरूक किया जा रहा है। उक्त जानकारी परियोजना प्रबंधक कैम्प ईसागढ़ टीम मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा दी गई।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया डॉलर के मुकाबले 84.68 पर स्थिर

**मुंबई।** रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.68 पर स्थिर रहा। विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ब्रेंट क्रूड में तेजी ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित किया, जबकि घरेलू शेयर बाजारों में तेजी की वजह से रुपये को थोड़ा समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.66 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की बढ़त को दिखाता है। शुरुआती सौदों के बाद पिछले बंद भाव के बराबर 84.68 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया मंगलवार को चार पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.68 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.50 पर रहा।

### भारत में 20 प्रतिशत साइबर अपराधों में हमलावरों ने डार्क वेब का किया इस्तेमाल: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में कम से कम 20 प्रतिशत साइबर अपराधों को डार्क वेब का इस्तेमाल करके किया जा रहा है, एक रिपोर्ट में उजागर किया गया है। डार्क वेब एक मंच है जिसे उपयोगकर्ता विशेष उपकरणों का इस्तेमाल करके पहुंच सकते हैं, पहचान करना और स्थान पता लगाना मुश्किल होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 20 प्रतिशत साइबर अपराधों में हमलावरों ने डार्क वेब का सहारा लिया है। ये अपराध डेटा सेंधमारी, हैकिंग, रैंसमवेयर आदि जैसे गंभीर अपराधों की ओर संकेत कर रहे हैं। गुरुग्राम स्थित लिसिएंथस टेक के सीईओ ने बताया कि एक व्यक्ति को डार्क वेब के माध्यम से गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल, एम्स पर रैंसमवेयर हमलों के लिए भी डार्क वेब का इस्तेमाल हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक डार्क वेब का इस्तेमाल पिछले दशक में दोगुना हो गया है।

### एंटलर इंडिया 2025 में 50 स्टार्टअप में निवेश करेगा

**नई दिल्ली।** एंटलर इंडिया एक व्यापक उद्यम पूंजी कंपनी ने एक एम्बिशनस प्लान की घोषणा की है कि 2025 में 50 स्टार्टअप कंपनियों में 2.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने इस प्लान के बारे में बुधवार को जानकारी दी। पिछले साल, एंटलर इंडिया ने अपने पहले 7.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कोष के माध्यम से 30 स्टार्टअप कंपनियों में निवेश किया था। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनकी योजना अगले साल निवेश को और बढ़ाने की है, और 2025 में 50 स्टार्टअप में निवेश करने की है। अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2024 में वे 30 कंपनियों में निवेश कर चुके हैं, जिन्हें ने उनकी कंपनी के विचारों को सत्यापित करने और मजबूत दल बनाने का मौका दिया। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि उन्हें शुरुआती ग्राहकों को प्राप्त करने का अवसर मिला। एंटलर इंडिया की इस योजना से स्थानीय उद्यमियों और नौजवान उद्यमकर्ताओं के लिए एक साफ़ संकेत मिल रहा है कि भविष्य में वे अधिक संभावना से उनके सपनों को पूरा कर सकते हैं।

### 31.2 मिलियन यूनिट की होगी मांग

# भारत का किफायती आवास बाजार 2030 तक 67 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत का किफायती आवास बाजार 2030 तक 67 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें क्यूमलेटिव मांग 31.2 मिलियन यूनिट होने की संभावना है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नाइट फ्रैंक इंडिया और सीआईआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में किफायती आवास सेगमेंट की मौजूदा कमी और आगामी मांग 2030 तक 30.7 मिलियन यूनिट होने का अनुमान है। शहरीकरण और रोजगार के अवसरों जैसे कारकों के कारण, देश के शहरी केंद्रों में 22.2 मिलियन यूनिट आवास की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस मांग का लगभग 95.2 प्रतिशत, जो 21.1 मिलियन यूनिट के बराबर है, किफायती आवास सेगमेंट में केंद्रित होगा। मांग का 45.8 प्रतिशत हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के परिवारों के बीच केंद्रित होगा, क्योंकि पहले से ही 10.1 मिलियन इकाइयों की कमी है। भारत में किफायती आवास ऋण बाजार का वर्तमान पोर्टफोलियो 13 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) का हिस्सा 6.9 लाख करोड़ रुपये और शेड्यूल कमर्शियल बैंक (एससीबी) का हिस्सा 6.2 लाख करोड़ रुपये है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, जैसे-जैसे शहरीकरण तेज होता है और आय का स्तर बढ़ता है, किफायती आवास देश के रियल एस्टेट परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी, नीतिगत हस्तक्षेप और निर्माण प्रौद्योगिकियों में प्रगति सहित इनोवेटिव रणनीतियों की आवश्यकता होगी, जिससे किफायती आवास न केवल एक सामाजिक अनिवार्यता बन जाएगा, बल्कि आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण चालक भी बन जाएगा। किफायती आवास की बढ़ती मांग के कारण इस कैटेगरी के ऋण बाजार में विस्तार होने का अनुमान है। भारत में प्रीमियम की तुलना में किफायती आवास सेक्टर में ऋण पर निर्भरता अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आवास क्षेत्र में बैंकों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (एचएफसी) के लिए वित्तपोषण अवसर 45 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# नवंबर महीने में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की 33 प्रतिशत कम हुई सेल

### इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में नवंबर का महीना कुछ निराशाजनक साबित हुआ

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

वाहन पोर्टल के डेटा के अनुसार, नवंबर 2024 में ओला इलेक्ट्रिक के 27,746 वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो अक्टूबर की तुलना में 33प्रतिशत कम है। त्योहारी सीजन में रिकॉर्डतोड़ बिक्री के बाद इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में नवंबर का महीना कुछ निराशाजनक साबित हुआ है। प्रमुख ईवी निर्माता ओला इलेक्ट्रिक की मासिक बिक्री में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। अक्टूबर में यह आंकड़ा 40,000 यूनिट्स से अधिक था, जो कंपनी के लिए अब तक का एक बड़ा माइलस्टोन था। पंजीकरण में आई गिरावट ने ओला इलेक्ट्रिक के बाजार हिस्सेदारी पर भी असर डाला। नवंबर में कंपनी का मार्केट शेयर घटकर 24 प्रतिशत रह गया, जो अक्टूबर में 30प्रतिशत था। हालांकि, इसके बावजूद, ओला इलेक्ट्रिक दोपहिया ईवी बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है। विश्लेषकों का मानना है कि बिक्री में इस गिरावट का कारण बढ़ती



प्रतिस्पर्धा, प्रोडक्ट क्वालिटी से जुड़ी शिकायतें और खराब सर्विस का होना है। अन्य प्रमुख ईवी निर्माताओं की बिक्री भी प्रभावित हुई। टीवीएस मोटर के ईवी दोपहिया वाहनों के पंजीकरण में नवंबर के दौरान 13प्रतिशत की गिरावट आई और यह संख्या 26,036 यूनिट्स रही। हालांकि, टीवीएस की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 23प्रतिशत हो गई, जो अक्टूबर में 21.5प्रतिशत थी। बजाज ऑटो की स्थिति भी इसी तरह की रही। कंपनी ने नवंबर में 24,978 ईवी दोपहिया वाहनों का पंजीकरण किया, जो मासिक आधार पर 12प्रतिशत कम है। हालांकि, बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई और यह 20प्रतिशत से बढ़कर 22प्रतिशत हो गई। एथर एनर्जी ने नवंबर में 12,217 यूनिट्स का पंजीकरण किया, जो अक्टूबर के 16,148 यूनिट्स के मुकाबले 24प्रतिशत कम है। लगातार गिरती बिक्री ने कंपनी की बाजार स्थिति को प्रभावित किया है। बड़ी कंपनियों की बिक्री में गिरावट का असर कुल ईवी बाजार पर भी पड़ा। नवंबर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का कुल पंजीकरण 1.14 लाख यूनिट्स रहा, जो अक्टूबर की तुलना में 18प्रतिशत कम है। हालांकि, सालाना आधार पर यह संख्या 23.5प्रतिशत अधिक रही, जिससे यह संकेत मिलता है कि लंबी अवधि में ईवी बाजार का प्रदर्शन सकारात्मक है। त्योहारी सीजन के बाद की यह मंदी दर्शाती है कि इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

### पुरानी गाड़ी के इंश्योरेंस से नई गाड़ी में करें बचत

**नई दिल्ली।** आप पुरानी गाड़ी बेचने की और नई गाड़ी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको नो क्लेम बोनस (एनसीबी) का लाभ लेने के बारे में विचार करना चाहिए। यह लाभ ओन डैमेज (ओडी) प्रीमियम पर मिलता है, जिससे आप नई गाड़ी के इंश्योरेंस में बचत कर सकते हैं।

एनसीबी एक प्रकार की छूट है जो पॉलिसीधारकों को तब मिलती है जब उन्होंने पूरे साल के दौरान इंश्योरेंस के तहत कोई भी दावा नहीं किया होता। एनसीबी का लाभ शुरुआत में नहीं मिलता, बल्कि यह हर साल बढ़ता जाता है, जब पॉलिसीधारक कोई क्लेम नहीं करता। पहले साल में एनसीबी शून्य होता है, लेकिन दूसरे साल में यह 20प्रतिशत तक पहुंच सकता है, तीसरे साल में यह 25प्रतिशत हो सकता है, और चौथे साल में यह 35प्रतिशत तक बढ़ सकता है। पांचवें साल तक, यदि आपने किसी भी प्रकार का क्लेम नहीं किया है, तो यह 50प्रतिशत तक जा सकता है। इसका मतलब यह है कि यदि आपने पांच साल तक कोई दावा नहीं किया, तो आप अपनी ओडी प्रीमियम पर आधी छूट पा सकते हैं।

# लोकसभा में बैंकिंग लॉ अमेंडमेंट बिल 2024 पास

### बैंक खाते में अब एक की जगह जोड़ सकेंगे 4 नॉमिनी




**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

लोकसभा में बैंकिंग अमेंडमेंट बिल 2024 पारित हो गया है, जिससे भारतीय बैंक कार्यप्रणाली में कई महत्वपूर्ण सुधार होंगे। यह बिल बारह साल में बैंक खाते में चार नॉमिनी की स्थापना की अनुमति देता है, जिससे निवेशकों की सुरक्षा में सुधार होगा। अब निवेशक आईईपीएफ के माध्यम से डिविडेंड, शेयर, इंटरेस्ट और बॉन्ड की रकम का दावा कर सकेंगे। बिल द्वारा स्थापित किए गए नियमों के अनुसार, बैंक खाताधारकों को पैसे देने के लिए दो विकल्प उपलब्ध होंगे। इन नियमों के माध्यम से अनक्लेम्ड धन को सही उत्तराधिकारी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बैंकिंग अमेंडमेंट विधेयक के लागू होने से सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर्स को अब स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक में भी काम करने की अनुमति मिलेगी। डायरेक्टर्स का कार्यकाल अब 10 साल तक बढ़ा दिया गया है। इस अद्यतनीकरण के माध्यम से सरकारी बैंकों को ऑडिटर्स की फीस तय करने और उच्चस्तरीय प्रतिष्ठित कामगारों को भर्ती करने की अनुमति होगी। यह बदलाव बैंक की ऑडिट क्षमता को मजबूत करेगा। साथ ही बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक को रिपोर्ट देने की समय सीमा में बदलाव करने की भी अनुमति होगी। इससे बैंकों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने में अधिक विश्वसनीयता और सुचारूति मिलेगी। यह बैंकिंग अमेंडमेंट बिल 2024 एक महत्वपूर्ण कदम है जो निवेशकों के हितों को सुरक्षित करने के साथ-साथ भारतीय बैंक संस्थानों को भी मजबूती देगा।

# भारतीय विमानन कंपनियां दिसंबर में हर सप्ताह 22,645 उड़ानों का संचालन करेंगी

### क्रिसमस और नए साल में हवाई किराए में तेजी नहीं

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

इस साल क्रिसमस और नए साल के दौरान यात्रा के लिए हवाई किराये में खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। विमान ईंधन की कीमतों में नरमी, विभिन्न उड़ानों की मांग में तेजी की उम्मीद के कारण फिलहाल किराये नियंत्रण में दिख रहे हैं। यात्रा वेबसाइट इग्जिगो के आंकड़ों के अनुसार 24 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच यात्रा के लिए दिल्ली-गोवा मार्ग पर औसत हवाई किराया 9,301 रुपये रहा है, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले महज 2 फीसदी अधिक है। यह किराया 30 दिन पहले बुक किए गए टिकटों के हैं। दिल्ली-कोलकाता मार्ग भारत के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है जहां हर सप्ताह 160 से अधिक उड़ानों का संचालन होता है। इग्जिगो के अनुसार 24 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच इस मार्ग पर




औसत हवाई किराये में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 29.7 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। ये किराये प्रस्थान से 30 दिन पहले बुक किए गए टिकटों के हैं। विमानन कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि हालिया सप्ताहों के दौरान लोड फैक्टर में लगातार मजबूती बनी हुई। उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताहों में भी लोड फैक्टर में मजबूती बरकरार रहने के आसार हैं। एक अधिकारी ने कहा कि विमानों के जमीन पर खड़े होने एवं अन्य कारणों से कुछ क्षमता प्रभावित हुई है, लेकिन हवाई किराये में काफी हद तक स्थिरता बनी हुई है। आने वाले दिनों में क्रिसमस सप्ताह के लिए मांग बढ़ने की उम्मीद है। विमानन विश्लेषण फर्म सिरियम के अनुसार, भारतीय विमानन कंपनियां दिसंबर में हर सप्ताह 22,645 उड़ानों का संचालन करने वाली हैं जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले करीब 8 फीसदी अधिक है।

### आरबीआई की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बुधवार से शुरू होने वाली 3 दिवसीय बैठक के बाद 6 दिसंबर को मौद्रिक नीति का ऐलान होगा। जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं करेगा, क्योंकि महंगाई के आंकड़े सेंट्रल बैंक की तय सीमा से बाहर है। हालांकि, सरकार और अन्य पक्षों का मानना है कि आरबीआई को अब रेट कट का सिलसिला शुरू करना चाहिए। वहीं ज्यादातर विशेषज्ञों का मानना है कि गवर्नर शक्तिकांत दास फरवरी की बैठक में ब्याज दर में कटौती से पहले इस सप्ताह कैश रिजर्व रेशियो (सीआरआर) में कटौती कर सकते हैं। आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी को लेकर अलग-अलग विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी है। एक रिपोर्ट के अनुसार बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज में भारत और आसियान इकोनॉमिक रिसर्च के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, महंगाई और अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए आरबीआई नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में मौजूदा स्तर 4.50 फीसदी से कटौती कर सकती है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक मौजूदा गाइडेंस में भी बदलाव कर सकता है।

# सेंसेक्स 300 अंक तक चढ़ा, निफ्टी 24,500 के पार, शेयर बाजार में तेजी के साथ शुरुआत

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को भी तेजी का रुख कायम रखते हुए बढ़त के साथ खुले। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स करीब 190 अंक की बढ़त लेकर 81,036.22 पर खुला। इससे पहले मंगलवार को यह 80,845.75 के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी बढ़त में खुला और 24,500 के पास पहुंच गया। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने लगातार तीसरे दिन बढ़त हासिल की और हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स 597.67 अंक बढ़कर 80,845.75 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 50 181.10 अंक बढ़कर 24,457.15 पर बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार विदेशी निवेशकों ने



मंगलवार को शुद्ध रूप से 3,664.67 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जबकि घरेलू निवेशकों ने 250.99 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले एच्डीएफसी बैंक और आईटी स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार में उछाल देखने को मिल रहा है। साथ ही कई दिनों तक बिकवाली करने के बाद विदेशी निवेशकों की हालिया खरीदारी ने बाजार के सेंटीमेंट पर पॉजिटिव असर डाला है। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदानी पोर्ट्स और टाटा मोटर्स के शेयर में गिरावट देखने को मिल रही है।

**नोटिस** रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट पर बकाया हैं 26 करोड़ रुपए

# अनिल अंबानी की कंपनी ने नहीं किया भुगतान, सेबी ने भेजा कुर्की का नोटिस

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उनकी एक और कंपनी मुसीबत में फंस गई है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने 26 करोड़ रुपए का बकाया वसूलने के लिए रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के बैंक खातों के साथ शेयरों और म्यूचुअल फंड खातों को कुर्क करने का आदेश दिया है। सेबी ने इससे पहले 14 नवंबर को रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड को एक नोटिस जारी कर रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के मामले में धन की हेराफेरी से संबंधित मामले में 15 दिनों के अंदर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था। रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के जुर्माने का भुगतान नहीं




करने को लेकर सेबी ने कुर्की नोटिस जारी किया। बाजार नियामक ने लंबित बकाया राशि की वसूली के लिए कंपनी के बैंक, डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड फोलियो को कुर्क करने का आदेश दिया है। नोटिस के मुताबिक रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट पर 26 करोड़ रुपए का बकाया है, जिसमें ब्याज और वसूली लागत शामिल है। नोटिस के मुताबिक सेबी ने कहा कि यह मानने के लिए पर्याप्त कारण है कि डिफॉल्टर कंपनी बैंक खातों और डीमैट खातों या म्यूचुअल फंड फोलियो में प्रतिभूतियों का निपटान कर सकती है और इसलिए देय राशि की वसूली में देरी या बाधा पैदा होगी। सेबी ने सभी बैंकों, डिपॉजिटरी और म्यूचुअल फंड से कहा कि वे खातों से किसी भी तरह की निकासी की इजाजत न दें। पिछले सप्ताह, नियामक ने कंपनी से धन के अवैध निकासी पर 78 करोड़ रुपए की कुल बकाया राशि वसूलने के लिए तीन कंपनियों को कुर्की नोटिस भेजे थे। ये कंपनियां हैं आधार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एंड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, इंडियन एग्री सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और मोहनबीर हाई-टेक बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड हैं। अगस्त में सेबी ने अनिल अंबानी, रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों सहित 24 अन्य इकाइयों को कंपनी से धन की हेराफेरी के लिए प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

# भविष्य में भी किसी महत्वपूर्ण मूल्य वृद्धि की उम्मीद नहीं

### सीमेंट की कीमत पांच साल के निचले स्तर पर

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सीमेंट की कीमतों में गिरावट से खुशखबरी मिली है क्योंकि यह सभी उम्मीदवारों के लिए आकर्षक है, जो अपने सपनों के घर की नींव रखने की सोच रहे हैं। सीमेंट सेक्टर में तेज प्रतिस्पर्धा से कंपनियों के बीच मूल्य घटाने की चुनौती देने वाली है। पिछले पांच साल के निचले स्तर पर पहुंचने से यह बड़ी कामयाबी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मांग में कमी के कारण सीमेंट की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जो कंपनियों के लिए मूल्य निर्धारण में चुनौती बना रही है। इसे स्थिति भविष्य में भी बनी रहने की संभावना है, और किसी महत्वपूर्ण मूल्य वृद्धि की उम्मीद नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 25-26 तक मांग में सुधार की संभावना है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, आवास मांग में पुनरुद्धार और रियल एस्टेट गतिविधियों से प्रेरित होगी। यह सीमेंट उद्योग के लिए बड़ी खुशखबरी है जिससे डिमांड-सप्लाई के बैलेंस में सुधार होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### पानीपत से लौटे युवक की घर में संदिग्ध अवस्था में मौत, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**मुरैना।** जिले के जौरा थाना अंतर्गत मालीबाजना गांव में अपने घर लौटे एक युवक की बुधवार की सुबह 7 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप रजक पुत्र रामजीलाल रजक उम्र 39 निवासी मालीबाजना जौरा पानीपत में मजदूरी करता है। गांव में उसका परिवार रहता है, जिसमें पत्नी चार लड़की एवं एक लड़का है। मृतक दिलीप तीन दिन पहले ही घर आया था और मंगलवार की रात वह देर से घर लौट कर आया था, तब पत्नी ने पूछा तो बोला ठंड लग रही है और वह गर्म कपड़े ओढ़कर सो गया। सुबह उसकी पत्नी ने बड़ी लड़की के बच्चे को भेजा और दिलीप ने उससे बोला सवेरा हो गया है, तो बच्चे ने कहा हां। उसके कुछ देर बाद जब पत्नी चाय लेकर पहुंची तो वह कुछ बोला नहीं और ना ही जाग रहा था। इसके बाद पत्नी ने शोर मचाना आरंभ कर दिया। शोर सुनकर सभी परिजन एकत्रित हो गए और उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। कैलारस अस्पताल में कोई डॉक्टर उपलब्ध न होने के चलते परिवार वाले दिलीप को लेकर मुरैना जिला अस्पताल आए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतक युवक का पीएम कराकर मामले की जांच की जा रही है।

### चोरी करने वाले दो आरोपियों को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास

**मुरैना।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण सीताराम पिता रामस्वरूप 40 वर्ष, संदीप पिता जसवंत सिंह 32 वर्ष निवासीगण पंचमपुरा थाना दिमनी को भारतीय दण्ड विधान की धारा 457, 380 के अंतर्गत दोषी पाते हुये 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 200-200 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटनाक्रम के संबंध में बताया कि 2 मार्च 2014 को सतेन्द्र उच्चारिया ने थाना अम्बाह में रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह अम्बरीस पुरा में रहकर हलवाई का काम करता है। 2 मार्च 2014 को वह शादी में गुलाब का पुरा गया था, उसके साथ देवसिंह तथा जितेन्द्र भी थे। शादी से करीब रात के सबा बारह बजे लौटकर आये, मकान का दरवाजा खुला था। कपडे उतारकर तीनों सो गये थे, सुबह करीब 5 बजे जागा तो देखा कि उसके तथा जितेन्द्र की पेंट नहीं थी। घर तमाम सामान चोरी हो चुका था। पुलिस थाना अंबाह द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुसंधान पूर्ण किये जाने के उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना अम्बाह ने अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर उक्त अपराध के आरोपीगण को 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 200-200 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण में शासन अभियोजन की ओर से पैरवी सोवरन सिंह माहौर सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अम्बाह द्वारा की गई।




## यातायात एवं साइबर संबंधी जानकारी से बच्चों को कराया अवगत

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिला मुख्यालय पर पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बच्चों को यातायात एवं साइबर संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को शहर के एक निजी स्कूलों में यातायात प्रभारी संतोष भदौरिया उप निरीक्षक अभिषेक जादौन प्रभारी सायबर सेल मुरैना द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण आदि को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा, गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना एवं गोल्डन ऑवर (स्वर्णिम एक घण्टा) आदि के विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसी प्रकार सायबर सेल प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण को डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया हैण्डलिंग, सायबर हैल्पलाइन नंबर 1930 आदि विषयों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को अपने परिजनों आदि को भी यातायात नियमों एवं सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देने हेतु बताया गया।

# करह धाम से दर्शन कर लौट रहे युवक पर फायरिंग कर प्राण घातक हमला

### गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के नूराबाद थाना अंतर्गत भोज का पुरा जयनगर चौखूटी गांव में चल रहे जमीन विवाद के चलते मंगलवार की शाम करह धाम से दर्शन कर लौट रहे युवक की कार पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने अवैध हथियार से फायर कर दिया, जिसमें युवक बाल बाल बच गया, वहीं लाठी डंडों से गाड़ी पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। जैसे ही उसके परिजनों को




पता चला तो वह मौके पर पहुंचे। पीड़ित भारत सिंह गुर्जर का कहना है कि आरोपियों द्वारा स्वयं अपनी गाड़ी क्षतिग्रस्त कर थाने पहुंच गए, वहीं पुलिस द्वारा उनके भाई पर हुए हमले में उचित कार्रवाई नहीं की गई है। भारत सिंह गुर्जर निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना ने बताया कि भोज का पुरा जयनगर चौखूटी गांव में उनका आरोपी सुरेश गुर्जर से जमीन विवाद चल रहा है, जिसके चलते मंगलवार की शाम जब उनका छोटा भाई राम लखन उर्फ बंटी बलेनो गाड़ी क्रमांक एमपी 07 जेडई 3571 पर टेकरी के पास आरोपी जितेंद्र, सुरेश, उद्धव, अजीत, अवतार, राजेंद्र, अतर सिंह आदि ने अवैध हथियार से फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया, वहीं लाठी डंडों से गाड़ी पर हमला बोल उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। जमीन संबंधी विवाद को लेकर भारत सिंह तमाम शिकायत कर चुके हैं और कलेक्टर को भी शिकायत दी गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। राम लखन पर किए गए हमले के बाद आरोपी अपनी गाड़ी तोड़कर थाने पहुंच गए और पुलिस द्वारा हमले के मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई है।

## जन्मदिन सेलिब्रेट करने से पहले ही सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, चार गंभीर घायल



सत्ता सुधार ■ कैलारस

थाना कैलारस अंतर्गत भटपुरा पेट्रोल पंप के पास के बुधवार की दोपहर 1:00 बजे नेशनल हाईवे 552 पर गांव से कैलारस जा रही एक कार में डंपर ने जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे इस दुर्घटना में नवयुवक की मौत हो गई, वहीं चार महिलाएं घायल हो गइ, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है और उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। बताया जाता है कि जिस युवक की मौत हुई है, उसका आज जन्मदिन था और वह पार्टी मनाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। इस सड़क हादसे से युवक के गांव में मातम पसर गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देव उर्फ अक्षय भदोरिया पुत्र सुनील भदोरिया निवासी सिकरौदा 21 वर्ष का आज जन्मदिन था और वह अपने गांव सिकरौदा चक्क से मां गुड्डी देवी उम्र 42, विनीता श्रीवास उम्र 45 एवं एवं दो अन्य महिला को अपनी गाड़ी से कैलारस लेकर जा रहा था, जैसे ही उसकी गाड़ी भटपुरा पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक डंपर चालक ने उसमें जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद वाहन चालक फरार बताया गया है। इस दुर्घटना में देव उर्फ अक्षय भदोरिया की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां सहित तीन अन्य महिला घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए कैलारस अस्पताल ले जाया गया, जहां दो महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा डंपर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## सिहोनियां क्षेत्र में दो पक्षों के बीच फेके गए ईंट पत्थर, दोनों पक्ष के लोग घायल, वीडियो हुआ वायरल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिहोनियां थाना अंतर्गत एक गांव में दो दिन पूर्व दो पक्षों के बीच नींव खोदने को लेकर जमकर ईंट पत्थर चले, जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में क्रॉस मामला भी दर्ज किया है। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे काफी लोगों ने देखा।

बताया जाता है कि सिहोनियां थाना क्षेत्र के भाई खां का पुरा गांव में मकान की नींव खोदने को लेकर



तोमर परिवार एवं परमार परिवार के बीच पहले विवाद हुआ और फिर एक पक्ष के युवक ने मकान की छत पर खड़े होकर ईंट पत्थर फे कना आरंभ कर दिया तो वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने नीचे से ऊपर पत्थर मारने आरंभ कर दिए। इस पत्थर बाजी में दोनों पक्ष के कई लोग घायल हो गए और फिर दोनों ही पक्ष सिहोनियां थाना पहुंचे। पुलिस द्वारा दोनों पक्ष के लोगों की रिपोर्ट पर से एक दूसरे के विरुद्ध मारपीट एवं बलवा का मामला दर्ज किया गया है। घटना के दो दिन बाद इसका वीडियो किसी युवक द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

## सपा में प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम सहित अन्य पदाधिकारी को मिली जिम्मेदारी

सत्ता सुधार ■ मुरैना



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखलेश यादव सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री की सहमती एवं आशीर्वाद से प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने मुरैना से समाजवादी पार्टी में मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव सहित अन्य पदाधिकारीयो की नियुक्त कर जिम्मेदारी प्रदान की है, जिसमें समस्त पदाधिकारीयों से अपेक्षा की है कि आपके नेतृत्व मे समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिस पर समस्त नव नियुक्त पदाधिकारीयों ने सहमती जाताई और भरोसा दिलाया है कि मुरैना में समाजवादी पार्टी का दबदवा कायम रखेगे। जिम्मेदारी जिन लोगों को दी गई है, उनमें पुरुषोत्तम लाल दीक्षित प्रदेश सचिव, अजीत जाटव नगर पालिका अध्यक्ष प्रदेश सचिव जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजोरिया, पं बनवारीलाल, कृष्ण जोशी महानगर अध्यक्ष, सहावीर यादव उर्फ रिंकू भईया शामिल हैं।

## कुएं में मिला युवक का शव, एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर निकाला



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के बागचीनी थाना अंतर्गत रामसिंह का पुरा गांव से बुधवार की दोपहर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम द्वारा कुएं से एक युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र के राम सिंह का पुरा गांव में बने पानी के कुएं में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ ग्रामीणों को दिखाई दिया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बागचीनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और युवक के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि मृतक युवक की पहचान विनोद पुत्र लाल सिंह निवासी राम सिंह का पूरा के रूप में की गई है। मृतक की लाश दो-तीन दिन पुरानी बताई जा रही है, जिससे भयंकर बदबू आ रही थी। एसडीआरएफ की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद बुधवार की दोपहर शव को कुएं से बाहर निकाला गया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। एसडीआरएफ की टीम में शामिल जितेंद्र शर्मा, करण पचौरी, विजय दंडोतिया, अजय गौड़ संजय सेमिल और जितेंद्र नरवरिया मौके पर मौजूद रहे।

### इनका कहना है...

राम सिंह का पुरा गांव से कुएं में पड़े शव को बरामद किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बुधवार की सुबह पानी निकलते समय पैर फिसलने से गिर गया और मौत हो गई। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**-भूमिका दुबे, थाना प्रभारी, बागचीनी**

## न्यूनतम वेतन पर लगा स्टे हटा, आउटसोर्स कर्मियों में खुशी की लहर

**मुरैना।** अप्रैल 2024 से मध्य प्रदेश शासन द्वारा जो न्यूनतम वेतन बढ़ाया गया था, उस पर कुछ उद्योगपतियों द्वारा स्टे ले लिया गया, किन्तु माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उस स्टे को 3 दिसंबर 2024 को खारिज कर दिया, जिससे समस्त आउटसोर्स कर्मियों में खुशी की लहर है। न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा 3 के तहत हर पांच वर्ष बाद श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में बढ़ोत्तरी करने का प्रावधान है, किंतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा श्रमिकों के न्यूनतम वेतन को बढ़ाने में 10 वर्ष का समय लगाया, जो न्यूनतम वेतन 2 बार बढ़ना चाहिए, उसे मात्र एक बार ही बढ़ाकर अप्रैल 2024 से न्यूनतम वेतन बढ़ाने का आदेश दिया। इस महंगाई के दौर में प्रतिमाह लगभग 1500 से 2500 ही वेतन बढ़ाया गया, जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान था, फिर भी कुछ उद्योगपतियों को यह बढ़ा हुआ वेतन रास नहीं आया और बढ़े हुए वेतन पर स्टे ले लिया। बड़े हुए न्यूनतम वेतन पर लगा स्टे हटाने के लिए मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष एलके दुबे ने कई बार शासन के समक्ष पत्राचार किया और सहायक श्रमायुक्त ग्वालियर पर भी धरना प्रदर्शन किया व समय-समय पर सरकार से यह मांग की, कि इस स्टे को हटाकर श्रमिकों को उनका हक दिया जाए। जिसके फलस्वरूप करीब 3 माह बाद माननीय उच्च न्यायालय इंदौर में केस की सुनवाई हुई और माननीय उच्च न्यायालय ने न्यूनतम वेतन पर जो उद्योगपतियों द्वारा स्टे लिया गया था, उसको स्थगित कर श्रमिकों के हित में साहसिक निर्णय सुनाया। मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका कर्मचारी संघ इंटक शासन से यह मांग करता है कि श्रमिकों को माह अप्रैल 2024 से बढ़े हुए वेतन का शीघ्र-अतिशीघ्र भुगतान कराया जावे, अन्यथा की स्थिति में संगठन उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक की ओर से शशि शेखर श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष मुरैना के द्वारा दी गई।

## मुख्यमंत्री संबल योजना के हितग्राहियों को मिली 2-2 लाख की अनुग्रह सहायता राशि



सत्ता सुधार ■ मुरैना

बुधवार की दोपहर को प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा संबल योजना के पूरे प्रदेश के 10236 पात्र हितग्रहियों के खाते में वन क्लिक के माध्यम से 225 करोड़ की अनुग्रह राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में ट्रांसफर की। मुरैना जिले के हितग्राहियों को भी योजना का लाभ देते हुए उनके परिवार को अनुग्रह सहायता दो-दो लाख रुपए की सहायता मिली। उक्त कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वीसी के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार हर गरीब परिवार के साथ खड़ी है और सभी पात्र हितग्राहियों को संबल योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम मुरैना के तीन हितग्राहियों के खाते में दो-दो लाख रुपए की कुल 6 लाख की राशि वन क्लिक के माध्यम से संबंधित हितग्राही के परिवार के बैंक खाते में राशि भेजी गई। नगर निगम सीमा क्षेत्र के रहवासी शकील खान, भारत लाल राजोरिया, कल्लू जाटव के परिजनों को संबल योजना का लाभ दिया गया। सलीम खान की पत्नी ने बताया कि उनके परिवार के मुखिया की मृत्यु होने से उनके परिवार में कोई कमाने वाला नहीं रहा। लेकिन संबल योजना से उन्हें जो सहायता मिली है, उसे वह अपने परिवार और बच्चों का अच्छे से भरण पोषण कर पाएगी। योजना के सहायक मोहन सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने संबल योजना के तहत नगर निगम के तीन हितग्राहियों के खाते में 6 लाख रुपए की राशि वन क्लिक के माध्यम से भेजी है। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान, सूरज दंडोतिया, सुशील नरवरिया सहित बड़ी संख्या में संबल योजना के हितग्राही एनआईसी कक्ष में मौजूद रहे।

## राजीनामा नहीं करने भू-माफिया ने युवक को गाड़ी से कुचला, गंभीर अवस्था में ग्वालियर रेफर

सत्ता सुधार ■ कैलारस

जिले के कैलारस थाना अंतर्गत बुधवार की सुबह सेमई चौराहे से गुजर रहे एक युवक को भू-माफिया ने अपनी गाड़ी से कुचलकर मारने का प्रयास किया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मुरैना से ग्वालियर रेफर किया गया है।

घायल पीड़ित युवक सुल्तान पुत्र गंगाराम धाकड़ 35 वर्ष ने बताया कि बुधवार की सुबह वह अपने घर से किराने की दुकान सेमई चौराहे पैदल जा रहा था, तभी सेमई चौराहे पर पिकअप लोडिंग वाहन एमपी 06 जीए



2075 ने पीछे से टक्कर मारी। उक्त घटना देखकर जब लोग गाड़ी के पीछे भागे तो ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मारकर भाग गया। घायल के अनुसार एक महीने पहले भू-माफियाओं के खिलाफ शिकायत की थी, तब से लेकर लगातार हमले हो रहे है, जिसको लेकर कई बार थाने में एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। राजीनामा करने व कोर्ट में जो प्रकरण चल रहा है, उसको वापस लेने को लेकर अशोक शर्मा, कल्ला शर्मा, बनवारी शर्मा, ऋषिकेश शर्मा का साला मोहन शर्मा द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है। घायल ने आशंका व्यक्त की है कि आरोपी उसकी हत्या भी करवा सकते हैं, लेकिन पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## उड़नदस्ते ने रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉली का किया पीछा, हाइवे पर पलटाकर भागा, किया जप्त

सत्ता सुधार ■ मुरैना

चंबल नदी से रेत माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है। दिन भर हाइवे पर सैंकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत से भरे हुए फर्राटे मारते हुए दिखाई दे जाएगें। अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर, वन विभाग ग्वालियर का उड़नदस्ता, अधीक्षक भिंड, अधीक्षक देवरी घड़ियाल व देवरी के स्टाफ ने हाइवे पर रेत से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने का काफी प्रयास किया था। इस बीच एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आता हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद उड़नदस्ते की



गाड़ियां रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे करने लगी। इसी बीच तेज रफ्तार में हाइवे पर चालक इसे भगाता हुआ ले गया। जिसके बाद सिकरौदा गांव के पास अनियंत्रित होकर ट्रॉली हाइवे के किनारे पलट गई। चालक इसे छोड़कर भाग गया। वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर वन विभाग की डिपो में रखवा दिया है, जहां राजसात की कार्यवाही की जाएगी। वन विभाग की टीम की लापरवाही सामने देखने को मिली है, जहां दिन भर फर्राटे मारते हुए रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई दे जाएंगी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर वन विभाग के रेंजर और देवरी एसडीओ के द्वारा कोई भी कार्रवाई दिखाई नहीं देती है, जब कि चंबल नदी पर भ्रमण के दौरान हाइवे पर ग्वालियर सीसीएफ के द्वारा अवैध रेत पर कार्रवाई की गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### राजस्व महा-अभियान 3.0 के संबंध में पत्र जारी

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं समस्त तहसीलदार जिला शहडोल को पत्र जारी कर कहा है कि राजस्व महा-अभियान 3.0 का आयोजन 15 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों (नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन) का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक़्शे पर तरमीम, पीएमकिसान का सैचुरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन है । उक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आप अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें एवं की गयी कार्यवाही की समीक्षा प्रतिदिन डैशबोर्ड में प्रदर्शित प्रगति के अनुसार की जाएगी।

### प्रधानमंत्री किसान सैचुरेशन एवं फार्मर आईडी बनाने हेतु पत्र जारी

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल एवं शहडोल जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार की राशि 03 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक है कि हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी हेतु एनेवल करने की कार्यवाही पूर्ण की जाए। जारी आदेश में कहा गया है कि हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी कराने हेतु प्रचार प्रसार एवं कैम्प का आयोजन किया जाए। आयोजित कैम्प को सेक्टर में विभाजित कर सतत भ्रमण हेतु सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए जाए, जो संबंधित तहसीलदार को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। कैम्प आयोजन की सूचना पीएमकिसान हितग्राहियों को सभी सथासंभव तरीके से मुनादी आदि माध्यम से प्रदान की जाए, साथ ही फार्मर रजिस्ट्री एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित जानकारी दी जाए।

### ग्राम टेमलावाड़ी माल में कृषक संगोष्ठी



**हरदा।** ग्राम टेमलावाडी माल में उद्यानिकी विभाग द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में टेमलावाड़ी माल और रैयत के किसानों ने भाग लिया। इस विभाग से गंभीर जाट ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। किसानों ने खेती से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया। गांव की सरपंच श्रीमती माधुरी जाटव ने उपस्थित सभी महिलाओ को पोषण वाटिका के विषय में जानकारी दी।

### टंट्या मामा की स्मृति में प्रदेश सरकार ने बड़ौदा अहीर में भव्य स्मारक का निर्माण किया

# क्रांति सूर्य टंट्या मामा के 135वां बलिदान दिवस पर मंत्री डॉ शाह ने दी श्रद्धांजली

सत्ता सुधार ■ खंडवा

प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को क्रांतिसूर्य टंट्या मामा का बलिदान दिवस मनाया जाता है, बुधवार को उनका 135वां बलिदान दिवस टंट्या मामा की जन्मस्थली बडौदा अहीर मैं मनाया गया, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बड़ौदा अहीर में पुण्यतिथि के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए साथ। ही इस अवसर पर प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने टंट्या मामा के गांव पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका पुण्य-स्मरण किया है, उन्होंने कहा कि टंट्या मामा मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के जनजातीय क्षेत्रों में ब्रिटिश शासन के खिलाफ जन आंदोलन के नायक थे। उन्होंने अपने समुदाय को संगठित किया और अत्याचारों के खिलाफ आवाज़ उठाई। टंट्या मामा ने अमीरों से धन छीनकर गरीबों और वंचितों की मदद की। उनके इस कार्य ने उन्हें आमजन का नायक बना दिया,मंत्री श्री शाह ने कहा कि उन्होंने गुरिल्ला युद्धकला अपनाई, जिससे



ब्रिटिश सेना उन्हें पकड़ने में लंबे समय तक असमर्थ रही। ब्रिटिश सरकार द्वारा 4 दिसंबर 1889 को टंट्या मामा को गिरफ्तार कर जबलपुर में फांसी दे दी गई थी। यह दिन उनके साहस, बलिदान और राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद करने का है। उनका बलिदान सामाजिक जागरण से समानता लाने की दिशा में प्रेरणा का स्रोत है।गौरतलब है कि क्रांतिकारी टंट्या भील जनजातीय समुदाय में टंट्या मामा और ÷भारतीय रॉबिनहुड÷ के रूप में जाने जाते हैं। वे स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख योद्धा थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और समाज के गरीब एवं वंचित वर्गो की मुक्त हस्त से मदद की, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि क्रांतिकारी टंट्या मामा का जन्म 26 जनवरी 1842 को मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के पंधाना बड़ौदा अहीर में हुआ था, भाजपा सरकार द्वारा शाहिद टंट्या मामा की इस प्रति में उनके गांव में एक भाव स्मारक का निर्माण किया गया साथ ही क्रांतिसूर्य टंट्या मामा की समाधि पातालपानी में स्थापित की गई है, आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम को क्षेत्र की विधायक छाया मौर्य ने भी संबोधित करते हुए टंट्या मामू को याद करते हुए उनके जीवन प्रसंग के अशं सुनाएं एवं उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की, कार्यक्रम में मंत्री कुंवर विजय शाह पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यदित्य शाह,पंधाना जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुन्नी बाई उपस्थित रहे।

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बांग्लादेश के खिलाफ गरजा सकल हिंदू समाज

### शहर में विरोध के चलते सराफा मार्केट सहित अधिकांश बाजार स्वेच्छा से व्यापारियों ने बंद रखे

सत्ता सुधार ■ खरगोन

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में लोगो का जमकर आक्रोश फूटा। हजारो लोग सडक पर उतरे और जम कर बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। स्थानीय कुंदा नदी तट स्थित प्राचीन ऐतिहासिक गणैश मंदिर के सामने साधु संतो की अगुवाई में हजारो लोगो ने धरना प्रदर्शन किया। खरगोन शहर में विरोध के चलते आज सराफा मार्केट सहित अधिकांश बाजार स्वेच्छा से व्यापारियों ने बंद रखे थे।

सकल हिंदू समाज के अव्हान पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में अनाज और कपास मंडी भी व्यापारीयो ने बंद रखी। साधु और संतो की अगुवाई में सकल हिन्दू समाज ने स्थानीय गणेश मंदिर परिसर से शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकाली। रैली में हजारो लोग शामिल थे। इस दौरान सनातन को लेकर आक्रोशित लोगो ने जमकर नारेबाजी की। बटौगे तो कटौगे.. एक रहोगे तो सैफ रहोगे के नारो से शहर गूंज उठा। नारे के माध्यम से पीएम मोदी से बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी



कारवाही की मांग करते लोग नजर आए।हिंदू सनातन धर्म में एकजुट रहने के अव्हान पर पहली बार शहर में प्रभावी रैली निकाली गई। रेली में आम जनता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तो राजनीतिक दल के साथ कई हिंदूवादी संगठनों ने हिस्सा लिया। रैली में पूर्व पूर्व मंत्री विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, बीजेपी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र राठौर मौजूद थे। आक्रोशित लोगो ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा।

#### हजारों की संख्या में निकले लोग...

बांग्लादेश के खिलाफ लोगो में जम कर आक्रोश है। कट्टरपंथियों द्वारा बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर आए दिन होते अत्याचार से भारत का हिंदू वर्ग आहत हुआ है। जिसके आरोश के चलते आज खरगोन के सड़को पर हजारों की तादाद में लोग निकले। पुरुषों के साथ मातृ शक्ति भी बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं के नरसंहार पर खुल कर विरोध करती नजर आई। रैली में बड़े बूढ़े,बच्चे महिला सभी ने हिस्सा लिया। खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा के बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ ही रहे अत्याचार पर वहां की मौजूदा कट्टरपंथी सरकार के कृत्य कर रही है। भारत के हिंदू बांग्लादेश के खिलाफ आक्रोशित हो कर विरोध कर रहा है। साथ ही आज दिए गए ज्ञापन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश के हिंदुओं की चिंता कर हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर हल निकलने की का आवाहन किया है।

#### बांटेंगे तो कटेंगे,घटेंगे तो भी कटेंगे

आज विरोध रैली में पधारे साधु संतों ने एक नया नारा दिया,बांटेंगे तो कटेंगे, घटेंगे तो भी कटेंगे। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं का अत्याचार रुकना चाहिए या हिंदुओं को अलग राष्ट्र देना चाहिए।

### बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के विरोध में उमड़ा जनसैलाब, बाजार भी रहा बंद

**खंडवा।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में खंडवा में सर्व हिंदू समाज द्वारा विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाओं ने रैली में भाग लिया। रैली के समापन पर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। यह रैली उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर शिवाजी चौक, शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए निगम तिराहा पर समाप्त हुई। इस विरोध प्रदर्शन को समाज के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक और राजनीतिक



संगठनों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति से आयोजन को मजबूती दी। निमाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स और अन्य व्यापारिक संगठनों ने इस विरोध प्रदर्शन को समर्थन देते हुए बाजार बंद रखने का आह्वान किया। व्यापारियों ने आह्वान का पालन करते हुए अपनी दुकानें बंद रखी, जिससे शहर के बाजार में सन्नाटा छाया रहा। कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र चौहान ने बताया कि यह रैली बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में निकाली गई थी। ÷हमने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर उनसे अपील की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें, चौहान ने कहा। विधायक कंचन तनवे ने इस रैली को हिंदू समाज की एकता का परिचायक बताते हुए कहा, ÷यह प्रदर्शन अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा और उनके साथ हो रहे अन्याय के विरोध का प्रतीक है। हम हर हाल में उनके साथ खड़े हैं। यह विरोध प्रदर्शन न केवल बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में था, बल्कि समाज की जागरूकता और एकजुटता को प्रदर्शित करने वाला भी रहा। धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के साथ-साथ आम जनता की व्यापक भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।

## दो पुलिसकर्मियों को प्राप्त हुआ केन्द्रीय गृह मंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक

सत्ता सुधार ■ खंडवा





पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल में कार्यरत् 02 पुलिसकर्मियों कार्यवाहक प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण द्विवेदी एवं अभिमन्यु वर्मा को वर्ष 2023 के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है। उक्त पदक पुलिस सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ऐसे कर्मचारियों को प्रदाय किया जाता है जिन्होंने न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर ली हो। पदक हेतु पुलिसकर्मियों के सेवा विवरण, ईनाम और कार्यो की समीक्षा की जाती है। पदक हेतु कर्मचारियों का अंतिम चयन पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश द्वारा सर्वोच्च समिति की अनुशंसा पर किया जाता है। लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने वर्ष 2004 में पुलिस सेवा में आरक्षक के पद पर प्रवेश किया, उनकी पहली पदस्थापना जिला इंदौर में हुई। सत्र 2006-2007 में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद थाना खजराना जिला इंदौर में प्रथम पदस्थापना हुई। वर्ष 2008 में जिला शहडोल स्थानांतरित होकर वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला शहडोल में रीडर के पद पर कार्य कर रहे है। अपनी 20 वर्षो की सेवा अवधि के दौरान द्विवेदी ने अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन अत्यंत निष्ठापूर्वक तरीके से किया है, जिसके लिए इन्हें उक्त पदक प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार अभिमन्यु वर्मा वर्ष 2007 में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर पचमढ़ी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अनूपपुर जिले में पदस्थ हुए। दिसम्बर 2022 में जिला डिण्डौरी से स्थानांतरण होने के बाद वे शहडोल जिले में आए और वर्तमान में सीएम हेल्पलाईन शाखा में कार्यरत् हैं।

## कमिश्नर एवं कलेक्टर ने विजेता कराटे खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं




**शहडोल।** मैंगलोर कर्नाटक में आयोजित ओपन शौर्य अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शहडोल जिले के विजेता खिलाड़ियों को आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक स्थिरता और टीम वर्क की भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल आवश्यक है। खिलाड़ियों से चर्चा करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि शहडोल जिले के खिलाडी कराटे, फुटबाल, क्रिकेट जैसे अन्य विधाओं में पारांगत है।

# पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में हम होगें कामयाब अभियान

### उक्त अभियान सम्पूर्ण हरदा जिले में आयोजित किया जा रहा

हरदा । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक हरदा अभिनव चौकसे के मार्गदर्शन में हम होंगे कामयाब% अभियान चलाया जा रहा है। अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती राजेश्वरी महोबिया एवं आर. डी. प्रजापति एवं महिला सुरक्षा शाखा उप. पुलिस अधीक्षक सुश्री अरूणा सिंह के नेतृत्व में जेण्डर आधारित हिंसा की रोकथाम, लैंगिक समानता, गुड टच बैंड टच, लड़कियों व महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु उक्त अभियान सम्पूर्ण हरदा जिले में आयोजित किया जा रहा है। महिला थाना प्रभारी निरी. अंजना पाटिल मालवीय के द्वारा घरेलू हिंसा के तहत कार्यवाही एवं महिलाओं पर होने वाले अपराधों के कानूनों के बारे में बताया गया, सभी हेल्पलाईन नम्बर डायल 100, महिला हेल्प लाईन 1090, सायबर फ्राड




1930, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 बताए गए नशा मुक्त रहना, दहेज ना लेना, बाल विवाह ना करना की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के दौरान महिला थाना हरदा सउनि अनीता शर्मा, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री सुतिका, पराशेम दाता सुश्री ऋतु राजपुत, जन अभियान परिसर श्री राकेश वर्मा, आजीविका मिशन विभाग सुश्री रंजना धानुक, जनपद के सी.ई.ओ प्रभारी अधिकारी ए.डी.ओ सर, जिला विधिक सेव अधिकारी सुश्री अर्पणा लोधी कार्यक्रम में शामील हुए।

# लाखों के जेवरात चोरी का नहीं लगा सुराग उधर सराफा व्यापारी से बीच सड़क पर हुई लूट

सत्ता सुधार ■ शहडोल

जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में चोरों और लुटेरों ने आतंक मचा रखा है। बीते 15 दिनों में दो बड़ी घटनाएं सामने आई, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों का सुराग नहीं लगा सकी है। सिंहपुर थाना क्षेत्र के मिठौरी तिराहा में जयस्तंभ सोहागपुर निवासी सराफा व्यवसायी प्रणय सोनी से अज्ञात बदमाशों ने दो किलो चांदी के जेवरात, जिनकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये थी, लूट लिए। यह घटना सुबह 9 बजे की है। प्रणय सोनी ने बताया कि रोजाना की तरह वह अपने जेवरात लेकर जा रहे थे, जब बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर यह वारदात की। पुलिस ने



मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। ग्राम उधिया में 16 नवंबर को अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक घर का ताला तोड़कर नकद 20 हजार रुपये और करीब 8.5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। घटना के समय घर के सभी सदस्य बाहर थे। घर लौटने पर टूटे ताले और बिखरे सामान देखकर चोरी का पता चला। चोरी गए सामान में सोने के 93 ग्राम और चांदी के 155 तोला जेवरात शामिल हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं है। इन वारदातों से क्षेत्र में भय का माहौल है।

## आक्रोश

### साधु संत, माताएं, बहनें, बुजुर्ग, पत्रकार, अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधि सभी ने भाग लिया

# हिंदुओं की एक जुटता का नया कीर्तिमान, रैली निकाल दिखाया आक्रोश

सत्ता सुधार ■ खंडवा

हिंदुओं की सामाजिक एक जुटता का नया कीर्तिमान जिले में स्थापित हुआ है। साधु संतों सहित काफी संख्या में हिंदुओं ने अत्याचार के विरोध में ऐतिहासिक रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा गया। सनातन धर्म की संस्कृति को अपनाने वाले हिंदुओं पर बांग्लादेश में जो अत्याचार हो रहा है उसे वेहद चिंता जनक स्थिति निर्मित हो रही है। वसुधैव कुटंबकम और धर्मनिरपेक्ष की भावना को मूर्त रूप देने वाले हिंदुओं पर अत्याचार करके विकट स्थिति उत्पन्न कर दी गई है।

**20 हजार से अधिक लोगों ने जताया आक्रोश:** ऐतिहासिक रैली निकालकर 20 हजार से अधिक लोगों ने रैली में भाग लेकर




आक्रोश जताया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस गंभीर मुद्दे पर अविलंव हस्तक्षेप की मांग की है। यह भव्य रैली नेहरू स्टेडियम, बलराम चौक से शुरू होकर घंटाघर चौक पर पहुंची और विशाल आम सभा हुई। हिंदुओं ने एकजुटता दिखाते हुए इसका स्थायी समाधान खोजने पर चिंतन मनन करने पर जोर दिया । साधु संत, माताएं, बहनें, बुजुर्ग, पत्रकार, अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधि सभी ने भाग लिया। हिंदुओं के अनुशासन और समर्पण का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिस पर विचार किये जाने की जरूरत है । अन्यथा सुख शांति प्रभावित होगी। सभा में संतों ने हिंदू के हक हित की आवाज उठाते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई संत ओंकारदास, प्रकाशानंद, हनुमानदास, राजेशदास, आचार्य गोवर्धन ने हिंदुओं की एक जुटता पर जोर दिया और सनातन धर्म के गौर वाला इतिहास और संस्कृति पर अपन सारगर्भित उद्बोधन दिये। मुख्य वक्ता धन्नालाल ने कहा कि हिंदू समाज सहिष्णु है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना में आत्मसात करके देश-दुनिया को एक अच्छा संदेश दिया है। संकट के समय हिंदुओं ने एकजुटता दिखाया है। शक्ति संगठन का परिचय दिया है। भारत सरकार से आहवान किया कि बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाया जाना चाहिए। बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने की सख्त आवश्यकता है। हिंदुओं की लूटी हुई संपत्तियों और मंदिर में हुए नुकसान की भरपाई के लिए कठोर कदम उठाया जाना चाहिए। सुरक्षा शांति स्थापित कर यथा स्थिति बनाया जाना चाहिए । हरदा के इतिहास की सबसे बड़ी रैली निकालकर हिंदुओं ने एक जुटता की एक मिशाल पेश की है। व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके अपनी सहभागिता दर्ज करायी है। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि जल्द से जल्द शांति सुरक्षा की स्थिति बने।

## लोस सांसद पटेल ने इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना को मिली स्वीकृति के लिए जताया आभार

सत्ता सुधार ■ खरगोन/बड़वानी

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल ने क्षेत्र की जनता की ओर से इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने और इसे विशेष दर्जा देने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना से क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा, औद्योगिक विकास, व्यापार, रोजगार और संपर्क बढ़ेगा। इस ऐतिहासिक कदम के लिए उन्होंने केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

#### जनता की आकांक्षाओं को मिलेगा बल

सांसद ने कहा कि यह नई रेल परियोजना खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर और खंडवा जिलों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायक होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में निवेश, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने संरक्षक मंडल का विस्तार किया



**सागर।** जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने जिला क्षत्रिय महासभा के संरक्षक मंडल का विस्तार करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों से वरिष्ठ समाजजनों को संरक्षक मंडल में शामिल किया है। अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने बताया है कि संरक्षक मंडल के सदस्यों के परामर्श और सहमति से शीघ्र ही जिला क्षत्रिय महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।जिला क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने संरक्षक मंडल की पूर्व घोषित सूची का विस्तार करते हुए संरक्षक मंडल में अनिल सिंह पड़रई, गुलाब सिंह राजपूत जेरई, अजब सिंह ठाकुर बीना,राजबहादुर सिंह,राजकुमार सिंह सुमरेड़ी, जगत सिंह उदयपुरा, नर्मदा सिंह सुरखी खोना वाले, राजेन्द्र सिंह दरी, बलवंत सिंह कर्रापुर, भूपत सिंह सेमरा दौलत, शिवराज सिंह छापरी, जयंत सिंह बुंदेला मालथौन, धीरज सिंह राजपूत देवरी खतोली, कुंवर सिंह किर्रावदा बीना, लोकेन्द्र सिंह लुहारी, जगत सिंह धवौली, नरेन्द्र सिंह पीपरा वाले, राजकुमार सिंह ढाना, जाहर सिंह बंडा, अजीत सिंह भैंसा, डॉ.पी.एस ठाकुर, एड.जितेन्द्र सिंह गंभीरिया राजेन्द्र सिंह गंभीरिया, जगदीश सिंह सोलंकी मासाब पाटई गंधर्व सिंह अटारी बेरखेड़ी, चंद्रप्रताप सिंह ईशरवारा को शामिल किया है। उन्होंने कहा है कि महासभा क्षत्रिय संरक्षक मंडल के वरिष्ठ समाजजनों के परामर्श और मार्गदर्शन से समाज हित में निर्णय लेते हुए रचनात्मक दिशा में कार्य करेगी।

### कलेक्टर न्यायालय से 17 सौ से अधिक प्रकरणों का किया गया निराकरण

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय सागर से कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा लगातार प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय सागर के द्वारा कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा लगातार न्यायालय में लंबित प्रकरणों को निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा विगत एक वर्ष में 17 सौ से अधिक प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक किया गया। प्रकरणों के निराकरण होने से जहां संबंधित वादी-प्रतिवादियों को न्याय मिला है वहीं प्रकरणों के निराकरण में गति भी आई है। प्रकरणों के शीघ्र निराकरण होने से वादी-प्रतिवादियों को अन्य बड़ी समस्याओं से निजात मिल रही है और उनके पैसों की भी बचत हो रही है। अब वादी प्रतिवादियों को बार-बार न्यायालय में आने की जरूरत नहीं है और समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

### रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 32 मकरोनिया-लिधौरा खुर्द पर अनुरक्षण का कार्य

**सागर।** रेलवे क्रासिंग गेट नंबर 32 मकरोनिया-लिधौरा खुर्द पर मशीन द्वारा अनुरक्षण कार्य किया जाना है जिसके लिए रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 32 5 से 10 दिसंबर तक दिन व रात के लिए बंद रहेगा। यातायात की असुविधा से बचने के लिए यात्री वैकल्पिक मार्ग का चयन करें।

# फ्रूट फॉरेस्ट के बनाने के लिए किया जाएगा पौधारोपण,बनेगा फ्रूट फॉरेस्ट हब : कलेक्टर

### जिले के चार विकासखंडों में फ्रूट फॉरेस्ट के तहत होगा पौधा रोपण

**सत्ता सुधार ■ सागर**

फ्रूट फॉरेस्ट के बनाने के लिए वृद्ध पौधारोपण किया जाएगा एवं सागर के चार विकासखंडों में फ्रूट फॉरेस्ट हब बनेगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी सहित एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं और स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को भी फूट फॉरेस्ट से जोड़ा जाएगा जिससे कि वह आर्थिक रूप से समृद्ध बना सके।इसी क्रम में जिला मुख्यालय जैसीनगर विकासखंड की ग्राम बड़ौदा सागर में कलेक्टर संदीप जी.आर. के प्रयास से 10 एकड़ की भूमि पर



फ्रूट फॉरेस्ट लगाया जा रहा है। इसी प्रकार रहली, माल्थोन,खुरई विकासखंडों में भी फूट फॉरेस्ट के अंतर्गत पौधारोपण किया जाएगा।रहली एसडीएम गोविंद दुबे ने बताया कि रहली में अलग-अलग ग्रामों में जगह को चिन्हित किया गया है और जल्दी ही फूड फॉरेस्ट के अंतर्गत पौधारोपण किया जाएगा। जैसीनगर एसडीएम रोहित वर्मा ने बताया कि बडौदा सागर में 10 एकड़ भूमि को चिन्हित किया गया है जिसका कार्य भी प्रारंभ किया गया है। इसी प्रकार खुरई एसडीएम श्री रविश श्रीवास्तव ने बताया कि खुरई में 25 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है जहां फूड फॉरेस्ट के अंतर्गत फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। माल्थोन एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया माल्थोन में भी 3 ग्रामों को चिन्हित किया गया है जहां फलदार पौधों का पौधा रोपण होगा जिसका संचालन और देखरेख ग्राम के ही सदस्य करेंगे। फ्रूट फॉरेस्ट में अमरूद, जामुन, नींबू, कटहल, मुनगा इत्यादि पौधों को रोपा जाएगा।फ्रूट फॉरेस्ट के पौधो की अच्छी ग्रोथ के लिए खाद एवं बर्मीकम्पोस्ट भी बनाया जा रहा है।पौधो की सिंचाई अटल भू-जल योजना अंतर्गत ड्रिप इरीगेशन सिस्टम से की जाएगी।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि फूड फॉरेस्ट में महिलाओं की भी सहभागिता की जाएगी इसमें ग्राम की महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से सशक्त बनने के दिशा में फ्रूट फॉरेस्ट सार्थक सिद्ध होगा। हमारे पर्यावरण की अनुकूलता का भी पर्याय बन रहा है और हमें प्रकृती को करीब से जानने का मौका दे रहा है।

# बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन एवं सभा

### सनातन चेतना मंच द्वारा राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हिंसा और उत्पीड़न के विरोध में सनातन चेतना मंच द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सोपा गया।इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक,धार्मिक, सांस्कृतिक, नरसिंह हिंदू संगठन,गो सेवा दल,बीना इस्कॉन हट, राधे राधे प्रभात फेरी मंडल के अलावा अनेकों संगठनों एवं दलों की सदस्यों ने भाग लिया।सर्वोदय चौराहा पर सभा में भक्तों ने इन घटनाओं पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा यह केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न नहीं बल्कि मानवता के मूल्य पर सीधा हमला है उन्होंने कहा कि भारत जो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है अपने पड़ोसी देशों में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा अग्रसर रहा है। जैसा की बांग्लादेश में हाल में हुए तख्ता पलट के बाद



अल्पसंख्यक खासकर हिंदुओं पर हमले और प्रताड़ना की मामलों में तेजी आई जिसमें रंगपुर में ऐतिहासिक काली मंदिर पर हमला, मंदिरों कोआग के हवाले करना चिट गांव में हिंदू किशोरी का अपहरण धर्मांतरण और हत्या कोमिला में दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल पर हमला, देवी प्रतिमाओं पर अपवित्री कारण करने हिंदू व्यवसाईयों की दुकानों को आग के हवाले करने बेरीवाला में महिलाओं के साथ हिंदू महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, हिंदुओं पर हमला संपत्ति की लूटपाट तथा राजधानी ढाका में ही प्रमुख हिंदू इस्कॉन मंदिर पर हमला धार्मिक ग्रंथो का अपवित्रीकरण करने के मामले का भी जिक्र किया गया। सकल सनातन चेतना मंच द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए ज्ञापन में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ती हिंसा की घटनाओं का हवाला देते हुए मानव अधिकारों की रक्षा और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मांग उठाई जिसमें शीघ्र हस्तक्षेप करते हुए भारत सरकार से बांग्लादेश सरकार की समक्ष इन घटनाओं पर आपत्ति दर्ज करने और हिंदू समुदाय को सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई।वहीं संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानव अधिकार संगठनों से इन अत्याचारों का संज्ञान लेने और प्रभावी कार्रवाई की अपील की गई साथ ही मांग की गई इन घटनाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में प्रमुखता दी जाए ताकि विश्व समुदाय इस गंभीर समस्या से अवगत हो सके इसके अलावा राहत एवं पुनर्वास के तहत पीड़ित परिवारों को आर्थिक कानूनी मानसिक सहायता प्रदान करने इनकी पुनर्वास के लिए आवश्यक उपाय करने की मांग की गई। इस अवसर पर इस्कॉन हट द्वारा लगातार हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे के द्वारा मंत्र जाप चला रहा।

## प्रभु श्री राम की महाबारात के दौरान कोई भी दुकानदार अपना सामान दुकान की बाहर न निकले : सी.एम.ओ.

### महाबारात की तैयारियों को लेकर हर शासकीय विभाग, हो या फिर व्यक्तिगत अपनी अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभा रहे है।

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

16 दिसंबर विवाह पंचमी पर निकलने वाली चक्रवर्ती भगवान श्रीराम की महाबारात की तैयारियों को लेकर हर शासकीय विभाग, हो या फिर व्यक्तिगत अपनी अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभा रहे है क्योंकि प्रभु श्री राम की यह महाबारात बीना की एक शान के रूप में देखी जाती है ।

इस महा बारात को देखने के लिए दूर अंचलों से भक्तगण आते है।मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार और सीएमओ आर पी जगनेरिया ने पंडित रामनाम महाराज से मुलाकात की। महाराज के बताए अनुसार मुख्य मार्गो की बेहतर सफाई के साथ पानी के छह टैंकर रखने की



बात कही। इसके अलावा सीएम ने नपा अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने सफाई शाखा प्रभारी को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम स्थल से लेकर जिस मार्ग से राम बारात निकलेगी उस पर गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। यह पहली बार होगा जब किसी जन प्रतिनिधि ने हजारों लोगों की आस्था को देखते हुए सड़क को धुलवाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा सीएमओ ने कहा कि दुकानदारों को निर्देश किया जाएगा कि 6 दिसंबर को कोई भी दुकान के बाहर सामान न रखे, यदि दुकान के बाहर सामान पाया गया तो तुरंत जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।वही नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने आम जनता से अपील की है कि वह इस महाबारात में अपना अपना सहयोग प्रदान करें ।

## बीना में मोहित क्रिकेट आर्मी अकादमी का हुआ शुभारंभ

### गुरु के विना ज्ञान अधूरा है : नीतू राय

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

रेलवे इंस्टिट्यूट में मोहित क्रिकेट आर्मी अकादमी का हुआ शुभारंभ जिसके मुख्य अतिथि थी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू सुनील राय विशिष्ट अतिथि।पार्षद भारती राय उन्होंने कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया वहीं मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू सुनील राय ने अपनी बात रखते हुए खिलाड़ियों को संबोधित किया कहा कि गुरु के विना ज्ञान अधूरा है आप क्रिकेट की जो ट्रेनिंग ले रहे हैं अपने गुरु के बताए हुए अनुसार अपने खेल को खेले और अपने अपने माता-पिता के साथ नगर प्रदेश और देश का नाम क्रिकेट में रोशन करें बीना प्रतिभाओं की कमी नहीं है लेकिन मार्गदर्शन की कमी थी जो आज मोहित एकेडमी खुलने से पूरी हो गई है मैं आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं । खेल को खेल की भावना से खेल और अपनी नगर का नाम रोशन करें वही अकादमी के कोच मोहित कुमार प्रजापति ने खिलाड़ियों को क्रिकेट के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि यह अकादमी सुबह और शाम दोनों टाइम बच्चों को प्रशिक्षण देगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल आलेख राय मंगेश रजक हेमंत रजक लक्ष्य राय दीपक राजोरिया तेजस्व सैकड़ो लोग शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन अज्जू राय ने किया।

### खाद की कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर खाद यूरिया की कालाबाजारी करने वालों पर देवरी में बड़ी कार्रवाई की गई ।कलेक्टर संदीप जीआर ने निर्देश दिए थे कि सभी एसडीएम अपने-अपने अनुविभाग के अंतर्गत कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें, इसी परिपेक्ष में एसडीएम श्रीमती भव्या त्रिपाठी के निर्देशानुसार तहसीलदार रामराज चौधरी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा दिनेश स्थापक के मकान से 516 यूरिया खाद बोरियो को जब्त किया गया ।नायब तहसीलदार रामराज चौधरी ने बताया कि कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश अनुसार खाद यूरिया की कालाबाजारी करने पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में डीएपी की 191 बोरिया, एसएसपी की 195 बोरिया, ग्रोमोर की 24 बोरी, यूरिया की 33 बोरी, एवं एमओपी की 63 बोरी को जब्त किया गया।

# कचरा गाड़ी का भुगतान न होने के कारण 4 दिन से रैमकी कंपनी कचरा उठवाना किया बंद

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

भारत सरकार द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत 2018 में रैमकी कंपनी द्वारा बीनना नगर पालिका में कचरा उठाने का कार्य शुरू किया गया तब से लेकर आज तक कचरा उठाने का कार्य जारी रहा हालांकि दो चार बार पेमेंट ना होने के कारण एक-दो दिन के लिए कचरा उठाने का कार्य बंद किया गया किंतु जैसे ही पेमेंट भुगतान हुआ उन्होंने यह कार्य शुरू कर दिया।अब जबकि आम नागरिकों को घर का कचरा डस्टबिन में डालने की आदत पड़ गई है ऐसे में 4 दिन से कचरा गाड़ियां बंद है और आम नागरिक गण अपना कचरा अभी तक घरों में रखे हुए हैं।विशेष सूत्रों से जानकारी मिली है की नगर



पालिका बीना द्वारा रैमकी कंपनी का भुगतान 3 करोड़ 55 लाख 55.092 रुपए का भुगतान न होने से प्रोजेक्ट हेड द्वारा बीना में कचरा उठाने का कार्य बंद कर दिया गया।ऐसे में सभी गाड़ियां रेन बसेरा जो की अब कबाड़ बसेरा खड़ी हुई है नगर पालिका परिषद द्वारा मुख मार्गो पर सफाई व्यवस्था एवं कचरा उठाने का कार्य जारी है किंतु मोहल्ले के अंदर आमलोग माता बहिने कचरा फेंकने के लिए गाड़ियों का इंतजार आज भी कर रहे हैं ऐसे में दुकानदार होटल व्यवसाई, आम नागरिक गण सभी परेशान हैं अब देखना यह है की भुगतान न होने का कारण क्या है, एवं भुगतान कब तक होगा और आम नागरिकों को कचरा फेंकने की सुविधा कब तक प्राप्त होगी।

**इनका कहना ...**

1 दिसंबर से रैमकी कंपनी ने गाड़ियां बंद कर दी है उनका पेमेंट का इशू है और कल की मीटिंग में यह प्रस्ताव रखा है। जैसा भी होगा शीघ्र निर्णय से आपको अवगत कराएंगे।

**राम प्रकाश जगनेरिया सीएमओ नगर पालिका परिषद बीना।**

लगभग साढ़े तीन करोड़ के लगभग भुगतान नगर पालिका पर बकाया है



हमारा एक प्रतिनिधि नगर पालिका के संपर्क में बना रहता किंतु उसे कोई भी रिस्पांस नहीं दिया जा रहा है,जब भुगतान ही नहीं होगा तो आप बताइए किस तरह से हम कार्य करें। इन्हीं कारणों की वजह से हमने गाड़ियां बंद कर दी।

**अमित दुबे , रैमकी कंपनी प्रोजेक्ट हेड**

### खेल महोत्सव का शुभारंभ 5 दिसंबर को

**सागर।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खेल महोत्सव-2024 का शुभारंभ 5 दिसंबर दिन गुरुवार को मकरोनिया के गंभीरिया में स्थित न्यू खेल मैदान में प्रातः 11 बजे होगा। खेल महोत्सव-2024 के आयोजक नरयावली विधायक प्रदीप लारिया है। इस खेल महोत्सव का आयोजन दिनांक 05, 06 एवं 07 दिसम्बर 2024 तक किया जाएगा।उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं विशिष्ट अतिथि खाद्य, नागरिक आपूर्ति आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री, गोविंद सिंह राजपूत, रहली विधायक गोपाल भार्गव, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, कलेक्टर संदीप जी आर, मिहीलाल अहिरवार समाजसेवा, गुलझारी लाल जैन की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

### मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने सागर के 341 हितग्राहियों को

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण-संबल योजना के अंतर्गत वन क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया। जिले के 341 हितग्राहियों को 7 करोड़ 44 लाख की राशि हस्तांतरित की गई। इस कार्यक्रम में सागर कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी सभाकक्ष में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, कलेक्टर संदीप जी आर, जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी सहित अन्य हितग्राही एवं अधिकारी मौजूद थे।

# मेडिकल स्टोर एवं खाद्य दुकानों पर की गई कार्रवाई

### दो मेडिकल स्टोर को कारण बताओं नोटिस जारी

**सत्ता सुधार ■ सागर**

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश के बाद जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत मेडिकल स्टरों एवं खाद्य दुकानों पर लगातार कार्रवाई जारी है।इसी परिपेक्ष में कलेक्टर संदीप जी आर के आदेश एवं एस.डी.एम आशोक सेन राहतगढ़ के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्यवाही राहतगढ़ में की गयी।

जिला औषधि अनुज्ञप्ति अधिकारी प्रीत स्वरूप,मनीष सुमन जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति राय के द्वारा एसडीएम अशोक सेन के साथ राहतगढ़ में मेडिकल स्टरों एवं खाद्य की दुकानों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में बस स्टेण्ड स्थित खाद्य प्रतिष्ठान



वैष्णो देवी स्टॉल संचालक महेश सेन, सोम किराना संचालक हनुमान सिह राजपूत सादप चाय संचालक सादप कुरैशी पर निरीक्षण के दौरान एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन नहीं पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित हैं वहीं राहतगढ़ तिगड्डा स्थित लोधी होटल का किचिन में अनियमित्तायें पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार सूचना नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गयी। तथा होटल से रसगुल्ले, जलेवी, मैदा, सोयाबीन तेल, हल्दी आदि के नमूने जांच हेतु संग्रहित किये गये इसके अलावा नेमा चाट, सेन्टर पवन किराना से शंका के आधार पर बेसन, गाय का घी के नमूने संग्रहित किये गये एवं खाद्य पदार्थो की जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये। इसके साथ चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा मौके पर अनेक खाद्य पदार्थों की प्राथमिक स्तर पर जांच की गई एवं लोगों को मिलावट से बचने के सरल तरीके बताये गये। राहतगढ़ तहसील में 2 संचालित औषधि दुकानों पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियम अनुसार धाराओं का उल्लंघन करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किये गये। जिनमें मेसर्स आशीष मेडीकल स्टोर्स, वार्ड न. 03, बस स्टेण्ड, राहतगढ तहसील राहतगढ़ जिला सागर म.प्र. एवं मेसर्स ठाकर मेडीकल स्टोर, संजय मार्केट, मेन रोड, बस स्टेण्ड के पीछे राहतगढ़, तहसील राहतगढ़ जिला सागर म.प्र. है।

**बैठक** | बैठक की शुरुआत मां लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई

# वैश्य कुंभ के भव्य आयोजन की तैयारी शुरू, धर्मेंद्र गुप्ता बने युवा जिला प्रभारी

**सत्ता सुधार ■ सागर**

वैश्य महासम्मेलन की जिला बैठक संपन्न हुई, जिसमें सागर नगर एवं मकरोनिया उपनगर के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की शुरुआत मां लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता ने सागर में अति शीघ्र आयोजित होने वाले वैश्य कुंभ की तैयारीयों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस आयोजन के उपरांत वैश्य समाज के सभी घटक जैन, सोनी, साहू, केसरवानी, गहोई, अग्रवाल, ताम्रकार, नेमा, असाटी, कलचुरी और अधिक एकजुट होकर अपने गौरव को स्थापित कर पायेंगे साथ ही एक दूसरे के पूरक बन पाएंगे। गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में सम्मेलनों के बाद भोपाल में प्रदेश स्तरीय वैश्य कुंभ का आयोजन होगा। जिसमें लाखों वैश्य एकता के एक सूत्र में बंध कर हुंकार भरेंगे। युवा प्रदेश महामंत्री सचिन जैन स्पोर्ट्स ने जैन समाज को अग्रणी वैश्य समाज बताते हुए




कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर हम परहित की भावना से कार्य करते हैं। जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल जिला प्रभारी श्रेयांस जैन को आयोजन का संयुक्त प्रभारी घोषित किया गया । सभी से अपील की कि आगामी 15 दिन तक व्रहत सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी वैश्य बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। बैठक में विशिष्ट अतिथि प्रमोद सिंघई संभागीय अध्यक्ष गिरजेश सोनी, संरक्षक आदेश जैन, महिला संभागीय अध्यक्ष विनीता केसरवानी, युवा संभागीय अध्यक्ष नितिन जैन सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र गुप्ता को युवा जिला प्रभारी एवं शुभम पढ़े लिखे को मकरोनिया उपनगर का युवा नगर अध्यक्ष घोषित किया गया।

मकरोनिया की इकाई को पुनर्गठन करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन महामंत्री अतुल ताम्रकार ने किया और आभार आलोक जैन ने माना। बैठक में अखिलेश समैया, मनोज जैन सक्सेस, संजू जैन, गौरव अग्रवाल, रामेश्वर सोनी, आलोक जैन, मुकेश साहू, सुरेश चंद्र जैन संतोष सुहाने, गजेंद्र गुप्ता, दीपक जैन, दिनेश जैन, अमित जैन, विवेक गुप्ता, नीलेश जैन (एम आर) प्रमोद जैन, राकेश निश्चय, वीरचंद जैन, अनीता जैन, दीप्ति गुप्ता, नीता केसरवानी, प्रीति केसरवानी, संध्या केसरवानी, रोहिणी साहू आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घना में घायल एवं मृत्यु होने पर आर्थिक सहायत उपलब्ध कराने के निर्देश

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल या मृत हो जाते है, घायल व्यक्ति का समय पर उपचार नहीं हो पाता है, तथा मृतक के आश्रितों को भी आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में समय-सीमा में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाना नितांत आवश्यक है। इस संबंध में आर्थिक के लिए जन सुनवाई में आवेदक लेकर उपस्थित होते है। यह स्थिति चिन्ता जनक है क्योकि सड़क दुर्घटना में घायल/मृतक के आश्रितों को शासन द्वारा स्वयं कार्यवाही कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाना चाहिए। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह ने समस्त एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारियों को निर्देश दिये है कि सड़क दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति का शीध्र उपचार कराये और उनके आश्रितों को सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति का समय पर उपचार नहीं हो पाता है, तथा मृतक के आश्रितों को भी आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। दुघज़्टना अज्ञात अथवा ज्ञात होने पर सहायता राशि स्वीकृत की जाती है। मृत्यु की स्थिति में 15 हजार और गंभीर घायल होने की स्थिति में सात हजार पांच सौ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

## ब्रीफ न्यूज

### विराट कोहली दूसरे टेस्ट में कर सकते हैं ब्रैडमैन के एक रिकार्ड की बराबरी

**एडीलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली यहां 6 दिसंबर से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के 75 साल पहले बनाये गये 11 शतक के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं। ब्रैडमैन ने 1930 से 1948 के बीच इंग्लैंड में 19 मैचों में 11 शतक लगाए थे। ये किसी भी विदेशी बल्लेबाज की ओर से एक देश में सबसे ज्यादा बनाये गये अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकार्ड है। वहीं कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक 43 मैचों में 10 शतक लगाए हैं। ऐसे में उन्हें ब्रैडमैन की बराबरी के लिए एक और शतक की जरुरत है।

### एडीलेड में छठे नंबर पर उतरें रोहित : देवांग

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व चयनकर्ता देवांग गांधी ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में पारी शुरु करने की जगह पर नंबर 6 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। रोहित पर्थ में हुए पहले टेस्ट से बाहर थे। ऐसे में इस मैच में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पारी शुरु की थी। रोहित अब वह दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में वापसी कर रहे हैं पर अधिकतर लोगों का कहना है कि उन्हें पारी की शुरुआत न करते हुए मध्यक्रम में उतरना चाहिये। वह प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में भी रन नहीं बना पाये जिससे साफ है कि वह फार्म में नहीं हैं।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गुजरात के उर्विल ने एक सप्ताह में लगाया दूसरा शतक

**मुम्बई।** गुजरात के सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपन दूसरा शतक लगाया है। उर्विल ने उत्तराखंड के खिलाफ मुकाबले में ये शतक लगाया। इस युवा बल्लेबाज ने 36 गेंदों में शतक लगाकर गुजरात की टीम को केवल 13.1 ओवर में ही 8 विकेट से जीत दिला दी। उर्विल का एक सप्ताह के अंदर लगाया ये दूसरा शतक है। इस मैच में उर्विल ने केवल 41 गेंदों पर ही 115 रन बना दिये। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने 8 चौके और 11 छक्के लगाये थे। ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। उर्विल की इस पारी से ही उनकी टीम ने आसानी से मुकाबला जीत लिया।

### ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप पर करोड़ों की बोली लगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन टेस्ट कैप नीलामी में करोड़ों रुपये में बिकी है। इसी कैप को ब्रैडमैन ने भारत के खिलाफ 1947-48 की सीरीज की लगाया था। इस कैप पर 390,000 डॉलर करीब (2.14 करोड़ रुपए) में की बोली लगी। ये नीलामी शुल्क के बाद बढ़कर 479,700 डॉलर (2.63 करोड़ रुपए) पहुंच गई। यह कैप ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई एकमात्र बैगी ग्रीन झेने के कारण ऐतिहासिक मानी जाती है।

**पहले टेस्ट में भारत से 295 रनों से हारने के बाद मेजबान टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है**

# 6 दिसंबर से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से घबरायी हुई है ऑस्ट्रेलियाई टीमः गावस्कर

एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि पहले टेस्ट में मिली करारी हार के दबाव से अभी तक ऑस्ट्रेलियाई टीम उबर नहीं पायी है। इसी कारण एडीलेड में 6 दिसंबर से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम में घबराहट देखी गयी है। यही कारण है कि टीम में मतभेद तक उभर रहे हैं। इसी कारण तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर सवाल उठाये थे। पर्थ में पहले टेस्ट में भारत से 295 रनों से हारने के बाद मेजबान टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है। इसी कारण पूर्व खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे खिलाड़ियों को हटाने के लिए कहा है। गावस्कर ने कहा, हेजलवुड खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं पर ये हैरानी की बात है कि किसी ने भी हेज़लवुड को अनफिट नहीं देखा था। । उन्होंने पहले टेस्ट में बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की दूसरी पारी में उनके शानदार 161 रन के लिए सराहना की, और बताया कि कैसे उन्होंने पर्थ में छाने के लिए पहली पारी में आठ गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में अपने खेल से ऑस्ट्रेलिया को और अधिक मुश्किल में डाल दिया।

गावस्कर ने कहा, युवा यशस्वी जायसवाल ने दिखाया कि वह एक तेज सीखने वाला खिलाड़ी है, जो दूसरी पारी की शुरुआत में उसके बल्ले की ताकत से स्पष्ट था। वह दूसरे छोर पर केएल राहुल के मार्गदर्शन में जम गया जिससे मेजबान गेंदबाजों पर दबाव आ गया। वहीं विराट कोहली ने एक और शतक बनाने के लिए सलामी जोड़ी की दी गयी अच्छी शुरुआत का पूरा लाभ उठाया। गावस्कर ने ऑलराउंडर नितीश रेड्डी की पर्थ में तेज बल्लेबाजी के लिए प्रशंसा की। नितीश ने यहां 47 और नाबाद 38 रन बनाए, साथ ही एक विकेट भी लिया। गावस्कर ने कहा कि भारतीय पारी के दो शतक शानदार थे, जैसा कि 200 से अधिक की ओपनिंग साझेदारी थी, लेकिन सबसे प्रभावशाली पारी नितीश की थी। उन्होंने दिखाया कि क्या आवश्यक है, जिसने किसी को लगा नहीं कि वह पहला टेस्ट खेल रहे थे। पहली पारी में भी, उन्होंने रन बनाने के अवसरों का अच्छा लाभ उठाया। उनकी गेंदबाजी भी काम आई और उनका क्षेत्ररक्षण भी शानदार था। यह भविष्य के लिए एक और बेहतर खिलाड़ी है।उन्होंने कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह की उनके आठ विकेट के लिए प्रशंसा की, जिसने भारत को जीत की ओर अग्रसर किया।



# महिला क्रिकेट टीम आज पहले एक दिवसीय में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के इरादे से उतरेगी

**भारतीय टीम का प्रयास इस मैच को जीतकर अच्छी शुरआत करना रहेगा**

एजेंसी ■ ब्रिसबेन

भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार से यहां मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच में खेलेगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम का प्रयास इस मैच को जीतकर अच्छी शुरआत करना रहेगा। भारतीय टीम ने पिछले महीने ही न्यूजीलैंड को घरेलू एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हराया। भारतीय टीम का रिकार्ड हालांकि ऑस्ट्रेलिया में अच्छा हनीं रहा है और उसे की सोलह एकदिवसीय में से चार में ही जीत मिली है। वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अब अगले साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले अपने को अच्छे फार्म में लाना रहेगा। वहीं भारत की बल्लेबाजी अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत पर आधारित रहेगी। मंधाना ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक एकदिवसीय में शतक लगाकर भारत को जीत दिलाई। अब मंधान पर इस सीरीज में अच्छी शुरुआत की जिम्मेदारी रहेगी। भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी



जो कलाई की चोट के कारण बाहर हैं। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री पहली बार एदिवसीय मुकाबला खेंलेगी। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में कप्तान एलिसा हीली के बिना उतरेगी। हीली घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। हीली की जगह बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कप्तानी संभालेंगी। यह सीरीज आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 एकदिवसीय जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में भी जगह मिलेगी। ताहलिया ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। इस कारण उनके खिलाफ हर मुकाबला कठिन होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की भी टीम में वापसी हुई है जो परीक्षा के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। वहीं हरलीन देयोल, टिटास साधू और मिन्नू मनी भी टीम में शामिल हैं। अनुभवी गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद वापसी का मौका नहीं मिला है। दीप्ति शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 3.6 की इकॉनॉमी रेट से गेंदबाजी की और वह इसी प्रकार का प्रदर्शन इस मैच में भी करना चाहेंगी।

### इस प्रकार रहेगी टीमें

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधू, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकौर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलियाः** ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड पर जुर्माना



एजेंसी ■ नई दिल्ली

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और न्यूजीलैंड पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। इससे अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंकतालिका में इनके तीन अंक भी कम हुए हैं। वहीं आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा, मैच रेफरी के एलीट पैनल के प्रमुख डेविड बून ने दोनो ही टीमों को तय समय तक तीन-तीन ओवर कम करने के कारण प्रतिबंध लगाया है। गौरततब है कि खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके तय समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच फीसदी जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के नियम 16.11.2 के अनुसार, प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम को एक अंक का दंड दिया जाता है। ऑन-फील्ड अंपायर अहसान रजा और रॉड टकर, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अधिकारी किम कॉटन ने धीमी ओवर गति के आरोप लगाए थे।

इस मामले मे दोनों कप्तानों ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए इस मामले में आगे औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं पायी गयी। इंग्लैंड की टीम जहां विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की रेसे से बाहर हो गयी है। वहीं तीन अंक कम होना न्यूजीलैंड के लिए एक बड़ा झटका है, जो स्टैंडिंग में बराबर चौथे से पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। न्यूजीलैंड अब अंक प्रतिशत (पीसीटी) में 47.92 फीसदी पर है।

# मार्श के दूसरे टेस्ट में केवल बल्लेबाज के तौर पर उतरने की संभावना

एजेंसी ■ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श के भारतीय टीम के खिलाफ यहां 6 दिसंबर से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलने की उम्मीदें हैं हालांकि मार्श इस मैच में केवल बल्लेबाजी ही कर पायेंगे और गेंदबाजी शायद ही कर पायें। मार्श पहले टेस्ट मैच में चोटिल हो गये थे। इसके बाद से ही वह फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। मार्श अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने के बाद गत दिवस टीम से जुड़ गये। वह नेट्स में बल्लेबाज़ी करते दिखे। उन्होंने ट्रेनिंग में गेंदबाज़ी नहीं की लेकिन यह तेज़ गेंदबाज़ी के लिए आराम का दिन था, इसी कारण मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस भी गेंदबाजी से दूर



थे। ऑस्ट्रेलिया में प्रमुख ट्रेनिंग सत्र के बाद ही ये तय होगा कि मार्श गेंदबाजी कर पायेंगे या नहीं। इसी कारण अनकैप्ड तस्मानिया ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को मार्श के कवर के रूप में टीम के साथ शामिल किया गया है। ऐसे में मार्श विशेषज्ञ बल्लेबाज़ के तौर पर दूसरे टेस्ट में उतर सकते हैं। कप्तानी पैट कमिंस और कोच ऐंड्रयू मैक्डोनाल्ड का मानना है कि मार्श की टीम में जगह बनती हैं क्योंकि वह देश के शीर्ष छह टेस्ट बल्लेबाज़ों में से एक हैं। पिछले साल हेडिंग्ले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ वापसी पर उन्होंने शतक लगाया था और तब से वह ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं, जहां उन्होंने 41.06 की औसत से 657 रन बनाए हैं। केवल संन्यास ले चुके डेविड वॉर्नर और चोटिल कैमरन ग्रीन का औसत ही उनसे अधिक है। वहीं अगर मार्श खेलते हैं और गेंदबाज़ी नहीं करते हैं तो ऑस्ट्रेलिया को अपने पुराने संयोजन की ओर जाना होगा।



डुबलिन में महिला विश्वकप फुटबॉल क्वालीफायर में खेलती हुई खिलाड़ी।

**टी-20 मैच** | **10 दिसंबर से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही आगामी सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टी-20 टीम में शामिल किया गया**

# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे क्लासेन

एजेंसी ■ नई दिल्ली

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया और स्पिनर तबरेज शम्सी को 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार 10 दिसंबर से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही आगामी सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टी-20 टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ 3-1 से श्रृंखला हारने के बाद नए स्वरूप में आई दक्षिण अफ्रीका की टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन करेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि कप्तान एडेन मार्कराम, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा और ट्रिस्टन स्टब्स दो श्रृंखलाओं के बीच जल्दी बदलाव के कारण टी20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगे। सीएसए ने कहा कि वे अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वापसी करेंगे। ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे



को भी टीम में शामिल किया गया है, जो आयरलैंड के खिलाफ जुलाई 2021 में आखिरी बार खेलने के बाद टी20 सेट-अप में उनकी वापसी है। 33 वर्षीय लिंडे ने 14 टी20 कैप अर्जित किए हैं, और इस सीजन के सीएसए टी20 चैलेंज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें 178.12 की स्ट्राइक-रेट से 171 रन बनाए और 18.33 की औसत से नौ विकेट लिए। एनरिक नोर्किया और शम्सी की वापसी बहुत बड़ी बात है, क्योंकि उन्होंने केंद्रीय अनुबंध नहीं लिया था और दुनिया भर में विभिन्न फ्रैंचाइज़ी लीग खेल रहे हैं। 33 वर्षीय लिंडे ने 14 टी20 कैप अर्जित किए हैं, और इस सीज़न के सीएसए टी20 चैलेंज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें 178.12 की स्ट्राइक-रेट से 171 रन बनाए और 18.33 के औसत से नौ विकेट लिए। नॉर्टजे और शम्सी की वापसी बहुत बड़ी बात है, क्योंकि उन्होंने केंद्रीय अनुबंध नहीं लिया था और दुनिया भर में विभिन्न फ्रेंचाइजी लीग खेल रहे हैं।

सीएसए ने यह भी कहा कि गुयाना में चल रही ग्लोबल सुपर लीग में शम्सी की भागीदारी टी20 सीरीज के पहले मैच के लिए उनकी उपलब्धता को प्रभावित कर सकती है। जबकि, मैथ्यू ब्रीट्जके, क्वेना मफाका और रयान रिकेल्टन 5-9 दिसंबर को ग्वाटेमाला में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल होंगे। टी20 टीम 6-8 दिसंबर तक प्रिटोरिया के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दो दिवसीय शिविर के साथ तैयारी शुरू करेगी, उसके बाद डरबन जाएगी, जहां पहला मैच 10 दिसंबर को किंग्समीड स्टेडियम में होगा, उसके बाद 13 और 14 दिसंबर को सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में लगातार दो मैच खेले जाएंगे।

# सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव अच्छा रहाः रानी

एजेंसी ■ रोहतक

पिछले महीने माह ही हॉकी को अलविदा भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल आजकल जूनियर महिला टीम की कोच के तौर पर काम कर रही हैं। इसी को लेकर रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनकी परेशानियों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा,''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी हो सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।'' वह आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में भी काम करेगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने साल 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरहके दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने का प्रयास करुंगी।



